आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 155, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला 13
अमिताभ ने अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी 14

# खुद को हिंदू कहने वाले करते हैं हिंसा की बात

## धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर लोकसभा में हुआ भारी हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जोरदार हमले किए। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलने उठे राहुल गांधी की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी तीखी नोकझोंक हुई। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत हाथ में संविधान की कॉपी लेकर की, लेकिन बीच भाषण में ही उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए जो टिप्पणी की, उस पर सदन में हंगामा हो गया। राहुल ने कहा, खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा की बात करते हैं। राहुल गांधी ने जब भाजपा पर यह आरोप लगाया तो प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहा है।

दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को फिर से लोकसभा और राज्यसभा का सत्र शुरू हुआ तो केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर संगठित हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर सैनिक 'यूज एंड थ्रो' मजदूर बन गए हैं। राहुल ने भाजपा पर युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा करने का आरोप लगाया।

नीट-यूजी में अनियमितता का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने एक पेशेवर परीक्षा को व्यावसायिक परीक्षा में तब्दील कर दिया है। अब छात्रों को नीट की परीक्षा पर विश्वास नहीं रहा। राहुल गांधी ने भाषण के दौरान भगवान शंकर की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि मोदीजी ने अपने भाषण में एक दिन कहा था कि हिंदुस्तान ने कभी किसी पर हमला नहीं किया। इसका कारण है। हिंदुस्तान अहिंसा का देश है, यह डरता नहीं है। शिवजी कहते हैं- डरो मत, डराओ मत और त्रिशूल को जमीन में गाड़ देते हैं। दूसरी तरफ जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे 24 घंटे हिंसा-हिंसा..नफरत-नफरत करते हैं। आप हिंदू हो ही नहीं। राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना ठीक नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'नेता विपक्ष ने कहा है कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं, वो हिंसा करते हैं। इनको मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू कहते हैं, क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। उन्हें (राहुल) माफी मांगनी चाहिए।



### भगवान शिव की तस्वीर दिखाने पर अध्यक्ष ने रोका

राहुल ने अपने भाषण के दौरान भगवान शिव की तस्वीर दिखाई। स्पीकर ओम बिरला ने रोका और एक मिनट रुकने के लिए कहा। बिरला ने कहा कि आपने सवाल उठाया। आपके माननीय सदस्यगण 352 का नियम बता रहे थे। आपने कहा कि नियम प्रक्रिया से सदन चलना चाहिए। नियम में कोई भी प्लेकार्ड या तस्वीर नहीं दिखाया जा सकता। राहुल ने सवाल किया, ' 'क्या इस सदन में शिवजी की फोटो दिखाना मना है? अगर मैं कह रहा हूं कि मुझे इनसे प्रोटेक्शन मिली, लेकिन आप मुझे रोक रहे हैं। मैं इस तस्वीर को क्यों लाया, क्योंकि इस तस्वीर में आइडिया टू डिफेंड है। शिवजी के गले में सांप हैं, इसके पीछे का मकसद है किसी ने डरना नहीं चाहिए।

### प्रधानमंत्री-गृहमंत्री ने कहा-पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना आपत्तिजनक

#### राहुल ने भाजपा के बारे में बोला: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी कभी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते और उन्होंने सदन में भाजपा एवं उसके नेताओं के बारे में बोला है। प्रियंका, राहुल गांधी के भाषण को सुनने संसद भवन पहुंची थीं। प्रियंका ने कहा, मेरे भाई कभी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते।

#### हिंदुओं से माफी मांगें राहुल : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने निंदनीय बयान से भारत माता की आत्मा को लहूलुहान करने का कार्य किया है। इसके लिए उन्हें दुनियाभर में फैले करोड़ों हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए।

#### अग्निवीर पर गलतबयानी कर रहे राहुल : राजनाथ

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मोदी सरकार की अग्निवीर योजना पर भी तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि एक बारूदी सुरंग से एक अग्निवीर शहीद हुआ। मैं उसे शहीद कह रहा हूं, लेकिन भारत सरकार और नरेंद्र मोदी उसे शहीद नहीं कहते, उसे अग्निवीर कहते हैं, उसे पेंशन नहीं मिलेगी। उस घर को मुआवजा नहीं मिलेगा। शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। राहुल गांधी के भाषण के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गलतबयानी करके सदन को गुमराह करने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि युद्ध के दौरान या सीमा सुरक्षा के दौरान किसी अग्निवीर की मौत होती है तो उसके परिजन को एक करोड़ रुपये सहायता राशि दी जाती है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी खड़े होकर राहुल गांधी को सदन में झूठ न बोलने की नसीहत दी। कहा कि अगर ये अपने बयान का सत्यापन नहीं करते हैं तो उन्हें सदन, देश और अग्निवीरों से माफी मांगनी चाहिए।

### भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान

# जुलाई में सामान्य से अधिक होगी बारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश में जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल तरीके से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे देश में जुलाई की औसत बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है जो लंबी अवधि के औसत (एलपीए) 28.04 सेमी से 106 प्रतिशत अधिक रह सकती है।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि पश्चिमी तट को छोड़कर उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। मध्य भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और पश्चिमी तट पर सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है जबकि उत्तर-पश्चिम के कुछ हिस्सों और मध्य भारत के आस-पास के इलाकों और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का अनुमान है।

#### बादल फटने का नतीजा नहीं थी दिल्ली में बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पिछले हफ्ते दिल्ली में हुई भारी बारिश बादल फटने का नतीजा नहीं थी। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने 28 जून को सुबह 5 से 6 बजे के बीच 91 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की। इसी तरह, लोधी रोड मौसम केंद्र ने सुबह 5 बजे से 6 बजे तक 64 मिमी और सुबह 6 बजे से 7 बजे तक 89 मिमी बारिश दर्ज की। इन घटनाओं को बादल फटने की घटना नहीं कहा जा सकता।





# नीट-यूजी पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए ने संशोधित रैंक की सूची भी जारी की
- 1563 अभ्यर्थियों के लिए कराई गई थी परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए और संशोधित रैंक सूची जारी की। एनटीए ने पांच मई को आयोजित की गई परीक्षा में छह केंद्रों पर देरी से परीक्षा शुरू होने के कारण समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,563 परीक्षार्थियों को कृपांक दिए थे। इन्हीं परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद यह संशोधित परिणाम जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 23 जून को सात केंद्रों पर आयोजित की गई पुनः परीक्षा में 1,563 परीक्षार्थियों में से 48 प्रतिशत उपस्थित नहीं हुए थे। एनटीए के अधिकारियों ने बताया कि 1,563 परीक्षार्थियों में से 813 ने दोबारा परीक्षा दी जबकि अन्य ने कृपांक छोड़ने का विकल्प चुना। चंडीगढ़ केंद्र में सिर्फ दो अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी वहां एक भी परीक्षार्थी उपस्थित नहीं हुआ।

# प्राथमिकी दर्ज होने पर अब तीन साल के भीतर न्याय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 'इंडियन एविडेंस एक्ट' की जगह ली है। इसके साथ ही न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव की शुरूआत हो गई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय मिलेगा। शाह ने उम्मीद जताई कि भविष्य में अपराधों में कमी आएगी और नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होने की संभावना है।

### नए आपराधिक कानून लागू



- गृहमंत्री शाह ने कहा-अब दंड की जगह न्याय प्रदान करने को मिलेगी प्राथमिकता

गृहमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिल सकता है। तीनों आपराधिक कानूनों के लागू होने से भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। उन्होंने कहा कि नए कानून, आधुनिक न्याय प्रणाली को स्थापित करते हैं जिनमें 'जीरो एफआईआर', शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे तरीकों से समन और अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी शामिल हैं। शाह ने बताया कि नए कानून के तहत पहला मामला ग्वालियर में रविवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया।

### नए कानून के तहत अमरोहा में दर्ज हुई पहली एफआईआर

- डीजीपी ने कहा पुलिस ने कर रखी थीं पहले से तैयारियां

**लखनऊ/अमरोहा।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि बिना किसी दिक्कत के प्रदेश के सभी थानों में नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। पहली रिपोर्ट अमरोहा, दूसरी आगरा और तीसरी रिपोर्ट बरेली में दर्ज की गईं। शाम आठ बजे तक 255 एफआईआर और 28 एनसीआर पंजीकृत की गईं। डीजीपी ने बताया कि तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पहले से ही पुलिस ने व्यापक तैयारियां कर रखी थीं। अमरोहा संवाददाता के अनुसार जिले के रहरा थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत सुबह 9 :51 बजे एफआईआर दर्ज की गई है। सोमवार सुबह गांव ढकिया खादर निवासी संजय सिंह के पिता जगपाल उर्फ मंगला धान की पौध लगाने गए थे। उनके पड़ोसी राजवीर ने खेत के चारों ओर बिजली के तार लगा रखे हैं। करंट लगने से जगपाल की मौत हो गई। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मामले में मृतक जगपाल उर्फ मंगला के बेटे संजय सिंह की तहरीर पर राजवीर उर्फ रज्जु और भूप सिंह उर्फ भोलू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## एक नजर

### एशियन प्राइज फॉर फिक्शन की सूची में दो भारतीयों के नाम

**नई दिल्ली।** दो भारतीय लेखकों और एक भारतीय मूल के लेखक की पुस्तकें 'एशियन प्राइज फॉर फिक्शन' की चयन सूची में शामिल हुई हैं। यह पुरस्कार वैश्विक साहित्यिक परिदृश्य को आकार देने वाली विविध आवाजों का सम्मान करता है। अरेफा तहसीन की 'विच इन द पीपल ट्री', मृणालिनी हरचंदराय की 'रेस्क्यूइंग अ रिवर ब्रिज' और नेपाली-भारतीय लेखिका स्मृति रवींद्र की 'वूमन हू क्लाइंब्ड ट्रीज' के अलावा इस श्रेणी में संक्षिप्त सूची में शामिल तीन अन्य किताबों में नाइजीरियाई लेखक अयोबामी अदेबायो की 'स्पेल ऑफ गुड थिंग्स', पाकिस्तान की सफीना दानिश इलाही की द आइडल स्टांस ऑफ द टिपलर पिजन और श्रीलंकाई-अमेरिकी लेखक वी.वी. गणेशनाथन की ब्रदरलेस नाइट्स शामिल हैं।

### सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए गए। यह परीक्षा 16 जून को आयोजित की गई थी। यूपीएससी ने कहा कि परीक्षा के अंक, कट ऑफ अंक व उत्तर कुंजी सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

# 24 जिले अतिसंवेदनशील, सुरक्षा को सतर्क रहें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बाढ़ की नजर से 24 अति संवेदनशील और 16 संवेदनशील जिलों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनधन की सुरक्षा के इंतजाम समय रहते कर लेने की हिदायत अफसरों को दी है।

मौसम विभाग के अनुमानों का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने सतर्क किया कि इस साल पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जिलों में सतर्कता बनाए रखें। उन्होंने कहा, आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूर्वानुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर हुई एक बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के मद्देनजर जारी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की नजर से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। इस साल भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।



- मुख्यमंत्री ने की बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा
- जलशक्ति मंत्री व दोनों राज्यमंत्री फील्ड में करें व्यवस्था का निरीक्षण

#### बाढ़ की नजर से संवेदनशील जिले

बाढ़ की नजर से 24 जिले अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। जिसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील हैं।

#### पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लें

मुख्यमंत्री ने कहा है कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध हो। जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें।

## सीबीआई की गिरफ्तारी को कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी और विशेष अदालत के केंद्रीय जांच एजेंसी को उन्हें हिरासत में देने के आदेश के साथ ही गिरफ्तारी को उचित बताने की टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल बंद केजरीवाल को 26 जून को औपचारिक तौर पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।



# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ 30 रुपये सस्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- विमान ईंधन की कीमतों में 1.2% की हुई बढ़ोत्तरी





अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतों के अनुरूप विमान ईंधन की दर में सोमवार को 1.2% की वृद्धि हुई। हालांकि, वाणिज्यिक एलपीजी (19 किग्रा) सिलेंडर की कीमत में 30 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है।

दिल्ली में विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,179.37 रुपये प्रति किलोलीटर या 1.2% बढ़कर 96,148.38 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। एक जून को एटीएफ की दर में 6.5% (6,673.87 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती हुई थी। मुंबई में एटीएफ की कीमत 88,834.27 रुपये से बढ़ाकर 89,908.30 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत 30 रुपये कमकर 1,646 रुपये प्रति सिलेंडर की है। कीमतों में लगातार चौथी बार कटौती की गई है। इससे पहले एक जून को 69 रुपये कम किए गए थे। एक मई को 19 और एक अप्रैल को 30.5 रुपये प्रति सिलेंडर कम किए गए थे।

## मेधा पाटकर को पांच माह की जेल, 10 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को 23 साल पुराने मानहानि के मामले में सोमवार को पांच महीने जेल की सजा सुनाई। यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दायर किया था जब वह गुजरात के अहमदाबाद में एनजीओ (काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज) के प्रमुख थे। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने पाटकर को आदेश के खिलाफ अपील करने का मौका देते हुए सजा को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया। 24 मई को कोर्ट ने कहा था कि सक्सेना को कायर कहना और हवाला में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाने संबंधी पाटकर का बयान न केवल अपने आप में मानहानि के समान है, बल्कि इसे नकारात्मक धारणा को उकसाने के लिए गढ़ा गया था। साथ ही यह आरोप शिकायतकर्ता की ईमानदारी और सेवा पर हमला है।



- मानहानि के मामले में दिल्ली की कोर्ट ने सुनाई सजा

### पहली बार

### सूर्य के बेहद करीब पहुंचने की कवायद, नासा का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को देगा अंजाम

# इंसान अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचने को तैयार

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** इंसान सूर्य के बेहद करीब पहुंचने का इतिहास रचने जा रहा है। अमेरिका के नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को अंजाम देने जा रहा है। पार्कर व सूर्य के बीच दूरी 5.3 मिलियन मील रह जाएगी।

यह पहली बार होने जा रहा है, जब कोई मानव निर्मित उपग्रह सूर्य के इतने करीब पहुंचेगा। पृथ्वी व सूर्य के बीच दूरी 15 करोड़ किलोमीटर है और हम जैसे-जैसे सूर्य के करीब पहुचेंगे, पिघला देने वाला तापमान बढ़ता चला जाएगा। जिस कारण सूर्य के करीब पहुंचना बड़ी चुनौती है। जिसे पार करना दुस्साहस भरा कदम है और पार्कर इस चुनौती को फतह करने जा रहा है। पार्कर का सफर यहीं थमने वाला नहीं है, वह दिसंबर में सूर्य के नजदीक पहुंचने का एक और कीर्तिमान बनाएगा। तब वह सूर्य के इतने करीब पहुंच चुका होगा कि वह लगभग सूर्य को स्पर्श कर चुका होगा और इनके बीच की दूरी सिर्फ 4 मिलियन मील रह जाएगी। यह दूरी इस प्रोब को बुरी तरह झुलसा देने वाली होगी। नासा का कहना है कि अंतिम पेरिहेलियन पर पार्कर सोलर प्रोब सूर्य को स्पर्श करेगा। सूर्य की परिक्रमा करते समय पेरिहेलियन निकटतम दृष्टिकोण का बिंदु है। पार्कर ने अपने पेरिहेलियन के समीप पहुंचने के दौरान करीब और करीब आने के मिशन के दौरान वृद्धिशील कदम उठाए हैं। इसमें 26 नियोजित पेरिहेलियन हैं। पार्कर 800,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्रा कर रहा है। इस अंतरिक्ष यान ने लंबे समय से सूर्य के सबसे करीब पहुंचने और सबसे तेज़ मानव निर्मित वस्तु के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस मिशन का सपना पहली बार 1958 में देखा गया था, जब यूजीन पार्कर ने सौर हवा के अस्तित्व की भविष्यवाणी की थी। 60 साल बाद अगस्त 2018 में यह सपना आखिरकार साकार हुआ। इस मिशन का अंतिम लक्ष्य मात्र छह महीने दूर रह गया है।



#### छह वर्ष में कई रहस्य किए उजागर

अंतरिक्ष मिशन पार्कर छह वर्षों में सूर्य के अनेक रहस्य उजागर करने में कामयाब रहा है। मिशन के डेटा ने सूर्य के बारे में हमारी समझ, सौर मंडल, अंतरिक्ष मौसम और ब्रह्मांड के अन्य सितारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई है, जो नासा ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी वैज्ञानिकों व खगोल विज्ञानजगत के लिए बेहद उपयोगी हैं।

## एनआईए ने दी रशीद को सांसद के तौर पर शपथ लेने की सहमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2019 से तिहाड़ जेल में बंद कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद को 5 जुलाई को सांसद के तौर पर शपथ लेने के लिए सोमवार को विशेष अदालत के समक्ष अपनी सहमति दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह इस पर मंगलवार को आदेश पारित करेंगे। एनआईए के वकील ने कहा कि रशीद को कुछ शर्तों के साथ शपथ लेने की मंजूरी दी जानी चाहिए जैसे कि वह मीडिया से बात न करें। बारामूला से निर्दलीय सांसद रशीद को जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के वित्त पोषण के मामले में 2017 में गिरफ्तार किया गया था। राशीद ने शपथ लेने के लिए अंतरिम जमानत के लिए कोर्ट का रुख किया था। यहां विशेष अदालत ने 22 जून को मामले पर सुनवाई रद कर दी थी और एनआईए से जवाब मांगा था।



- तिहाड़ जेल में बंद है कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद

## एक नजर

### तीन सौ से ज्यादा सहायक अभियंताओं के पद खाली

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों में तीन सौ से ज्यादा सहायक अभियंताओं के पद खाली हैं। विद्युत सेवा आयोग इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं कर रहा है। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को पत्र लिखकर भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है।

### राज्यपाल ने की दो विवि के नैक के लिए समीक्षा

**अमृत विचार,लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन में उप्र पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय व गो अनुसंधान संस्थान मथुरा और डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के नैक के लिए तैयारियों की प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की।

### नवतीन शर्मा को एलडीए में मुख्य अभियंता का चार्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए में मुख्य अभियंता एके सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद चार्ज अधिशासी अभियंता नवतीन शर्मा को दिया गया है। सोमवार को उन्होंने प्रभारी के तौर पर कामकाज ग्रहण किया। और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करके योजनाओं और शहर के विकास कार्यों पर बात की।

# सही बिजली बिल न देने पर होगी कार्रवाई

## कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने दिये निर्देश, गाजियाबाद के मुख्य अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बिलिंग एजेंसियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को सही मीटर रीडिंग का बिल उपलब्ध कराएं। लक्ष्य पूरा न होने पर एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष सोमवार को शक्ति भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिलिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। अध्यक्ष ने गाजियाबाद में बिलिंग व्यवस्था सही न पाये जाने पर मुख्य अभियंता-प्रथम को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिया।

उन्होंने गाजियाबाद, नोएडा व मुजफ्फरनगर में बिलिंग को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहा कि कई जिलों में उपभोक्ताओं को ऐसे बिल दिये गये हैं, जिसमें बिल का विवरण स्पष्ट नहीं है। ऐसे स्थानों पर तत्काल प्रिंटर बदलकर उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल देना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि हर हाल में उपभोक्ताओं को समय से सही रीडिंग का बिल उपलब्ध कराया जाय। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, वितरण निगमों के निदेशक (वाणिज्य) व अन्य अधिकारी शामिल रहे।



समीक्षा बैठक के दौरान पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल। अमृत विचार

▸▸ उपभोक्ताओं को समय से सही रीडिंग का बिल हो उपलब्ध

### अनपरा सी समेत चार इकाइयां ठप, बिजली संकट जारी

**अमृत विचार,लखनऊ :** ओबरा की एक इकाई को छोड़कर उत्पादन बिजलीघरों में पहले से बंद चल रही सभी इकाइयां चालू हो गईं, पर सोमवार को अनपरा सी समेत चार इकाइयां ठप हो गईं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में फिर बिजली संकट की स्थिति बन गई। दूसरी ओर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली की किल्लत बनी रही। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट और हरदुआगंज की 105 मेगावाट व 250 मेगावाट की दो इकाइयां ठप हो गईं जबकि पहले से बंद चल रहीं ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। इससे राज्य के उत्पादन बिजलीघरों में करीब 1700 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली आपूर्ति चालू की गई। प्रदेश में सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग 25,669 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 17,899 मेगावाट रही। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों ठप हुई इकाइयों को चालू कर लिया गया है। अगले दो-तीन दिनों में इन इकाइयों को चालू कर लिये जाने की संभावना है।

### दो निदेशक समेत कई मुख्य अभियंता सेवानिवृत्त

ऊर्जा निगमों में दो निदेशकों समेत कई मुख्य अभियंता सेवानिवृत्त हो गये। खाली पड़े निदेशकों के पदों पर जल्द चयन प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य अमित श्रीवास्तव व मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक तकनीकी अजय कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं। मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारियों में चंद्रवीर सिह गौतम, अमरेंदु, सुनील कपूर, पीयूष गर्ग आदि शामिल हैं।

## फर्जी रिपोर्ट लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार,लखनऊ:** इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम (आईजीआरएस) में दर्ज शिकायतों पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत बंद करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्य सचिव कार्यालय रोजाना पांच शिकायतों का रेंडम आधार पर परीक्षण करेगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को अफसरों को यह निर्देश दिये। मुख्य सचिव सोमवार को लोक भवन में आईजीआरएस की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि आम लोगों की शिकायतों व समस्याओं के त्वरित, आसान और पारदर्शी निस्तारण के लिए आईजीआरएस बहुत अच्छा सिस्टम है। उन्होंने कहा कि आम लोगों से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित व निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराया जाय। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता व शिकायतकर्ता की संतुष्टि का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय से पांच शिकायतों का रेंडम आधार पर परीक्षण किया जायगा व आवश्यकता पड़ने पर मौके पर सक्षम अधिकारी को भेजकर सत्यापन कराया जाएगा।

# उप्र. और अयोध्या को बदनाम करने की साजिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** संसद में अयोध्या में विस्थापितों को दिये गये मुआवजे को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा पलटवार किया है। योगी ने कहा कि राहुल का बयान उप्र. और अयोध्या को बदनाम करने के लिए दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान विस्थापित हुए लोगों को 1733 करोड़ रुपए की धनराशि मुआवजे के तौर पर प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सोमवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

इस बीच मुख्यमंत्री सूचना परिसर से अयोध्या में बांटे गए मुआवजे की विस्तृत जानकारी साझा की है। इस क्रम में अयोध्या एयरपोर्ट के लिए 952.39 करोड़, अयोध्या बाईपास (रिंग रोड) के लिए 295 करोड़, राम जन्मभूमि पथ में 14.12 करोड़, भक्ति पथ में 23.66 करोड़, रामपथ में 114.69 करोड़, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 29 करोड़, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 119.20 करोड़, रुदौली-रोजागांव रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे दोहरीकरण के निर्माण के लिए 35.03 लाख, एनएच 330ए के निर्माण के लिए 163.90 करोड़, एनएच 227बी के पैकेज 3 के अंतर्गत 21.09 करोड़ रुपये समेत अबतक कुल 21,548 व्यक्तियों, विस्थापितों को मुआवजा दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त दुकानों का सौंदर्यीकरण कराया गया।



▸▸ अयोध्या में मुआवजे को लेकर राहुल गांधी के बयान पर मुख्यमंत्री का पलटवार

# पीडीए सबको जोड़ता है: अखिलेश



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर नृत्य करते किन्नर समुदाय के लोग। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ हवन पूजन, वृक्षारोपण व लैपटॉप वितरित कर मनाया गया अखिलेश का जन्मदिन

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव का सोमवार को 51वां जन्मदिन मनाया गया। पार्टी कार्यालय के अंदर ही नहीं, राजधानी समेत विभिन्न जिलों व अन्य प्रांतों में कहीं केक काटा गया तो कहीं हवन पूजन कर दीर्घायु होने की कामना की गई। साथ ही पार्टी कार्यालय में किसी ने उन्हें मुकुट पहनाया तो किसी ने बुके, पौधे तथा अन्य स्मृतिचिह्न भेंटकर अखिलेश यादव को बधाई दी।

बधाई देने पहुंचे पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का अभार जताते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए सबको जोड़ता है। भाजपा की नफरती राजनीति को रोकने का काम सपा ने लोकसभा चुनाव में किया है। सपा ने देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर नेताजी का सपना पूरा किया है। यह आरएसएस की लगने वाली शाखाओं का जवाब है। उन्होंने कहा कि पीडीए की संविधान और लोकतंत्र बचाने की यह लड़ाई अभी जारी रहेगी।

इस अवसर पर समाजवादी किन्नर सभा की अध्यक्ष पायल सिंह ने अखिलेश यादव की आरती उतारी और दीर्घायु होने की कामना की। चित्रकूट के विधायक अनिल प्रधान ने नेताजी की प्रतिमा भेंट की। सुनील सिंह साजन ने बरगद का वृक्ष और जानकी पाल ने पौधा भेंट किया। इस अवसर पर वृक्षारोपण के साथ मिष्ठान्न, फल, गरीबों को अन्नदान, भंडारे आदि के आयोजन किये गये। अस्पतालों में फल, बाटे गये।

### 100 बच्चों को दिया लेपटॉप

सपा कार्यालय के बाहर भंडारे की शुरुआत राजेन्द्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने किया। संतोष पाण्डेय ने केक काटकर और मिष्ठान वितरण कर पार्टी अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया। समाजवादी महिला सभा की जूही सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर 100 बच्चों को लैपटॉप और टैबलेट का वितरित किए। साथ ही पीडीए पेड बरगद, पीपल, नीम लगाकर पांच गांवों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संसाधन उपलब्ध कराने के साथ पुरस्कार भी दिया गया।

## विद्यालयों से जुड़ी योजनाओं की होगी समीक्षा

**अमृत विचार,लखनऊ:** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में मिलने वाली सरकारी सुविधाओं को लेकर अभी तक हुई प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

ये समीक्षा बैठक 5 जुलाई से तीन चरणों में होगी। पहले चरण में 5 जुलाई को इस बारे में पहले चरण में अलीगढ़, अम्बेडकरनगर, औरेया, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, भदोही, चन्दौली, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गजियाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, हापुड़, हाथरस, जालौन, जौनपुर, झांसी, अमरोहा लखनऊ जनपद की समीक्षा होगी। वहीं दूसरे चरण में 8 जुलाई को कानपुर देहात, कानपुर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रायबरेली, सहारनपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, उन्नाव, वाराणसी, बागपत, शामली, कासगंज, इटावा, एटा, कन्नौज व शाहजहांपुर की समीक्षा होगी। वहीं तीसरे चरण में 10 जुलाई को कौशाम्बी, रामपुर, सम्भल, ललितपुर, अमेठी, अयोध्या, आगरा, प्रतापगढ़, बिजनौर, सुल्तानपुर, देवरिया, सोनभद्र, बुलन्दशहर, गोरखपुर, बाराबंकी, बरेली, बदायूं, गोण्डा, हरदोई, प्रयागराज, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बस्ती, सन्तकबीरनगर, व पीलीभीत की समीक्षा की जायेगी।

# एमएसएमई को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता: सचान

## आईआईए का नया सत्र शुरू, 180 पदाधिकारियों ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश सरकार (माइक्रो, स्माल, मीडियम इंटरप्राइजेज) एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। यह सरकार की उच्च प्राथमिकता में से एक है। कृषि क्षेत्र के बाद एमएसएमई ही ऐसा सेक्टर जो सर्वाधिक रोजगार प्रदान करता है। ऐसे में रोजगार सृजित करने वाले इस सेक्टर पर सरकार खास ध्यान रख रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों का शोषण किसी भी हालत में न होने पाए, इस पर सरकार गंभीर है। वे सोमवार को आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) की ओर से आयोजित गोमतीनगर विभूतिखंड स्थित संगठन के भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान एसोसिएशन के नवनियुक्त वर्ष 2024-25 के पदाधिकारियों ने शपथ भी ली। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं दिल्ली प्रदेश के आईआईए पदाधिकारियों ने शपथ ली।

एमएसएमई मंत्री ने कहा कि उद्योगों के विकास में आईआईए की अहम भूमिका है। प्रमुख सचिव आलोक कुमार से मांग पत्र को लेकर वार्ता की जाएगी। राज्य की सभी 90 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकृत कराया जा रहा है। ''प्लेज स्कीम'' को लेकर उठाई गई कुछ दिक्कतों पर उन्होंने कहा कि 12 मीटर लिंक रोड को लेकर हुई समस्या पर सरकार गंभीर है।

**पदाधिकारियों ने ली शपथ** :उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं दिल्ली से 180 नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पद की शपथ ली। इसी के साथ आईआईए के वर्ष 2024-25 के नए सत्र का शुभारंभ 1 जुलाई से हो गया है। समारोह में आईआईए महासचिव आलोक अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, आईआईए महिला चैप्टर की चेयरपर्सन आनंदी अग्रवाल, लखनऊ चैप्टर के चेयरमैन विकास खन्ना, लखनऊ डिवीजनल के चेयरमैन राजीव बंसल, अयोध्या डिवीजन के चेयरमैन प्रमीत सिंह, नेशनल वाइस प्रेसिडेंट चेतन भल्ला आदि की मौजूदगी रही।

**औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड कराने की मांग** :एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि आईआईए अपने मिशन ''ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टू वर्ड इंडस्ट्री'' 4.0 और 48 को आगे बढ़ाते हुए एमएसएमई को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यही नहीं प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड कराने की मांग को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। जिससे उद्योग प्रदेश में बिना किसी बाधा के रफ्तार पकड़ सके।



आईआईए पदाधिकारियों को शपथ दिलाते एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

### अध्यक्ष ने लक्ष्य तय किए, कहा आगे बढ़ेंगे

- आईआईए की गतिविधियों एवं चैप्टर का विस्तार देश के कम से कम 11 राज्यों में किया जायेगा जिससे आईआईए कि सदस्यता को 20,000 तक लाया जाए।
- माह दिसम्बर 2024 और जनवरी 2025 में देश के एमएसएमई उत्पादों की प्रदर्शनी ''बिल्ड भारत एक्सपो'' का आयोजन दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उत्पादों को शामिल कर किया जायेगा।
- एमएसएमई के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आईआईए के एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन सेंटर को सुदृढ़ किया जायेगा।
- राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा।
- देश की कम से कम 20 राज्य स्तरीय एमएसएमई संगठनों के साथ मिलकर सेक्टर के उत्थान के लिये ए-20 फोरम के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

# वरिष्ठ चिकित्सकों से लेकर बेसिक हेल्थ वर्कर के देर रात तक हुए तबादले

## अनुरोध को दी प्राथमिकता, पारस्परिक स्थानांतरण भी किए गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 185 डॉक्टरों और 322 फार्मासिस्टों के हुए स्थानांतरण

▸▸ बेसिक हेल्थ वर्कर को भी मिली मनचाही तैनाती

**अमृत विचार:** मनमुताबिक तबादला अवधि के आखिरी दिन रविवार को स्वास्थ्य विभाग में भी ग्रेड वन के डॉक्टर से लेकर विशेषज्ञ डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ के भी ट्रांसफर की सूचियां जारी होती रहीं। डॉक्टरों में 185 तो फार्मासिस्टों में 322 के तबादले हुए हैं। वहीं हेल्थ एजुकेशन ऑफिसर (एचईओ) के साथ ही बेसिक हेल्थ वर्कर को भी अनुरोध पर मनचाही तैनाती मिली है।

स्वास्थ्य विभाग में 26 वरिष्ठ चिकित्सकों के स्थानान्तरण सूची के साथ ही 10 विशेषज्ञ डॉक्टरों को जरूरत के आधार पर विभिन्न अस्पतालों में तैनात किया गया है, इनमें सर्जन डॉ. राजकुमार को बदायूं जिला अस्पताल में, आर्थोपैडिक डॉ.शुशांतों भौमिक को ट्रामा सेंटर जानकीपुरम में, पैथोलॉजिस्ट डा.शौकत अली को आजमगढ़, ईएनटी विशेषज्ञ आनन्द कुमार जायसवाल को प्रयागराज में ही मोतीलाल नेहरू अस्पताल में, पैथेलॉजिस्ट डॉ.धर्मेन्द्र सिंह को संतकबीर नगर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अरविंद कुमार को सुल्तानपुर से गोंडा भेजा गया, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के डॉ.अनुपम कुमार को लखनऊ में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल, बालरोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद को वाराणसी और डॉ.सचिन कुमार को मेरठ से बाराबंकी सीएमओ के अधीन तैनात किया गया है।

इसके अलावा विभिन्न विशेषज्ञता के 11 डॉक्टरों को मऊ में नवनिर्मित 100 बेडेड हास्पिटल में तैनाती दी गई। डेढ़ दर्जन डॉक्टरों को अनुरोध में दूसरे जिले में सीएमओ के अधीन तैनाती दी गई और ग्रेड वन के पांच चिकित्सकों को मनचाहे अस्पताल में तैनात करते हुए आदेश स्वास्थ्य महानिदेशक ने जारी किया है। इतना ही नहीं, ग्रेड टू व थ्री के 21 डॉक्टरों को मनचाही तैनाती मिली है।

### निदेशक प्रशासन बने शिव सहाय अवस्थी

स्थानान्तरण सत्र में स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रशासन डॉ. राजागणपति के जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर बनाए जाने के बाद, सोमवार को उनके स्थान पर विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। यह निर्देश प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जारी किया है।

### टेक्नीशियन की भी सूची जारी

स्वास्थ्य विभाग में 38 एक्स-रे टेक्नीशियनों के तबादलों की सूची जारी हुई हैं, सूची में दो एक्स-रे टेक्नीशियनों को अदला-बदली में नवीन तैनाती दी गई है। वहीं विभिन्न जिलों के अस्पतालों में कार्यरत 115 लैब टेक्नीशियनों को अनुरोध पर नवीन तैनाती मिली हैं। तबादलों में पहली सूची में 93 और दूसरी में सात के साथ ही चार लैब टेक्नीशियन के पारस्परिक तबादले किए गए। वहीं 11 सीनियर लैब टेक्नीशियनों को भी नवीन तैनाती देते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने आदेश जारी किया है।

### पैरामेडिकल को मिला लाभ

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने राजकीय नेत्र परीक्षण अधिकारी संवर्ग के 45 और प्रयोगशाला सहायक के 36 कर्मियों के स्थानान्तरण सूची जारी की है। निदेशक दंत डॉ.राघवेन्द्र कुमार मिश्र ने 66 डेंटल हाईजेनिस्ट के तबादलों की सूची रविवार देर रात जारी की, उन्होंने बताया कि अधिकांश को अनुरोध पर तैनाती मिली है। वहीं मातृ एवं शिशु कल्याण के संयुक्त निदेशक ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और बेसिक हेल्थ वर्करों के भी अनुरोध को तरजीह देते हुए 34 नाम की स्थानान्तरण सूची जारी की है। इसके अलावा 22 डार्क रूम सहायकों को भी नवीन तैनाती मिली है।

### फार्मासिस्ट भी हुए लाभान्वित

स्वास्थ्य विभाग में सबसे ज्यादा 472 तबादले फार्मासिस्ट संवर्ग में हुए हैं, पहली सूची में 287 और दूसरी में 26 अन्य फार्मासिस्टों को नवीन तैनाती दी गई। इसके अलावा नौ फार्मासिस्टों को पारस्परिक स्थानान्तरण का लाभ मिला है। वहीं चीफ फार्मासिस्ट पद पाए 159 फार्मासिस्टों को भी पद के अनुसार नवीन तैनाती मिल गई।

### एचईओ को मिला दूसरे जिले का लाभ

संगठन के दबाव और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (एचईओ) के निजी अनुरोध को ध्यान में रखते हुए 17 एचईओ को दूसरे जिले में स्थानान्तरित कर दिया गया है। संयुक्त निदेशक अशवनी कुमार ने देर रात पहली सूची में आठ एचईओ और दूसरी सूची में नौ एचईओ को शामिल करते हुए आदेश जारी किया।

### नर्सिंग संवर्ग में भी जारी हुई सूची

निदेशक नर्सिंग डॉ.अनीता शर्मा ने 150 नर्सेस के नाम की स्थानान्तरण सूची जारी की, सूची में उपचारिका, सिस्टर और स्टाफ नर्स शामिल हैं।

### मेडिकल कॉलेजों में भेजे गये 25 शिक्षक

**अमृत विचार :** प्रदेश के राजकीय और नए मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को पूरी करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्थानान्तरण सत्र में 25 शिक्षकों के तबादले किए हैं। स्थानान्तरण के तहत सहारनपुर मेडिकल कॉलेजो के शिक्षकों को दूसरे मेडिकल कॉलेजों में भेज दिया गया, जबकि वहां पर एक भी शिक्षक को नहीं भेजा गया। वहीं सबसे ज्यादा झांसी मेडिकल कॉलेज को पांच शिक्षक मिले, मेरठ मेडिकल कॉलेज को चार, आगरा मेडिकल कॉलेज को भी चार, कानपुर मेडिकल कॉलेज में तीन और कानपुर के राजकीय मेडिकल कालेज में एक, प्रयागराज में एक, कन्नौज, अंबेडकर नगर, बदायूं, जालौन, आजमगढ़ और गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में शिक्षकों को भेजा गया।

# प्रदीप बने लखनऊ के एआरटीओ प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिवहन विभाग में कई आरटीओ और एआरटीओ के हुए ताबदले

**अमृत विचार:** परिवहन विभाग ने तबादला नीति के तहत कई प्रदेश भर के कई आरटीओ, एआरटीओ सहित बाबुओं को इधर-उधर किया गया है।

इसी कड़ी में लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में तैनात प्रभारी आरटीओ (प्रशासन) उदयवीर सिंह को मिर्जापुर का आरटीओ प्रशासनके पद पर तैनात किया गया है। इनके स्थान पर मिर्जापुर में तैनात रहे आरटीओ (प्रशासन) संजय कुमार तिवारी को लखनऊ का आरटीओ प्रशसान पद की जिम्मेदारी दी गई है। लखनऊ के एआरटीओ (प्रशासन) अखिलेश कुमार द्विवेदी को लखीमपुर-खीरी में एआरटीओ प्रशासन के पद पर तैनात किया गया है।

मथुरा में तैनात रहे एआरटीओ (प्रशासन) प्रदीप कुमार सिंह को लखनऊ के एआरटीओ प्रशासन के पद पर तैनाती मिली है। लखनऊ में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन अमित राजन राय को गाजियाबाद एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल में भेजा गया है। यात्रीकर अधिकारी एसपी देव को लखनऊ में तैनाती दी गई है। ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में तैनात रहे चार बाबुओं का भी तबादला कर दिया गया है। सात कर्मचारियों को अन्य क्षेत्रों से लखनऊ में भेजा गया है।

इनमें केके दूबे, गजेंद्र सिंह, सतेंद्र प्रताप राव, उदय प्रताप सिंह, मनन हर्ष, शोभित मिश्रा लखनऊ में तैनात किया गया है। इसके अलावा ट्रांसगोमती कार्यालय में पवन त्रिपाठी और ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में प्रधान सहायक श्रीप्रकाश मालवीय की अयोध्या से वापसी हुई है।

## टेंडर प्रक्रिया को लेकर पर्यटन मंत्री हुए नाराज

**अमृत विचार, लखनऊः** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अवध केसरी राणा बेनी माधव बक्श सिंह की स्मृति में रायबरेली सभागार संरचना के द्वतीय चरण के निर्माण कार्य के लिए प्रस्तावित टेण्डर की कार्रवाई न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेण्डर की प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए थी।

पर्यटन मंत्री सोमवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा की उन्होंने कहा कि निर्देशों के अनुपालन में लापरवाही बरतने पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जायेगी।

# आवास विकास में संपत्ति प्रबंधकों की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मुकेश पाल देखेंगे लखनऊ में आम्रपाली व राजाजीपुरम योजना

**अमृत विचार :** उप्र आवास एवं विकास परिषद ने प्रदेश में संपत्ति प्रबंधकों के कार्यों में फेरबदल किया है। इसमें लखनऊ में आमृपाली व राजाजीपुरम योजना संपत्ति प्रबंधक मुकेश पाल देखेंगे।

आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने प्रदेश में संपत्ति प्रबंधकों की तैनाती की है। इनमें मुख्यालय के कुछ प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं। सोमवार को जारी आदेश में प्रशासनिक अधिकारी मुकेश पाल संपत्ति प्रबंध कार्यालय आम्रपाली व राजाजीपुरम लखनऊ की योजना देखेंगे। जो पट्टा, विलेख, किराया, विक्रय आदि कराएंगे। अब तक आम्रपाली व राजाजीपुरम् योजना देख रहे रामचंद्र संपत्ति प्रबंध कार्यालय अयोध्या, सुल्तानपुर, गोंडा, बाराबंकी की योजनाएं देखेंगे।

लखनऊ मुख्यालय के सुनील कुमार शर्मा को संपत्ति प्रबंध कार्यालय मेरठ, हापुड़, हरिद्वार व रुड़की की जिम्मेदारी मिली है। नृपेंद्र बहादुर सिंह संपत्ति प्रबंधक कार्यालय गाजियाबाद व बड़ौत के साथ संपत्ति प्रबंध कार्यालय मंडोला बागपत देखेंगे। वहीं, नरेंद्र सिंह संपत्ति प्रबंध कार्यालय वाराणसी, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया व अमित कुमार संपत्ति प्रबंध कार्यालय मथुरा, कासगंज, हाथरस, अलीगढ़ योजनाओं के कार्य देखेंगे।

# कई आईएएस अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रमाकांत पांडेय को प्रबंध निदेशक जल निगम शहरी बनाया गया

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने सोमवार को कई आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। नितिन बंसल को स्थानीय निकाय निदेशक से प्रभारी आयुक्त राज्य कर बनाया गया है। इस पद पर तैनात रहीं मिनिस्ती एस लंबी छुट्टी पर हैं। अभी तक आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, पर अब स्थायी कार्यभार दिया गया है।

राकेश कुमार मिश्रा को प्रबंध निदेशक जल निगम (शहरी) से प्रभारी दुग्ध आयुक्त बनाया गया। रमाकांत पांडेय को प्रबंध निदेशक चीनी मिल संघ से प्रभारी प्रबंध निदेशक जल निगम शहरी बनाया गया है। टीके शीबू को राजस्व परिषद से विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के पद पर भेजा गया है। एकता सिंह को अपर आयुक्त बैंकिंग से अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान बनाया गया है।

हिमांशु गौतम अपर आयुक्त मेरठ से मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ बनाए गए हैं। अभिषेक आनंद को खीरी का नया सीडीओ बनाया गया है। अनिल कुमार को मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी से इसी पद पर महाराजगंज, संतोष कुमार को मुख्य विकास अधिकारी महाराजगंज से उपाध्यक्ष सहारनपुर विकास प्राधिकरण बनाया गया है।

# हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा गोवंशों से भरा ट्रक, हंगामा

## लोडिंग करते हुए एक दर्जन से अधिक गोवंशों को कराया गया मुक्त, दो अभियुक्त गिरफ्तार, ट्रक चालक व मालिक समेत तीन वांछित फरार

संवाददाता,सलोन

**रायबरेली,अमृत विचार।** सरकार की तमाम सख्ती के बावजूद जिले में गो तस्करी नहीं रुक पा रही है। सलोन क्षेत्र तो इसके लिए पूरी तरह से सुरक्षित स्थान बन गया है। तमाम कोतवाल आये और गये लेकिन इस अपराध पर कोई भी अंकुश नहीं लगा पाया।

रविवार रात कोतवाली क्षेत्र बिसाइया गांव में गोवंशों से भरा एक ट्रक हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं की मदद से पुलिस ने पकड़ा। बताया जाता है कि ट्रक में गोवंश को तस्करी कर वध के लिए ले जा रहे थे। मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का पुलिस में दावा किया है,जबकि तीन लोग मौका पाकर भाग निकले है। पुलिस मुकदमा मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने करीब एक दर्जन गोवंशों को बरामद कर उन्हें गोशाला भेज दिया है। जबकि दो दर्जन गोवंशों को मौके पर ही छोड़ दिया गया। रविवार देर रात विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि बिसाइया गांव में बृजेश पुत्र श्रीराम के पलेसर के समीप एक ट्रक में बड़ी संख्या में गोवंश लादे जा रहे हैं। इसके बाद पूरे प्रकरण की सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली प्रभारी समेत पुलिसकर्मी घटना स्थल पर पहुच गए। पुलिस ने जब ट्रक की जांच की तो एक दर्जन गौवंश नजर आये जबकि मौके पर बनाये गए बाड़े में लगभग दो दर्जन गौवंश मिले थे। पुलिस के मुताबिक दो लोगों को मौके से गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर एक दर्जन गोवंशों को मुक्त कराया गया है। ट्रक चालक और मालिक समेत तीन वांछित फरार है। मौके से अमृत लाल वीरेंद्र कुमार गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि स्थानीय कार्यकर्ताओं कि सूचना पर गौवंश तस्करी की जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस ने मौके से ट्रक के अंदर से गौवंश बरामद कर स्वीकार किया कि तस्करी के लिए गाड़ी लोड हो रही थी। इस नेटवर्क में कौन-कौन लोग है पुलिस इसकी जांच कर जल्द खुलासा करे।



ट्रक से बाहर निकलते गोवंश। अमृत विचार

> गोवंशों की तस्करी की सूचना पर गई पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कुछ लोग भागने के सफल रहे है, उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।
>
> –वंदना सिंह, सीओ सलोन

### पुलिस की गिरफ्तारी पर ग्रामीणों ने उठाये सवाल

गो तस्करी प्रकरण में जिन दो अभियुक्तों को मौके से पकड़ने का दावा पुलिस कर रही। जबिक ग्रामीणों का आरोप है कि अमृत लाल और वीरेंद्र को पुलिस ने फर्जी फंसाकर अपनी खुद की पीठ थपथपाई है। वहीं, घटना में जो लोग शामिल थे वह पुलिस के शायरन की आवाज सुनकर भाग निकले हैं। दरअसल पुलिस ने दावा किया है बिसाइया गांव के ही अमृत और वीरेंद्र नामक दो युवक तस्करी में शामिल थे। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि अमृत लाल शानिवार को भट्ठे से लौटा था और वीरेंद्र उमरी में कहीं नौकरी करता है। इस संबंध में विहिप के जिलाध्यक्ष ने बताया कि उनकी इंस्पेक्टर सलोन से बात हुई है। और कहा कि किसी निर्दोष को न फसाया जाए।

### एक नजर

#### शमिता ने बढ़ाया जिले का मान

**डलमऊ, रायबरेली।** श्री महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय डलमऊ की छात्रा शमिता यादव ने बीए तृतीय वर्ष की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान और लखनऊ विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान हासिल कर गौरव बढ़ाया है। प्रबंधक निरंजन सिंह ने शमिता को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कहा कि महाविद्यालय में बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर शिक्षक नवनीत बाजपेई,अजीत श्रीवास्तव,मोहम्मद जसीम,प्रदीप यादव,नेहा सिंह,प्रमालिनी शुक्ला,दीपिका सिंह व महाविद्यालय की समस्त छात्राएं उपस्थित रही।



शमिता यादव

#### शोभायात्रा तीन को

**संवाददाता, रायबरेली।** अमरनाथ यात्रा के अवसर पर तीन जुलाई को चंदापुर कोठी मंदिर से पूर्वान्ह 11.30 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो सुपरमार्केट, रामकृपाल चौराहा, घंटाघर चौराहा, कोतवाली रोड, दीवानी कचहरी गेट होते हुए बस स्टाप चौराहे पर पहुंचेगी। यह जानकारी श्रीअमरनाथ यात्री महासंघ मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी ने दी।

#### करंट से महिला की मौत

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के जमुवावा गांव की रेशमा (32) की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। परिजनों ने बताया कि सोमवार सुबह चार बजे महिला घर में लोहे की अलमारी से चिपकी हुई बेहोश पड़ी थी। महिला के पति कमरुल हसन ने जब उसे उठाने का प्रयास किया तो वह बिजली के करंट लगने से गिर गया। इसके बाद घरवालों को एहसास हुआ कि महिला बिजली के करंट से बेहोश पड़ी है। परिजन उसे आनन फानन लालगंज सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। महिला अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री बेसहारा छोड़ गई है। वही लालगंज प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मृतक महिला के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

#### जहर खाकर युवक ने दी जान

**सलोन, रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली अंतर्गत करहिया चौकी क्षेत्र के नया पुरवा गांव के रहने वाले सजन लाल (28) पुत्र राम दुलारे ने रविवार दोपहर को संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया। जहर खाने से युवक की हालत बिगड़ी तो उसे सीएचसी सलोन में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर ह जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों के मुताबिक युवक ने जहर खाया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

#### एमडीएम ने परखी गुणवत्ता

**परशदेपुर, रायबरेली।** छतोह ब्लॉक के ग्राम पूरे सूबेदार मजरे बारा के प्राथमिक विद्यालय में जुलाई माह के पहले दिन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देवेश प्रताप सिंह ने एमडीएम की गुणवत्ता का जायजा लिया। प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि एमडीएम मानक के अनुरूप ही बनाया जाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अंशुमान सिंह, पंकज दीक्षित, अशोक कुमार, शिक्षा मित्र राजकुमार सिंह, नीलम सिंह आदि मौजूद रहे।

#### सर्पदंश से बालिका की मौत

**सरेनी, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पूरे वदाली मजरे रायपुर गांव के रहने वाले रामनरेश की 21 वर्षीय बेटी प्रीति बीती रात करीब 8:30 बजे कमरे में बिस्तर पर लेटने गई थी। वहां पर जहरीले सांप ने उसे काट लिया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लालगंज ले गए, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

#### पोल से टकराने पर बाइक सवार युवक की मौत

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार दोपहर को हाइवे किनारे लगे पोल से बाइक सवार टकरा गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया था जहां पर उसकी मौत हो गई। रविवार को रायबरेली जाते समय महिंद्रा एजेंसी के निकट हरिश्चंद्र पुत्र सत्यनारायण निवासी दतौली थाना हरचंदपुर की बाइक सड़क मार्ग के नीचे पोल से टकरा गई। फिलहाल स्पष्ट तौर पर इसका पता नहीं चला है। घायल को जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से भेजे गए मेमो के आधार पर पुलिस में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गो तस्करी व प्रतिबंधित मांस के नाम से कलंकित है सलोन

## अब तक कई घटनाओं के बाद भी सलोन पुलिस क्यों रहती है खामोश

संवाददाता, सलोन

**रायबरेली,अमृत विचार।** यूपी से बिहार और बंगाल तक के सफर में गोवंश तस्करी के कारोबारी के लिए सलोन क्षेत्र सबसे मुफीद स्थान है।इससे पूर्व आज से चौदह वर्ष पूर्व भी सलोन परशदेपुर मार्ग स्थित बाग में एक दो नहीं बल्कि दर्जनों की तादात में कंटेनर से गौवंशों को लोडकर बंगाल तक तस्करी की जाती है। मामले में स्थानीय पुलिस की भूमिका से ही गौतस्करी और गौवध की घटना को अंजाम दिया जाता था।

विदित हो कि लंबे अरसे बाद एक बार फिर सलोन नगर में गौवंश तस्करी का जिन्न बाहर निकला है। वर्ष2009-10 को सलोन क्षेत्र में गोवंश तस्करी और प्रतिबंधित मांस के व्यापार ने मजबूत पकड़ बनाई थी। इस गोरखधंधे को परशदेपुर मार्ग स्थित ओवर ब्रिज के पास से संचालित किया जाता था।यहां से बड़ी संख्या में प्रतिदिन दस से बारह ट्रकों से गौवंशों को बिहार और बंगाल भेजा जाता था।

इसीलिए इसे गोवंशों की तस्करी का डिपो कहा जाने लगा था। मठाधीस लोगों की संलिप्तता के चलते 2014 तक गौकशी के धंधे ने सलोन कस्बे में अच्छी कमाई की थी। इसी बीच सलोन कोतवाली में तत्कालीन कोतवाल गजेंद्र पाल सिंह की नियुक्त की गई और काफी हद तक उनके द्वारा गौवंशों की तस्करी और प्रतिबंधित मांस की बिक्री पर ब्रेक लगाई गई थी।

### गो तस्करी से कस्बे के जुड़े है तार

गौवंशो किं तस्करी के तार सलोन से अभी भी जुड़े हुए है, इससे इनकार नही किया जा सकता। दो वर्ष पूर्व गौशाला भेजने के नाम पर तस्करी का बड़ा मामला 20 जून 2022 को उजागर हुआ था।ठीक दो वर्ष बाद एक बार फिर इसी महीने में गौवंश तस्करी की घटना ने पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान भी खड़े किये है।विदित हो कि 20 जून 2022 की रात को बीजेपी विधायक अशोक कोरी ने कस्बे में बड़ी संख्या में गौवंशो को एक ट्रक से बरामद करते हुए पशु चिकित्सधिकारी समदर्शी सरोज पर तस्करी का आरोप लगाकर सनसनी मचा दी थी, हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों ने बाद में आरोपी डॉक्टर को क्लीन चिट दे दी थी। जिसके बाद पशु चिकित्सक का गैर जनपद तबादला कर दिया गया।

### गोपनीय जांच में प्रतिबंधित मांस पकड़ चुकी हैं एसपी

गोतस्करी के डिपो को जड़ से समाप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश के डीजीपी ने सुल्तानपुर एसपी रही अलंकृता सिंह को वर्ष 2012-13 में अमेठी जनपद की कमान सौंपी थी। उस समय सलोन क्षेत्र रायबरेली से कटकर अमेठी जनपद में जुड़ा हुआ था।इसलिए सलोन तहसील अमेठी का हिस्सा था। एसपी अलंकृता सिंह ने गोपनीय जांच कराते हुए सलोन कस्बे के एक घर से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मांस और जिंदा गौवंशो को बरामद कर घटना में संलिप्त एक सिपाही को सस्पेंड किया था।

### किसी ने बनाया कमाई का जरिया तो किसी ने लगाई थी लगाम

सलोन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सलोन, बगहा, रसूलपुर, ख़्वाजापुर, मीरजहाँपुर, घोषी का पुरवा, बीबी का बाग, अशिकाबाद ये वो गांव है जो प्रतिबंधित मांस के नाम से बदनाम हो चुके है। यहां गौवध से लेकर गोतस्करी तक आम बात रही है। इन क्षेत्रों में उन्ही पुलिस कर्मियों ने कार्यवाही की है, जिन्हें गोवंशो की फिक्र थी। बाकी तो ऐसे भी लोग इंचार्ज रहे जिन्होंने ठेकेदारी प्रथा चलाकर इस गोरखधंधे की कमाई में जमकर धन उगाही की थी। हालांकि कोतवाली इंचार्ज रहे गजेंद्र पाल सिंह, अनिल सिंह, जीडी शुक्ला और सजंय त्यागी जैसे इंस्पेक्टर ने गोवंश तस्करों और मांस विक्रताओं पर कार्यवाही कर उनकी कमर तोड़कर रख दी थी।

### सार-संक्षेप

#### चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ देकर मनाया डाक्टर्स डे



डाक्टर्स डे पर सीएचसी अधीक्षक को बुकें देतीं छात्राएं। अमृत विचार

**महराजगंज रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में नेशनल डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में सीएचसी अधीक्षक डॉ पीके श्रीवास्तव, डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ नैंसी, डॉ एसके राय, डॉ अनुज को विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने कहा कि हर वर्ष एक जुलाई का दिन भारत में नेशनल डॉक्टर डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग डॉक्टरों के सम्मान में उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। समाज के प्रति उनकी सेवा व समर्पण के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। डॉक्टर्स डे देश के महान डॉ. विधान चंद्र राय को समर्पित है। वे एक महान समाज सेवी, कुशल राजनेता एवं स्वतंत्रता सेनानी भी थे। एक जुलाई को डॉक्टर बीसी राय का जन्म हुआ था। इसलिए उनके सम्मान में यह दिन देश भर में डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाने लगा। इस मौके पर शिक्षक भूपेंद्र शुक्ला व छात्र अदिति गुप्ता, निकिताशा, अंशिका गुप्ता, ओम आधार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

#### तहसील बार में राकेश अध्यक्ष व चंद्रमणि महामंत्री निर्वाचित



राकेश उपाध्याय, अध्यक्ष



चंद्रमणि त्रिपाठी,महामंत्री

**ऊंचाहार , रायबरेली ।** तहसील बार एसोसिएशन के लिए सोमवार को संपन्न हुए चुनाव में राकेश उपाध्याय अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं, जबकि महामंत्री पद पर चंद्रमणि त्रिपाठी विजय घोषित किए गए हैं। सोमवार सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक संपन्न हुए मतदान के बाद मतगणना हुई। जिसमें अध्यक्ष पद पर राकेश चंद्र उपाध्याय 42 मत के साथ विजयी घोषित हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिबंध दिनेश बहादुर सिंह 39 मत को पराजित किया है। महामंत्री पद पर चंद्रमणि त्रिपाठी 53 मत पाकर जीते। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार शर्मा 45 मत पाकर निर्वाचित घोषित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर राजेंद्र शुक्ल 53 मत से जीते। संयुक्त मंत्री पद पर मनोज कुमार शुक्ला 41 मत पाकर जीते। अलावा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य हेतु सीतेश श्रीवास्तव, सुजीत सेन, संदीप तिवारी और अरुण कुमार सोनकर निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

#### जान जोखिम में डालकर लाइन पार कर रहे राहगीर, जिम्मेदार मौन



जान जोखिम डालकर रेलवे पटरी पार करते लोग।

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ऊंचाहार-रायबरेली रेल खंड पर स्थित सवैया धनी रेलवे क्रॉसिंग मरम्मत के लिए दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है। इस रेलवे गेट को बंद किए जाने की पूर्व में सूचना नहीं दी गई थी, जिसके कारण इस पर सफर करने वाले बड़े वाहनों को करीब 20 किलोमीटर घूम कर आवागमन करना पड़ रहा है। दो पहिया वाहनों से सफर करने वाले राहगीर क्षेत्र के पूरे बरइन गांव के पास से जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार कर रहे हैं। जिसके कारण हादसे की संभावना बनी हुई है। बरसात होने के कारण आसपास के कच्चे रास्ते भी सफर करने के योग्य नहीं है। इन रास्तों पर कीचड़ भरा हुआ है। ऐसी दशा में क्षेत्र के सैकड़ो गांव का आवागमन पूरी तरह प्रभावित है। रेलवे के जिम्मेदार अधिकारी बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के आवागमन को बंद कर दिया गया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द कोई व्यवस्था नहीं की गई तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

#### भारतीय न्याय संहिता के तहत पहला मुकदमा दर्ज

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह थाने में भारतीय न्याय संहिता की पहली एफआईआर दर्ज हुई है। महिला ने दो लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है, जिस पर भारतीय न्याय संहिता के तहत पहला मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम पूरे अहिरन मजरे शादीपुर कोटवा निवासी काजल यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रामनरेश व पच्चू ने उसके पिता उदय प्रताप को लाठी डंडों में मारा पीटा है। उसके पिता को जिला अस्पताल से एम्स रेफर किया गया है। पीड़िता की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 118(1), 352 व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

#### बीज न मिलने से मायूस लौटे किसान, किया प्रदर्शन




राजकीय बीज भंडार के सामने प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

**शिवगढ़,रायबरेली।** दलहनी और मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग द्वारा राजकीय बीज भंडार शिवगढ़ में भेजी गई उड़द, कोदव की नि:शुल्क मिनी कीटों का वितरण सोमवार से शुरू हो गया है। बीज वितरण के पहले दिन 47 किसानों को उड़द, चार किसानों को कोदव की मिनी किट वितरित की गई। सोमवार को भी दर्जनों किसानों का अंगूठा न लग पाने के कारण उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। राजापुर के रहने वाले संगीत मिश्रा ने बताया कि शनिवार को बीज लेने आए तो उन्हें बताया गया कि ई मशीन नहीं चल रही है। सोमवार को आना। सोमवार को करीब साढ़े 11 बजे जब पहुंचे तो बताया गया कि आपकी ग्राम पंचायत के कई किसान बीज लेकर जा चुके हैं। इसलिए आपको बीज नहीं मिलेगा।शिवली निवासी रामहर्ष का कहना है कि कर्मचारियों ने बताया कि तुम्हारा अंगूठा नहीं लग रहा है इसलिए तुम्हें बीज नहीं मिलेगा। ओसाह के रहने वाले कृपाशंकर ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि मिल रही है, लेकिन उन्हें बताया गया कि तुम्हारा रजिस्ट्रेशन नहीं है। इसलिए तुम्हें नि:शुल्क का लाभ नहीं मिलेगा। बीज न मिलने से कई किसानों ने नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बीज भंडार प्रभारी शिवशंकर वर्मा ने बताया कि 47 किसानों को उड़द की किट, 4 किसानों को कोदव की मिनी किट बांटी गई हैं। उन्होंने बताया कि किसान का रजिस्ट्रेशन दो तरीके का होता है। पहला यूपी एग्रीकल्चर में, दूसरा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में। यदि किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि मिल रही है, लेकिन उसका यूपी एग्रीकल्चर में रजिस्ट्रेशन नहीं है तो किसान को नि:शुल्क मिनी किट का लाभ नहीं मिलेगा।

# सड़क हादसों में बाइक सवार समेत दो की मौत

संवाददाता,लालगंज

**रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार समेत दो की मौत हो गई।

कुड़वल गांव निवासी शुभम तिवारी (25 )अपने साथी मंटू तिवारी के साथ बाइक से लालगंज बाजार से वापस घर जा रहे थे। तभी ऐहार के आगे सुल्तानपुर जाला के निकट सड़क पर सामने से अचानक कुत्ता आ गया। उनकी बाइक कुत्ते से भिड़ गई, जिसके कारण शुभम तिवारी की सड़क पर गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथी मंटू तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया। लालगंज पुलिस ने शुभम तिवारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दूसरी घटना लालगंज-रायबरेली मार्ग पर मधुकरपुर के निकट की है। नेशनल हाईवे की बोलेरो पिकअप ने पैदल राहगीर को टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने मृतक के भांजे सफ़ीक की तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# डीएम ने की स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर में डीएम हर्षिता माथुर ने स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। डीएम संग मौजूद अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचे बच्चों का गेट पर स्वागत किया और उनको तिलक लगाया। इस दौरान उन्होंने ने अपने हाथों से बच्चों को चाकलेट और टाफी भी वितरित की। बच्चे जब कक्षाओं में पहुंचे तो उनको निःशुल्क किताबो के सेट दिए गये।

डीएम हर्षिता माथुर ने कहा कि प्रदेश सरकार तमाम तरह की सुविधायें परिषदीय विद्यालयों में दे रही है। बच्चे अधिक से अधिक विद्यालय आए इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। लेकिन बच्चे पढ़ लिखकर निपुण बनें ये जिम्मेदारी शिक्षकों की है। स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में शिक्षकों का अहम रोल है। इस दौरान शिक्षकों से कहा गया कि एक भी बच्चा नामांकन से छूटने न पाए और सभी बच्चे नियमित पढ़ाई करें इसका विशेष ध्यान रखा जाये। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय में एक शैक्षिक माहौल बहुत जरूरी है। बच्चों को जब एक बेहतर माहौल मिलता है तो उनका रोज विद्यालय आने का मन करता है।इस मौके पर बीईओ बृजलाल, रिचा सिंह, प्रधानाध्यापक मीना तिवारी, अमित मिश्रा, प्रीति, श्वेता, पायल आदि मौजूद रहे।



बालिका को उपहार देतीं डीएम हर्षिता माथुर साथ में बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह।

# बाइक सवार युवक को संविदाकर्मी ने पीटा

संवाददाता,रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के आपातकालीन कक्ष के सामने संविदाकर्मी ने बाइक सवार युवक को थप्पड़ों से पीट दिया। इस दौरान वहां पर मौजूद एक बुजुर्ग महिला रोकने की गुहार लगाती रही लेकिन अपनी हनक और दबाव से मजबूत पकड़ रखने वाला युवक बाइक सवार पर धड़ाधड़ थप्पड़ की बौछार करता रहा।

इस दौरान वहां पर अन्य चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ भी मौजूद रहे। इतना ही नहीं पुलिस चौकी भी बगल में है लेकिन किसी ने भी उसे बचाने की कोशिश नहीं की। किसी तरीके से बाइक सवार ने बचकर वहां से भाग जाना ही बेहतर समझा। रविवार दोपहर को वायरल हुआ वीडियो सारा दिन शहर में चर्चा का विषय बना रहा कि क्या अब जिला अस्पताल में इलाज के बदले लोगों को इस तरीके से पिटाई की जाती है और और वहां का स्टाफ पूरी घटना पर खामोशी की चादर ताने रहता है। अस्पताल प्रशासन की निरकुंशता और संवेदनहीनता यह दर्शाता है कि अस्पताल प्रशासन में न तो प्रशासन का खौफ है और न ही अपने अधिकारियों का दबाव बचा है। आए दिन जिला अस्पताल अपने नए नए कारनामों को लेकर सुर्खियों में बना रहता है। पिटाई करने वाला युवक जिला अस्पताल का संविदाकर्मी बताया जाता है। इस पूरे मामले से मुख्य चिकित्सा अधिकारी का भी कोई लेना देना नहीं है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महेंद्र ने बताया कि वीडियो मेरे संज्ञान में नहीं है आपने बताया है जांच कर कार्रवाई करेंगे।



बाइक सवार की पिटाई करता संविदाकर्मी।

**▸▸ जिला अस्पताल की इमरजेंसी के सामने का मामला**

# चोरों ने दो घरों से लाखों का सामान किया पार

संवाददाता,बछरावां

**रायबरेली ,अमृत विचार।** बीते एक माह के अंदर लगभग एक दर्जन से अधिक हुई चोरियों के बाद पुलिस के हाथ खाली हैं। एक बार फिर चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए थाना प्रभारी को चुनौती देने के साथ-साथ उन्हें हताश एवं पस्त कर दिया है। थाना क्षेत्र के पश्चिम गांव के रहने वाले श्याम पुत्र तेजराम एवं बुद्धिलाल पुत्र छीटू के घरों को चोरों ने निशाना बनाया। रात में सेंध काट कर नगदी, जेवर सहित लाखों रुपये का सामान पार कर दिया।

पीड़ित श्याम ने बताया कि वह जब तड़के करीब तीन बजे मवेशी को चारा देने के लिए उठा तो देखा कि उसके घर के दो बक्से, एक बैग, जेवरात और 20000 नगदी घर से गायब है। वहीं बुद्धिलाल ने बताया कि उसके घर से थारा, बटुवा सहित गृहस्थी का अन्य सामान चोर पार कर दिया। पीड़ितों ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। इस बाबत थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, आगे की विधिक कार्यवाई की जा रही है।



पश्चिम गांव में चोरों द्वारा काटी गई सेंध।

**नया कानून** | जिले के सभी थानों में पढ़ाया गया भारतीय न्याय संहिता का पाठ

# तीन नए कानून लागू, पीड़ितों को मिलेगा जल्द न्याय

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** एक जुलाई से तीन नए कानून प्रभावी हो गए हैं। अब आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गया है।

देश में बदले हुए कानून के तहत नई धाराओं के आने के बाद आमजन को फायदा मिलेगा। पुराने कानून के तहत जहां लोगों को न्याय के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था। वहीं अब तीन कानून के लागू होने के बाद लोगों को न्याय भी जल्दी मिल सकेगा। सोमवार को जिले के सभी थानों में एक कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) का सभी थानेदारों ने पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के सभी बुद्धिजीवी, व्यवसायी, जन प्रतिनिधि और आम लोग शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने शहर कोतवाली पहुंच कर कार्यक्रम में मौजूद लोगों को नए कानून की जानकारी दी। उन्होंने बदली गई धाराओं और नए प्रावधानों के बारे में मौजूद लोगों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आईपीसी अब भारतीय न्याय संहिता कहलाएगी। नए कानून के तहत अधिकांश आपराधिक धाराएं बदल दी गई हैं। अब हत्या की धारा 302 की जगह बीएनएस में 103 होगी। नए आपराधिक कानून के तहत अब आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)में केस दर्ज किया जाएगा। इसको लेकर अधिकांश धाराएं बदली गई हैं। इसमें अपराध के प्रमुख बिंदु हत्या, लूट, बलात्कार, डकैती, चोरी, छेड़खानी और अपहरण आदि शामिल हैं। जिलेभर के सभी थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।



सदर कोतवाली में नए कानून की जानकारी देते एसपी अभिषेक अग्रवाल।

### अब ये होंगी धाराएं

| | आईपीसी | बीएनएस |
|---|---|---|
| हत्या | 302 | 103 |
| हत्या का प्रयास | 307 | 109 |
| मारपीट | 323 | 115 |
| छेड़छाड़ | 354 | 74 |
| नाबालिग का अपहरण | 363 | 139 |
| दुष्कर्म करना | 376 | 64 |
| लूटपाट | 392 | 309 |
| धोखाधड़ी | 420 | 318 |
| दहेज हत्या | 304 बी | 80 |
| जान से मारने की धमकी देना | 506 | 351 |

# जिलेभर में धूमधाम से मना सपा मुखिया अखिलेश यादव का जन्मदिन

## समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्म दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, इं. वीरेन्द्र यादव बोले-पीडीए के संवाहक है अखिलेश यादव

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा सुपर मार्केट में स्थित पार्क में पौधारोपण किया। इसके बाद केक काटकर एक-दूसरे को खिलाकर दीर्घायु होने की कामना की।

इस दौरान बछरावां विधायक श्याम सुन्दर भारती, ओपी यादव, आरपी यादव, दिव्यांवर सिंह, राम विलास यादव, डा. शशिकांत शर्मा, अरशद खान आदि मौजूद रहे। जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किया गया। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में कार्यकर्ताओं द्वारा रक्त दान किया गया। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से विधायक राहुल लोधी, शुभम लोहिया, राकेश यादव, विनय यादव, आदर्श भारती, मेराज शम्स, अजीत यादव, बाबू यादव, आशीष सोनी, अनुराग कुमार आदि रहे। सुपर मार्केट रायबरेली में भण्डारा आयोजित कर गरीबों एवं जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। सूफी संत महबूब आलम शाह की दरगाह में चादर चढ़ाकर लम्बी उम्र की दुआएं मांगी गई। जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि अखिलेश यादव किसानों, मजदूरों, छात्रों, नौजवाना, शोषितों व वंचितों को हक़ व न्याय दिलाने के सदैव प्रयासरत हैं। वह समाजवाद के नायक के रूप में पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों (पीडीए) की मुख्य आवाज हैं। उनके नेतृत्व में लोकसभा के चुनाव में विघटनकारी भाजपा पर अंकुश लगाने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है। इस मौके पर रज्जू खान, सरफराज राईनी, सुरेश निर्मल, सुरेश पटेल, मो। फहीम, जगतपाल यादव, मुनेश्वर पासी, संदीप शुक्ला, राजेश मौर्या, जूही सिंह, विकास मौर्य, राम सुमेर, कुलदीप, आलोक, शिव नरायन सोनकर, समरज यादव, देवतादीन, ब्रजेन्द्र चौधरी, भूपेन्द्र सिंह, भीम सिंह आदि मौजूद रहे।


सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटते जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव व कार्यकर्ता। अमृत विचार


सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर रक्तदान करते हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी।

### लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन को लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। सपा वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी डॉ. शशिकांत शर्मा ने आईटीआई स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर सर्वप्रथम पौधरोपण किया। इसके बाद वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजनों को भोजन एवं फल वितरण किया। डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि आज मेरे यहां आने का उद्देश्य यह है कि देश के पिछड़ा-दलित मोर्चा के प्रखर सूत्रधार राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का जन्मदिन लोक-कल्याण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है यह तभी सम्भव होगा जब हमारे साथ आप सभी वृद्धजनों का आशीर्वाद बना रहेगा।


वृद्धजनों को भोजन खिलाते समाजसेवी डॉ. शशिकांत शर्मा।

## एक नजर

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की एम्स में मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। उसे गंभीर अवस्था में रविवार की शाम मुंशीगंज स्थित एम्स में भर्ती कराया गया था। यह हादसा जमुनापुर खरौली मार्ग पर रविवार की शाम हुआ था। क्षेत्र के गांव रूप का पुरवा मजरे कंदरावा निवासी विजय बहादुर (20) बाइक से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार लोडर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आसपास के लोगों द्वारा उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर दशा को देखते हुए रेफर कर दिया गया था। परिजन उन्हें लेकर मुंशीगंज स्थित एम्स पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान सोमवार की प्रातः काल उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### नेत्र शिविर में 45 नेत्र रोगियों का परीक्षण

**जगतपुर, रायबरेली।** सोमवार को जगतपुर कस्बे के ऊंचाहार रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. अंकित सिंह द्वारा नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। इसमें 45 मरीज का नेत्र परीक्षण 20 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। साथ ही 25 मरीजों को चश्मा वितरण किया गया। शिविर के संयोजक जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा है जिन लोगों के जीवन में अंधकार हैं, इस शिविर के जरिए उन लोगों के आंखों से प्रकाश की किरणें मिले वह दुनिया को खुद की आंखों से देखें।

### बाइक की टक्कर में तीन घायल

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। मोटरसाइकिल की आमने सामने हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घटना परशदेपुर के मुख्य चौराहे पर सोमवार को हुई। नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवरिया धरई निवासी उमेश व सुभाष की मोटरसाइकिल की टक्कर पछुवा बारा निवासी कल्लू की मोटरसाइकिल से परशदेपुर के मुख्य चौराहे पर हो गई जिससे तीनों घायल हो गए। तीनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुरानी रंजिश में भिड़े दो पक्ष, सात लोग घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों से सात लोग घायल हो गये, जिसमें एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामला कल्याणपुर मजरे डेलौली गांव का है। रविवार की रात दोनों पक्षों में इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। थोड़ी ही देर में दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व कुल्हाड़ी चलने लगे। इसमें एक पक्ष से दिनेश कुमार, उनकी पत्नी राजपति, बेटा अभयराज व मां मैका देवी, जबकि दूसरे पक्ष से ननकऊ का बेटा धीरज, व उनके दामाद मथुरा व उनका भाई लवकुश निवासी गंगेहरा गुलालगंज घायल हो गये। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है, आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### सरदार पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य बने डॉ. अभय सिंह

**बछरावां रायबरेली, अमृत विचार।** बछरावां विकासखंड की सेहंगो ग्राम सभा में स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में पूर्व में प्राचार्य पद रिक्त होने के बाद सोमवार महाविद्यालय के ही प्रवक्ता डॉक्टर अभय सिंह को महाविद्यालय प्रबंध समिति द्वारा महाविद्यालय का प्राचार्य नियुक्त किया गया है। हिंदी विषय के मर्मज्ञ, मृदु भाषी डॉ. अभय सिंह महाविद्यालय के लोकप्रिय शिक्षकों में से एक हैं। प्राचार्य पद पर उनकी नियुक्त होने से क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं। वही उनके बड़े भाई जय सिंह ने खुशी जताई है।

# विद्यालयों में मना प्रवेश उत्सव, बच्चों के खिले चेहरे

## नये सत्र के पहले दिन स्कूल आने पर बच्चों को रोली-टीका व माला पहनाकर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़ाया उत्साह

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नये सत्र में जुलाई माह के पहले दिन विद्यालयों में बच्चों के आने पर टीका कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर भरपूर मुस्कान दिखाई दी। सलोन क्षेत्र के आदर्श प्राथमिक विद्यालय फरीदगढ़ में एआरपी संदीप सिंह ने कहा कि नए सत्र में बच्चों को स्कूल आने के लिए उन्हें सजग एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से उमंग व उल्लास के साथ नियमित विद्यालय आने के लिए प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ है।

प्रधान अध्यापक एसएस पाण्डेय ने कहा कि शिक्षकों का मुख्य उद्देश्य निपुण बच्चे एवं विद्यालय को बनाना है। साथ ही बच्चों में नैतिक शिक्षा एवं शिष्टाचार और संस्कार के प्रति उन्हें समय-समय पर जागरूक किया जाता है। एसएमसी अध्यक्ष सविता, पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र, सदस्य शमशेर, अनवर, लाल उमानाथ, सहायक शिक्षिका एकता श्रीवास्तव, शिक्षामित्र सुमन आदि मौजूद रहे।


आदर्श प्राथमिक विद्यालय फरीदगढ़ में बच्चों का टीका लगाकर स्वागत करतीं शिक्षिका।

### बच्चों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**लालगंज, रायबरेली।** कंपोजिट विद्यालय धन्नीपूर में बच्चों का शिक्षकों द्वारा रोली टीका लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही उनमें लड्डू भी वितरित किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका मिथलेश देवी ने टीका के महत्व के बारे में बताया। शिक्षक आशीष प्रताप सिंह ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज राजीव कुमार ओझा ने भी पीएमश्री विद्यालय लालगंज, राजकीय व उच्च प्राथमिक विद्यालय चचिहा में बच्चों को टीका लगाकर स्वागत किया।


लालगंज क्षेत्र के विद्यालय में बच्चों के साथ शिक्षिकाएं।

### आकर्षक ढंग से सजाया विद्यालय, बच्चों ने छका खीर-पूड़ी

**सरेनी, रायबरेली।** ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के आगमन पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव ओझा ने प्राथमिक विद्यालय बेनीमाधव गंज में नये छात्रों को रोली टीका लगाकर स्वागत किया। प्राथमिक विद्यालय गुलालखेड़ा में बच्चों के आगमन पर विद्यालय को गुब्बारों व झालरों से सजाकर स्वागत किया गया। एआरपी डॉ यज्ञदत्त शुक्ल, विमल किशोर विक्रम इंचार्ज प्रधानाध्यापक रविन्द्र नाथ ने बच्चों को तिलक लगाया। साथ ही खीर पूड़ी खिलाया गया। बारिश के दौरान भी पंजीकृत 55 छात्रों में 35 छात्र विद्यालय में उपस्थित रहे। वहीं, प्राथमिक विद्यालय लखनगाव, धुरेमऊ, कुशलखेड़ा, सतवाखेड़ा में उत्सव का आयोजन किया गया।


प्राथमिक विद्यालय बेनी माधवगंज में बच्चे को टीका लगाते खंड शिक्षा अधिकारी राजीव ओझा।

### बच्चों का माल्यार्पण कर किया उत्साहवर्धन


पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय रोझइया भीखमशाह में बच्चों का माल्यार्पण करते शिक्षक।

**जगतपुर, रायबरेली।** पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय रोझइया भीखमशाह में डायट प्रवक्ता पंकज सिंह और एआरपी जगतपुर अजय कुमार सिंह द्वारा सत्र प्रारंभ पर छात्र/छात्राओं को रोली लगाकर, माला पहनाया और लड्डू खिलाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

### किला बाजार विद्यालय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू


संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत के दौरान मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालिका किला नगर क्षेत्र में सोमवार को बच्चों का स्वागत और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ. शांति अकेला के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला सहायक मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मेसी और फाइलेरिया निरीक्षक अरुण भारती रहे। अतिथियों ने स्वच्छता के प्रति विशेष रूप से जागरूक रहने के लिए कहा तथा बरसात के प्रारंभ में होने वाले विभिन्न संचारी रोगों से बचाव हेतु सावधानी के बारे में बताया तथा बच्चों से फुल आस्तीन के कपड़े पहने विशेष कर मच्छरों से बचाव हेतु सावधानी बरतनी के लिए कहा। कार्यक्रम में शिक्षक आशीष तिवारी, सपना द्विवेदी, ज्योत्सना गुप्ता, प्रियंका श्रीवास्तव, जागृति, नेहा, शगुन सोनाली, शिफा आफरीन आदि लोग मौजूद रहे।

### डॉक्टर्स डे पर बच्चों ने बनाए ग्रीटिंग कार्ड व पोस्टर


डाक्टर्स डे पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों के साथ बाबू एलपीएस के बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में 'डॉक्टर्स डे' पर बच्चों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरचन्दपुर ने चिकित्सकों को अपने हाथों से बने ग्रीटिंग कार्ड व पोस्टर सौंपा। कक्षा 2 से मानवी, अलीजा, अनुकांक्षा, वेद सोनी, अंशुमान, कक्षा 3 से गुजंन, अनन्या, अविका, कक्षा 4 से सुर्याश, अथक, लवकुश, कक्षा 4 से शिवम कक्षा 5 अनुष्का, अर्पिता, नरगिंश, मुश्कान, यंशी, कक्षा 6 आयुष मौर्या, रूद्रा, कक्षा 7 अंशिका, मानवी, आयुषी कक्षा 9 से अन्नपूर्णा मौर्या, नूतन सिंह, सैयद बुशरा कक्षा 5 राधिका सिंह कक्षा 7 श्रद्धा मौर्या समृद्धि सिंह, विद्यालय के बच्चों ने डॉक्टर्स डे पर अपनी भावनाओ को अपने शब्दों में सभी डॉक्टर्स के सामने प्रगट किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजीव गौतम, डॉ. सचिन निगम, डॉ.अनिल गुप्ता, डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. हीरालाल वर्मा, डॉ. दिव्या, आदि को गुलाब और ग्रीटिंग कार्ड दिए।

### एटीएम कार्ड बदलकर टप्पेबाजों ने 14500 रुपये उड़ाए

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बा स्थित बैंक के अंदर टप्पेबाजों ने महिला को अपना शिकार बना दिया। पीड़िता रोशनी पत्नी जितेंद्र निवासी ग्राम डिघौरा सोममऊ थाना हरचंदपुर ने बताया कि 30 जून को बछरावां में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से रुपये निकालने आई थी। वहां पर मिले अज्ञात व्यक्ति ने मदद करने के बहाने से प्रार्थिनी का एटीएम कार्ड बदल दिया। अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिनी एटीएम कार्ड से खाते में जमा 10 हजार और 4500 रुपये दो बार में निकाल लिए। इस बाबत थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। आगे की विधिक कार्यवाई की जा रही है। लेकिन बैंक पहुंचने वाले स्थानीय ग्राहकों का कहना है कि स्थानीय थाने का जो भी सिपाही एटीएम की सुरक्षा के लिए तैनात किया जाता है, वह बैंक के अंदर एसी में बैठकर हवा खाता रहता है। चाहे बाहर कोई घटना हो उनको इसे कोई मतलब नहीं है।

परेशानी — हरचंदपुर ब्लाक के श्रीराम नगर बस्ती का हाल, ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

# छह माह में नाला क्षतिग्रस्त, गंदे पानी से गुजर रहे लोग

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। हरचंदपुर ब्लाक के शोरा ग्राम सभा स्थित श्रीराम नगर गंगागंज बस्ती की सड़क इन दिनों बदहाल है। हाल यह है कि नाला पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं जगह-जगह सड़क भी उखड़ गई है। गंदे पानी से होकर स्कूल जाने वाले बच्चे और ग्रामीण गुजरने को विवश है। पीड़ित ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए समस्या समाधान कराए जाने की मांग की है।

गंगागंज श्रीराम नगर बस्ती में बाल विद्या मंदिर है। यहां पर करीब तीन हजार छात्र पंजीकृत हैं। प्रतिदिन विद्यालय इसी मार्ग से आने को विवश है। ग्रामीणों ने बताया कि जिला पंचायत से 2022-23 में नाला और सड़क का निर्माण कराया गया था। छह माह में क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद किसी ने सुध लेना तक मुनासिब नहीं समझा।


हरचंदपुर ब्लाक के श्रीराम नगर बस्ती की क्षतिग्रस्त नाली और सड़क पर भरा पानी।

क्षेत्र के शशिकांत पांडेय, रविकांत पांडेय, रामविलाश वर्मा ने कहा कि जिम्मेदारों की मनमानी का खामियाजा सभी को लोगों को भुगतना पड़ रहा है। यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया तो जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

सत्य प्रकाश चौरसिया, कंचन यादव, रमेश पाल ने कहा कि यदि जल्द कोई उपाय नहीं किया गया तो बारिश में स्थिति बद से बदतर हो जाएगी। जलभराव से आवागमन की समस्या से निदान दिलाने की मांग की है। इस मौके पर अनिल कुमार तिवारी, रमेश कुमार त्रिपाठी, पूजा गुप्ता, आयुष द्विवेदी, अशोक कुमार, नीरज पाल आदि मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**
**अंजना इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, सकरौली, मादूपुर, अजगरा रानीगंज, प्रतापगढ़**
को पॉलीटेक्निक त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के विभिन्न ब्रांचों में प्रवक्ता की आवश्यकता है -
**ब्रांच** - सिविल इंजी, इलेक्ट्रिकल इंजी, इलेक्ट्रॉनिक इंजी, मैकेनिकल प्रो.इंजी, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी।
**योग्यता** - एम.टेक./बी.टेक एवं ए.आई.सी.टी.ई. नई दिल्ली व बी.टी.ई.यू.पी.लखनऊ के मानकानुसार।
**वेतनमान** - ए.आई.सी.टी.ई. नई दिल्ली व बी.टी.ई.यू.पी.लखनऊ के मानकानुसार
**नोट** - इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से पांच दिन के अंदर संस्था में आकर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, पांच फोटो के साथ सम्पर्क कर सकते हैं या ईमेल कर सकते है। इसके लिए कोई यात्रा भत्ता/व्यय देय नहीं होगा।
मो:- 9161475869, 8574886825
ईमेल - anjanainstitute@yahoo.com

अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं सतीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव की पॉलिसी सं0-219225951 है। जिसे मैं विषम परिस्थितियों के कारण सरेंडर करना चाहता हूँ। जबकि आधार व बैंक पासबुक पर हर्ष श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव है, त्रुटिवश पालिसी बाण्ड में सतीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवस्तव दर्ज है। अतः मेरा सही नाम हर्ष श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव पढ़ा व समझा जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **खाकी प्रसाद यादव पुत्र औतार यादव, निवासी- अग्घरवा दा0 चन्दईपुर थाना विशेश्वरगंज तहसील- पयागपुर, बहराइच।** मैने अपने पुत्र राम अशीष यादव के चाल-चलन से तंग व परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ इसके द्वारा किये गये कोई भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**कमांडर मुख्यालय 146 इन्फेंट्री ब्रिगेड, अयोध्या छावनी**
**निविदा सूचना : मुख्यालय 146 इन्फेंट्री ब्रिगेड**
वीर नारी, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिकों की विधवाएं/पत्नी को सूचित किया जाता है कि **एक ग्रोसरी कम टेलर शॉप** अयोध्या छावनी में आवंटन हेतु उपलब्ध है। इच्छुक वीर नारी, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिकों की विधवाएं/ पत्नी रु. 1000/- नगदी के रूप में मुख्यालय 146 इन्फेंट्री ब्रिगेड में जमा करके निविदा फॉर्म एवं शर्ते **दिनांक 10 जुलाई तक प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक** प्राप्त कर सकते हैं। निविदा फार्म में अंकित दस्तावेजों के साथ निविदा एवं जमा धनराशि रु 5000/- बैंक ड्राफ्ट के रूप में Regimental Fund Account, HQ 146 Inf Bde के पक्ष में जमा करना होगा।
निविदा जमा करने की **अंतिम तारीख 10 जुलाई दोपहर 01:00 बजे** हैं।
**निविदा 11 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे समस्त निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी।**

**सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध संस्थान, उ0प्र0 सप्तम तल कक्ष संख्या -748, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ**
**निविदा सूचना**
सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध संस्थान, उ0प्र0, के मुख्यालय, बापू भवन, स्थित कम्प्यूटर लैब एवं लखनऊ शाखा के लिये वर्ष 2024-2025 की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमों में चाय एवं दोपहर के भोजन की आपूर्ति हेतु कैटरिंग का व्यवसाय करने वाले प्रतिष्ठित एवं वाणिज्यकर विभाग में कैटरिंग के व्यवसाय के रूप में पंजीकृत स्थानीय फर्मो से निविदा हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. निविदा हेतु आवेदन पत्र दिनॉक 10.07.2024 से 30.07.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में फर्म के लेटर पैड, जिस पर फर्म का ''जी0एस0टी0 पंजीयन संख्या'' अंकित हो, पर लिखित प्रार्थना पत्र देकर निविदा फार्म रू0 100/-(रूपये एक सौ मात्र) नकद जमा करके संस्थान के कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त किये जा सकते है। मुहर बन्द निविदा स्वीकार करने की अन्तिम तिथि दिनॉक 30.07.2024 (अपरान्ह् 2.00 बजे तक) होगी। निविदा के आवेदन पत्र के साथ अर्नेस्ट मनी की धनराशि रू0 2,000/- (रूपये दो हजार मात्र) का बैक ड्राफ्ट जो निदेशक, सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध संस्थान, उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में लखनऊ में देय हो, संलग्न करना होगा।
3. निविदा के आवेदन पत्र के साथ आपूर्ति की जाने वाली वस्तुओं की सूची उपलब्ध होगी जिसके मूल्य निविदादाता को उल्लिखित करने है। निविदा अर्नेस्ट मनी राशि के बैक ड्राफ्ट सहित मुहरबन्द लिफाफा, संस्थान के कार्यालय कक्ष में स्थित सील बन्द निविदा बाक्स में दिनांक 30.07.2024 अपरान्ह् 2.00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा दिनांक 30.07.2024 को अपरान्ह् 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी जिसमें निविदादाता चाहे तो उपस्थित रह सकते है। निर्धारित अंतिम तिथि को अवकाश होने की दशा में अग्रिम कार्यवाही अगले कार्य दिवस में होगी। सभी फर्मो के लिए आवश्यक होगा कि वे अपने पैन कार्ड की 01 छायाप्रति तथा बैंक खाते की निरस्त (cancelled) चेक निविदा फार्म के साथ जमा करें।
4. निविदा स्वीकृत हो जाने पर सम्बन्धित फर्म को रू. 5,000/- (रूपये पाँच हजार मात्र) सिक्योरिटी मनी की धनराशि निदेशक, सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में देय बैक ड्राफ्ट द्वारा जमा करनी होगी। यदि आपूर्ति विलम्ब से हुई या स्वीकृत गुणवत्ता की वस्तुओं की आपूर्ति न की गई अथवा फर्म द्वारा आपूर्ति हेतु असमर्थता व्यक्त की गई तो निदेशक को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेकानुसार सम्पूर्ण सिक्योरिटी मनी या उसकी आंशिक धनराशि जब्त कर लें।
5. कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निदेशक, सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध संस्थान, उ0प्र0 लखनऊ में निहित होगा।
UP - 216687 दिनांक 26.06.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।
**(डा0 संजीव भारद्वाज)**
निदेशक

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# राज्यमंत्री ने की संचारी रोग नियंत्रण व स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

अभियान

- जन जागरुकता रैली को भी हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- विद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बेहतर रखें शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



लोगों को संबोधित करके राज्यमंत्री।



लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड देते राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान एवं स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सोमवार को जीआईसी आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ ही जन-जागरूकता रैली को भी झंडी दिखाई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने संचारी रोगों व उससे बचाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से साल में तीन बार डेंगू, मलेरिया, इंसेफ्लाइटिस, कालाजार और चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा। इसके बहुत अच्छे परिणाम आए हैं। वहीं स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ करते हुए उन्होंने कहा कि अभिभावक प्रत्येक दिवस अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। शिक्षकों का दायित्व है कि विद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बेहतर रखें। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा उपस्थित आशा बहुओं, संगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा स्कूली बच्चों को जागरूक करते हुए बताया गया कि इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग नोडल के रुप में तथा नगर विकास, पंचायती राज, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, ग्राम्य विकास, कृषि विकास, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, पशु पालन, दिव्यांग कल्याण विभाग सहभागिता करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को भागीदारी जरूरी है। संचारी रोगों के प्रसार पर नियंत्रण हेतु घरों के आस-पास तथा कूलर आदि में जलभराव न होने देने, फुल अस्तीन के कपड़े पहनने तथा मच्छरदानी का उपयोग करने के लिए उपस्थित बच्चों व आशा बहुओं को जागरूक किया गया। सीएमओ डा. अवधेश कुमार यादव ने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान दिमागी बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के संदेश प्रसारित करने के लिए आशा, आगनबाडी कार्यकत्री घर-घर सम्पर्क करें। साथ ही 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे अथवा क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्ति पाये जाने पर स्टीकर लगाएं। क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो, बुखार के रोगी, इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस रोगी, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्ति, कुपोषित बच्चों की सूची तैयार कर ब्लाक मुख्यालय पर उपलब्ध कराएं। मुख्य अतिथि मंकेश्वर शरण सिंह द्वारा पांच आयुष्मान लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत पांच क्षयरोग से ग्रसित मरीजों को पोषण पोटली का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी अंगद सिंह, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डा. बृजेश राठौर, एसपी दिनेश कुमार सिंह और सीडीओ अ. सुदन समेत कई विभागों के आलाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### 17 के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश संदिग्ध व्यक्तियों वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को पुलिस ने 17 अभियुक्तों के खिलाफ शांति भंग के तहत कार्यवाही की। जबकि पांच वारंटी व चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

### चोरी के सामान के साथ दो आरोपी किए गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को फतेहपुर पुलिस टीम ने धीरज ऊर्फ रवि वर्मा व राम आधार गौतम निवासी ग्राम हसनपुर टांडा को फतेहपुर बेलहरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई बैटरी, इक्कीस हजार छह सौ पचास रूपये व घटना में उपयोग लाई गई मोटर साइकिल बरामद कर ली गई।

### तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक जेसीबी मशीन सील

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी : अमृतविचार अवैध खनन की मिट्टी ढोने में लगी तीन ट्रैक्टर ट्राली व एक जेसीबी मशीन को पकड़ कर पुलिस ने सीज किया है। लोनी कटरा के हुसैनाबाद के पास अवैध खनन की सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से एक जेसीबी मशीन व तीन ट्रैक्टर ट्राली मिलीं। थाना अध्यक्ष दौमित्र सेन रावत का कहना है कि पुलिस को आता देख सभी वाहन चालक वाहन खड़े कर भाग निकले। जिन्हें थाने लाकर सीज कर एसडीएम को रिपोर्ट भेजी गई है।

### पिकअप की टक्कर लगने से वृद्ध की मौत

**बनीकोडर, बाराबंकी : अमृत विचार :** तेज रफ्तार पिक अप की टक्कर से एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भिजवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला असंद्रा थाना क्षेत्र के चौकी दिलावलपुर अंतर्गत बठौली गांव में गुड्डू के भट्ठा के पास का है। जहां सिटकिहा का पुरवा मजरे सुलेमपुर निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग गुरुदीन अपने किसी कार्य को लेकर मवई की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक पीछे से आ रही एक पिकप ने साइकिल में जोर दार टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घटना की सूचना चौकी पुलिस को दिया। चौकी पुलिस द्वारा घायल को सीएचसी बनीकोडर भिजवाया। जहा उसकी इलाज दौरान मौत हो गई। इस संबंध में एसओ जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है पिकप को पकड़ लिया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 60 फीसदी वाहनों में अब तक नहीं एचएसआरपी

## एआरटीओ कार्यालय में पंजीकृत हैं करीब साढ़े चार लाख वाहन, न जागरुकता न चल रहा अभियान



बिना एचएसआरपी लगी कार। अमृत विचार





मोटरसाइकिल से नंबर प्लेट गायब। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बिना एचएसआरपी लगी मोटरसाइकिल।



बाइक पर प्लेट है लेकिन नंबर गायब।

**अमृत विचार :** जिले में करीब 2.52 लाख से ज्यादा वाहन बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) के ही दौड़ रहे हैं। बिना एचएसआरपी के दौड़ रहे वाहनों में बड़ी संख्या व्यावसायिक वाहनों की भी है, जबकि इनमें एचएसआरपी लगवाने की समयसीमा फरवरी 2024 तक ही थी। सरकार ने एक अप्रैल 2019 से सभी प्रकार के वाहनों पर एचएसआरपी अनिवार्य कर दी थी। एक अप्रैल 2019 के बाद खरीदे जाने वाले वाहनों के लिए रजिस्ट्रेशन के साथ ही एचएसआरपी जारी की जाने लगी, इससे पहले खरीदे गए वाहनों पर एचएसआरपी वाहन स्वामियों को ही लगवानी थी। अवधि समाप्त होने के बाद भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। यहां तक जागरुकता के लिए अभियान भी नहीं चला जाता है।

जिले में लगभग साढ़े चार लाख से अधिक वाहन एआरटीओ कार्यालय में पंजीकृत हैं। इनमें 22 हजार छोटे-बड़े कॉमर्शियल वाहन भी शामिल हैं। शासन ने वर्ष 2019 में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की कवायद शुरू की थी। पहले तो लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगाने पर जब कार्रवाई होने लगी तो लोग सजग हुए। सबसे पहले चार पहिया वाहनों के मालिकों ने एचएसआरपी लगवाने में सजगता दिखाई, लेकिन अभी भी 60 फीसदी वाहनों यह नंबर प्लेट नहीं लग सकी हैं। इनमें बाइक व कार समेत अन्य वाहन शामिल हैं। जुर्माना का प्रावधान होने के बाद भी लोग एचएसआरपी को लेकर जागरुक नहीं हो रहे हैं। सीधे तौर पर यह कहा जाए कि अब भी जिले में लगभग ढाई लाख से अधिक वाहन बिना एचएसआरपी के दौड़ रहे हैं। आंकड़ों की मानें तो बिना एचएसआरपी के दौड़ रहे वाहनों में 80 फीसदी दुपहिया वाहन हैं। कई बार समयसीमा बढ़ाए जाने के बाद भी वाहन स्वामियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। वहीं जिले में कई वाहन बिना नंबर प्लेट लगाए ही दौड़ रहे हैं। इनमें नई व पुरानी गाड़ियां शामिल हैं।

> अगर वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगा है तो ऐसे वाहनों के लिए यातायात पुलिस व एटीआरओ विभाग द्वारा अभियान चलाया जाता है और कार्रवाई कर पांच हजार रुपये जुर्माना जमा कराया जाता है। जिन वाहन स्वामियों ने एचएसआरपी नहीं लगवाई है वह लगवालें। अन्यथा पकड़ने जाने पर कार्रवाई होगी। पूर्व में भी जुर्माना आदि लगाया गया है।
>
> -अंकिता शुक्ला, एआरटीओ प्रशासन

### ऑनलाइन करें आवेदन

वाहनों पर एचएसआरपी लगवाने के लिए परिवहन विभाग की वेबसाइड पर जाना होगा। इसमें वाहन स्वामी का पूरा नाम और पता भरना होगा। इसके बाद दो पहिया, चार पहिया या अन्य वाहन की श्रेणी के साथ वाहन कंपनी के डीलर को चुनना होगा। चेसिस नंबर और पंजीयन नंबर फीड करना होगा। आरसी और आईडी अपलोड करने पर ओटीपी आएगी। टाइम स्लॉट चुनने के बाद ऑनलाइन भुगतान करना होगा। दोपहिया और चार पहिया वाहनों पर एचएसआरपी लगवाने के लिए अलग-अलग धनराशि निर्धारित हैं। एचएसआरपी के लिए वाहन स्वामी http://www.siam.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भुगतान करके वाहन स्वामी प्लेट नजदीकी वाहन शोरूम और वर्कशॉप पर डिलीवर करा सकते हैं। इसके बाद नंबर प्लेट लगाने का समय मिलने का मैसेज आने पर उसी दिन निर्धारित स्थान पर जाकर नंबर प्लेट लगवा सकते हैं।

### रजिस्ट्रेशन प्लेट में हैं यह जानकारियां

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट में सात डिजिट का लेजर कोड यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर होता है। जिसमें वाहन संबंधी सभी डिटेल होती है। एचएसआरपी में रजिस्ट्रेशन मार्क, क्रोमियम बेस्ड होलोग्राम स्टिकर वगैरह गारंटी में कवर होंगे और ऐसे होंगे कि निकालने पर खराब हो जाएंगे। डुप्लीकेट नंबर प्लेट बनने से रोकने के लिए इसमें लेजर मार्क और होलोग्राम जैसे सुरक्षा उपाय भी रखे गए हैं। स्टिकर में रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी, रजिस्ट्रेशन नंबर, लेजर ब्रांडेड परमानेंट नंबर, इंजन और चेसिस नंबर तक की जानकारी होगी।

## सार-संक्षेप

### हर-हर, बम-बम से गूंजा लोधेश्वर महादेवा



लोधेश्वर महादेवा में उमड़े श्रृद्धालु। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा में शिव भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक होने के कारण मंदिर प्रशासन के द्वारा शिवलिंग पर कटघरा रखकर सभी को पूजा दर्शन करवाया गया। सोमवार को लोधेश्वर महादेवा धाम में सुबह से भक्तों का जलाभिषेक करने का क्रम शुरू हो गया। देखते ही देखते श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक हो गई की मंदिर प्रशासन को शिवलिंग पर कटघरा रखना पड़ा। इसके बाद शिवभक्तों का जलाभिषेक करने का जो क्रम जारी हुआ वह देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालु लोटा में जल, पुष्प, बेल पत्री, अक्षत आदि पूजन सामग्री लिए हुए हर हर बम बम के जयकारों के साथ स्वयंभू का जलाभिषेक करने के पश्चात मनवांछित फल की कामना की। ज्ञात हो कि धार्मिक मान्यता के अनुसार सप्ताह का हर दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा और व्रत करने का विधान है। सोमवार को शिव की पूजा करने से मनवांछित फल की कामना पूर्ण होती है।

### आठ माह से पद रिक्त, कैसे मिले न्याय



हैदरगढ़ में स्थित सिविल कोर्ट जूनियर डिवीजन। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** वादकारियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए दो दशक पूर्व हैदरगढ़ में वाह्य न्यायालय के रुप में स्थापित सिविल कोर्ट जूनियर डिवीजन में पिछले लगभग 8 महीनों से न्यायाधीश का पद रिक्त पड़ा हुआ है। जिसके चलते वादकारियों के हित प्रभावित हो रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के कार्यकाल में मई 2003 में क्षेत्र वासियों की मांग पर यहां पर सिविल कोर्ट जूनियर डिवीजन की स्थापना हुई थी। इसके बाद दीवानी व फौजदारी के तमाम मामलों की सुनवाई एवं फैसले यहीं पर होने लगे। वादकारियों को बाराबंकी की भाग दौड़ से निजात मिल गई, परन्तु यहां पर सिविल जज के रुप में नियुक्त सिद्धार्थ चतुर्वेदी के पिछले वर्ष 20 नवंबर को प्रमोशन पर चले जाने के बाद से रिक्त पद पर आज तक किसी अन्य जज की नियुक्ति नहीं हो सकी है। जिसके चलते आठ माह से वादकारियों को सस्ता व सुलभ न्याय नहीं मिल पा रहा है और उन्हें केवल तारीख पर तारीख मिल रही है। सूत्रों से पता चला है कि सिविल जज का पद रिक्त होने की वजह से पांच हजार से भी अधिक वाद लम्बित चल रहे हैं। क्षेत्र वासियों ने सिविल कोर्ट में अविलंब न्यायाधीश की नियुक्ति किए जाने की मांग की है।

### 40 महिलाओं की जांच कर दी गईं दवाएं



गर्भवती महिलाओं की जांच करतीं डा. स्वाति रतन। अमृत विचार

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। इसमें क्षेत्र की लगभग 40 गर्भवती महिलाओं की जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। हरख ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतरिख में महिला चिकित्सा अधिकारी डा. स्वाति रतन के द्वारा करीब 40 गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन, बीपी, गर्भवती महिलाओं की लंबाई, वजन, शरीर का तापमान आदि की जांच की गई है। महिला चिकित्सक ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को हर साल यह दिवस मनाने का उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान मां को उचित देखभाल करने को लेकर जागरूक करना है और वह गर्भावस्था का पता चलते ही जल्द खुद को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में दर्ज करवाएं और स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें।

### हंगामे के बाद खदान से डंपर, जेसीबी लेकर भागे खनन माफिया

**बाराबंकी : सतरिख बाराबंकी :** अनुमति की आड़ में सरकारी जमीन पर खनन करने पहुंचे खनन माफिया को किसानों और ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ गया। घंटों हंगामा के बाद खनन माफिया को डंपर और जेसीबी लेकर बैरंग वापस होना पड़ा। सतरिख थाने क्षेत्र के सहेलिया पंचायत के मजरे घौंसाबाद गांव निवासी शिवनाथ के खेत में मिट्टी खनन की अनुमति होना बताया जा रहा है और शिवनाथ के खेत से मिट्टी खनन होने के बाद पास के बृजेश कुमार, राहुल, रुपकुमारी तथा रामसमुझ आदि कई अन्य किसानों के खेत हैं। किसान बृजेश कुमार व राहुल यादव आदि का आरोप है कि दो दिन पहले रात में मिट्टी खनन कराने वाले लोग उनके खेतों से चोरी से मिट्टी खनन कर ले गए। इसके बाद पास में स्थित सरकारी जमीन में खनन के लिए सोमवार की भोर जेसीबी और डंपर लेकर पहुंचे थे। जानकारी मिलने पर कई किसानों के साथ ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और अपने खेतों के साथ ही सरकारी जमीन में मिट्टी खनन का विरोध लगे। घंटों हंगामा के बाद खनन माफिया डंपर और जेसीबी लेकर बैरंग वापस चले गए। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि किसानों की शिकायत पर खनन के कार्य को रुकवा दिया गया था और राजस्व टीम के द्वारा दोबारा चिन्हिकरण कराया गया था। उसके बाद भी यदि खनन के लिए पहुंचे हैं तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं नायब तहसीलदार ऋतुराज शुक्ला ने बताया कि दो दिन पहले ही खनन में लगे आधा दर्जन डंपरों को सीज कर पुलिस को सुपुर्द किया गया है। अवैध रुप से मिट्टी खनन कराने वालों पर सख्त कार्रवाई की की जा रही है।

# साहस और वीरता की अद्भुत मिसाल थे वीर अब्दुल हमीद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अदम्य साहस वीरता और देशभक्ति से ओतप्रोत वीर अब्दुल हमीद हमेशा आमजन के दिलो में बसे रहेंगे। उनकी कुर्बानी देश के लिए बेहद अनमोल है। युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्रवाद की राह पर चले और जरूरत पड़ने पर खुद को राष्ट्र के नाम पर न्यौछावर कर दे। बस यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने आवास पर वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे कही। उन्होंने बताया कि वीर अब्दुल हमीद का जन्म उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के धामूपुर गांव में एक जुलाई 1933 में एक साधारण, मसऊदी (डफाली) परिवार में हुआ था। वह पसमांदा समाज मे दर्जी बिरादरी से आते थे। उनकी माता का नाम सकीना बेगम और पिता का नाम मोहम्मद उस्मान था। कहा कि अब्दुल हमीद मसऊदी 27 दिसम्बर 1954 को भारतीय सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट में भर्ती हुए। बाद में उनकी तैनाती रेजीमेंट के 4 ग्रेनेडियर बटालियन में हुई। उन्होंने अपनी इस बटालियन के साथ आगरा, अमृतसर, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, नेफा और रामगढ़ में भारतीय सेना को अपनी सेवाएं दीं।

## दो शातिरों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी: अमृत विचार :** कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस ने अवैध शस्त्र और तमंचा बेचने वाले शातिर अपराध संगठित रूप से करने वाले दो लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया कि शातिर अपराधी चंद्रिका पुत्र स्व. गिरवर लोध निवासी भैंसी बेल्हा मजरे सैदापुर थाना सकरन जिला सीतापुर और गोविंद पुत्र राम लोचन निवासी भुडेहरी थाना रामसनेही अवैध शस्त्र और तमंचा बेचने का कार्य करते थे। इन दोनों पर कई थानों पर दर्जन भर मुकदमा दर्ज है। इनके क्रिया कलापों पर अंकुश लगाने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# शुरू हो गई संखिनी ड्रेन की सफाई

खबर का असर

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जलनिकासी का प्रमुख साधन संखिनी ड्रेन की सफाई न होने की खबर प्रकाशित होने के बाद बाढ़ नियंत्रण विभाग ने ड्रेन की सफाई का कार्य शुरु करा दिया है। जिसको लेकर क्षेत्र वासियों ने अमृत विचार का आभार व्यक्त किया है।

मालूम हो कि देवा क्षेत्र में स्थित संखिनी नामक ड्रेन क्षेत्र की जलनीकासी का प्रमुख साधन है। काफी दिनों से उसकी सफाई न होने के कारण आगामी बारिश क्षेत्रवासियों की धान की फसल डूबने का खतरा बढ़ गया था। जिसको लेकर अमृत विचार ने 29 जून के अंक में 'ड्रेन की सफाई न होने से डूबेगी धान की फसल' नामक शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिससे हरकत में आए बाद नियंत्रण विभाग उक्त ड्रेन की सफाई का कार्य शुरू कर दिया इसको लेकर क्षेत्र वासियों ने अमृत विचार द्वारा प्रकाशित खबर की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।




29 जून के अंक में प्रकाशित खबर।



ड्रेन की सफाई मं लगी पोकलेन मशीन। अमृत विचार

स्कूल चलो अभियान

नव प्रवेशित बच्चों का जिलाधिकारी ने किया स्वागत, उपहार पाकर बच्चों के खिले चेहरे, डीएम ने शिक्षकों को दी नसीहत, स्कूलों में हुआ आयोजन

# बच्चों को पढ़ाने का कार्य करें, शिक्षा देना पुण्य का काम : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बच्चों का स्वागत कर उन्हें उपहार देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत उत्सव एवं स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विकासखंड देवा के प्राथमिक विद्यालय भटेहटा में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने स्कूल में नामांकन कराने वाले बच्चों को तिलक लगाकर, माला और मेडल पहनाकर स्वागत किया। साथ ही पेंसिल, किताबें और चॉकलेट समेत अन्य उपहार भी दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसलिए अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है कि बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेंजे। बच्चा घर में न रुकने पाए। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से आपके खातों में पैसा भेजा जाएगा, जिसका उपयोग आप लोग बच्चों की ड्रेस, उनके बैग, जूता, मोजा खरीदने में करेंगे। सभी अभिभावक अपने बच्चों को साफ सुथरा करके प्रतिदिन नहलाकर निर्धारित ड्रेस में विद्यालय भेजें। डीएम ने शिक्षकों से कहा कि जैसे हम पूरी श्रद्धा के साथ अपने घरों में पूजा करते हैं, वैसे ही आप सभी यहां पर बच्चों को पढ़ाने का कार्य करें। शिक्षा देना बहुत ही पुण्य का काम होता है। इसको आप सभी पूरे मनोयोग और ईमानदारी से करें। सीडीओ अ. सुदन ने कहा कि शिक्षक अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों का पंजीकरण कराएं।

## मन लगाकर करें पढ़ाई



बच्चों का स्वागत करतीं बीडीओ डॉ. संस्कृता मिश्रा। अमृत विचार

मसौली क्षेत्र में भी नवीन शिक्षा सत्र के पहले दिन उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवला करसंडा में पहुंचे छात्र छात्राओं का खंड विकास अधिकारी डॉ. संस्कृता मिश्रा ने तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही बच्चों में फल का वितरण किया। बीडीओ द्वारा बच्चों को पुस्तक का वितरण करते हुए उनसे मन लगाकर पढ़ने की बात कही। इस मौके पर प्रधानाधियापिका शालिनी वर्मा, अध्यापिका उषा, सुनीता कांदु, अनुदेशिका ललिता सिंह, अनुचर सर्वेश कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मित्तल, ब्लाक वरिष्ठ सहायक अनिल दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### खेलते समय करंट लगने से बालक की मौत

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** खेलते समय करंट लगने से तीन वर्ष के मासूम बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैना निवासी प्रमोद का तीन वर्षीय बेटा अनीश जमीन में खेल रहा था। उसी समय पंखे के तार से चिपक गया। बच्चे के करंट की चपेट में आने से हड़कंप मच गया। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य रामनगर केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से घर में कोहराम मचा हुआ है।

### मोबाइल बरामद, दो चोर किए गए गिरफ्तार

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार :** छत पर सो रहे लॉ के दो छात्रों के मोबाइल चोरी हो गए है, सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने मोबाइल बरामद करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। सतरिख स्थिति टीआरसी लॉ कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र संजय कुमार व वीरेंद्र कुमार पूरेभग्गन मोहल्ले में भगौती के मकान में किराए पर रहते हैं। रविवार की रात दोनों छात्र छत पर सो रहे थे। उसी दौरान मोहल्ले के ही कुंदन कुमार और उसका दोस्त बाजार मोहल्ले का आकाश छत पर चढ़कर मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी की मदद से दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और चोरों की निशान देही पर मोबाइल भी बरामद कर लिया।

### बाइक की टक्कर से पिता पुत्र समेत तीन घायल

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** दो बाइकों की भिंडत में तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को सीएचसी सूरतगंज पहुंचाया तो डाक्टरों ने घायलों का उपचार किया।

# नए आपराधिक कानून प्रभावी, थानों में पाठशाला

## एडीजी जोन लखनऊ, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पढ़ाया नये कानूनों का पाठ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पूरे देश में आईपीसी और सीआरपीसी की जगह लागू हुए तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए सोमवार को जिला मुख्यालय से लेकर सभी थानों में पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। अब पुलिस नये आपराधिक कानून से अपराधियों को सबक सिखाएगी। इस अभियान के तहत एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिराडकर ने थाना क्षेत्र कुर्सी में गोष्ठी कर नए कानून के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, एएसपी सीएन सिन्हा, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर डॉ. बीनू सिंह और थाना अध्यक्ष कुर्सी गजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। शहर कोतवाली में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं व अधिवक्ताओं सहित मीडिया के लोगों को नए कानून की जानकारी दी। इस मौके पर क्षेत्राधिकार सदर जगतराम कनौजिया व शहर कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान व अधिकारी मौजूद रहे। तो वहीं देवा कोतवाली परिसर में थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे की अध्यक्षता में नए कानूनों में हुए बदलाव के बारे में ग्राम प्रधानों विद्यालय के प्रधानाचार्य, छात्र-छात्राओं व अधिवक्ताओं को बतलाया गया। इस मौके पर देवा नगर पंचायत अध्यक्ष हारून वारसी, वसीम अहमद प्रधान प्रतिनिधि सलारपुर, शान बहादुर सहित तमाम लोग मौजूद रहे। दरियाबाद थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर अधिवक्ताओं छात्र-छात्राओं व शिक्षकों सहित आसपास के सम्मानित लोगों को नए कानून की जानकारी से अवगत कराया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डाक्टर अमित दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मसौली थाने में प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नए कानून में हुए बदलाव को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने नए कानून में हुए बदलाव और उनकी बारीकियों के बारे में उपस्थित लोगों से विस्तार से चर्चा की। थाना कोठी में प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रामनगर थाने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार पाठक की अध्यक्षता एवं थाने के प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पांडेय के संयोजन नये कानूनों की जानकारी देने के लिये गोष्ठी हुई। वहीं मोहम्मदपुर खाला थाने में निरीक्षक अनिल सिंह की उपस्थिति में नये कानूनों की जानकारी देने के लिये बैठक आयोजित की गई।


लोगों को नये कानून की बारीकियां समझाते एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिराडकर।


नगर कोतवाली में लोगों को समझाते एसपी दिनेश कुमार सिंह।


देवा कोतवाली में नये कानूनों की जानकारी देते प्रभारी अनिल कुमार पांडे।

### दो केस मोहम्मदपुर खाला, तीसरा कोठी थाने में दर्ज

सोमवार को जहां पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिला मुख्यालय से लेकर बाकी सभी थानों में गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा था। वहीं मोहम्मदपुर खाला थाना में नए कानून के तहत पहला मुकदमा दोपहर 12:01 मिनट पर अवध राम पुत्र भगवान दीन गौतम द्वारा गाली गलौज, मारपीट व अन्य धाराओं में लिखवाया गया। मोहम्मदपुर खाला थाने में ही इसी मामले में क्रॉस मुकदमा दोपहर 12:05 मिनट पर विपक्षी अवध राम पुत्र भगवान दीन गौतम द्वारा लिखवाया गया। नए कानून के तहत तीसरा मुकदमा कोठी थाने में दोपहर 12:21 मिनट पर चोरी सहित अन्य धाराओं में राम शंकर द्वारा लिखवाया गया। तो चौथा मुकदमा थाना फतेहपुर और पांचवां मुकदमा दरियाबाद थाने में लिखा गया।

> तीन नये उपयोगी कानूनों द्वारा जनसहयोग से अधिक सुरक्षा का माहौल बनाना है। उम्मीद करता हूं पुलिस को हर अच्छे प्रयास में आम लोगों का सहयोग मिलेगा। हम पारदर्शी तरीके से काम करेंगे, उत्तर प्रदेश सरकार को भी यही अपेक्षा है।
>
> -एस.बी. शिराडकर, एडीजी

> अब कहीं से भी ई एफआईआर दर्ज कराई जा सकेगी। बस तीन दिवस के अंदर हस्ताक्षर के लिए आना होगा। इसके अलावा किसी स्थान के घटना की एफआईआर किसी दूसरे स्थान से भी दर्ज होगी। वह थाना उसे स्थानांतरित कर देगा।
>
> -दिनेश कुमार सिंह, एसपी

# मुख्य मार्ग पर गंदगी, चोटिल हो रहे लोग

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुरारपुर मिर्जा का पुरवा रोड पर जमा गंदगी व कीचड़ लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। आए दिन बाइक से चलने वाले लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। इससे लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

दरियाबाद विकास खंड के मुरारपुर ग्राम पंचायत से गुजरने वाले मिर्जा का पुरवा मार्ग पर कीचड़ होने से आए दिन गुजरने वालें राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ता है । कीचड़ में फिसल कर बाइक सवार घायल होते हैं लेकिन ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी इस बात से बेखबर हैं। इस मार्ग से निकलने वाले ग्रामीणों राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से रास्ते पर व्याप्त गंदगी को हटवाने की गुहार लगाई है। वहीं दूसरी ओर जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाने की योजना को लेकर गांव के खोदी गई इंटरलॉकिंग को संबंधित ठेकेदार ने दुरुस्त नहीं कराया है। बीच मार्ग पर गड्ढा होने से ग्रामीणों का आवागमन जोखिम भरा है। लोग गिर कर चोटिल हो रहे हैं। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया की सफाई कर्मी भेज कर गंदगी साफ करवाई जाएगी व मार्ग को सुगम किया जाएगा।


गंदगी के बीच से निकलते लोग।


खोदी गई इंटरलॉकिंग।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी: अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के शारदा सहायक नहर पटरी संपर्क मार्ग पर अज्ञात पिकप की टक्कर से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। लोनीकटरा क्षेत्र के खैरा कनकू गांव निवासी महेश रावत का 24 वर्षीय पुत्र अर्जुन सोमवार को बाईक से हैदरगढ़ के पोखरा बाजार जा रहा था कि रास्ते में शारदा सहायक खण्ड 28 की नहर पटरी पर बडवल पुल के पास पहुंचते ही हैदरगढ़ की ओर से आ रही तेज गति से अज्ञात पिकप गाड़ी ने टक्कर मार दी। परिजनों ने उसे सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुचाया। जहां से उसे लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# मनमानी पर उतारू एसडीएम मुख्यमंत्री से की शिकायत

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अतिक्रमण हटाने को लेकर तहसील प्रशासन द्वारा बरती जा रही शिथिलता के मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कस्बा के मार्ग व तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की है।

चेयरमैन रामशरण पाठक ने शिकायती पत्र में कहा है कि रामनगर से सहादतगंज जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ी किया जाना है, लेकिन एसडीम रामनगर पीडब्ल्यूडी एवं नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज सड़क की लंबाई चौड़ाई मानने को तैयार नहीं हैं। जबकि जिलाधिकारी ने तीन दिनों के अंदर अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम को निर्देशित किया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा भी लगातार अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए जा रहे हैं, लेकिन उपजिलाधिकारी कुछ भी मानने को तैयार नहीं हैं। जिसके कारण अतिक्रमण नहीं हट पा रहा है। इसके अलावा तालाब पर लोगों के द्वारा पाट कर अवैध कब्जा कर लिया गया है, घर बना लिये गये हैं। तत्कालीन उपजिलाधिकारी केडी शर्मा ने तालाब से अवैध अतिक्रमण हटाए जाने का स्पष्ट आदेश भी जारी किया था।

# दलित युवती को घर में बंधक बनाकर दो दिन तक दुष्कर्म

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सतरिख थाने के एक मोहल्ले में दलित युवती को घर में बंधक बनाकर दो दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया गया। किसी तरह घर पहुंची युवती ने परिवार को आपबीती सुनाई। एसपी से शिकायत के बाद सतरिख पुलिस मुकदमा दर्ज करने की बात कह रही है। सतरिख कस्बे की रहने वाली युवती का आरोप है कि बीती 25 जून की सुबह करीब 9 बजे वह अकेले अपने घर से घूर में कूड़ा डालने जा रही थी। इसी दौरान विपक्षी आ गया और मुंह दबाकर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में खींच ले गया। जहां पर हाथ पैर बांधकर मेरे साथ दुष्कर्म किया।

उसी दिन रात करीब नौ बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से उठाकर एक बाग में बने प्रधानमंत्री शहरी आवास में मुझे ले जाया गया। वहां दो दिनों तक बंधक बनाए रखा और मेरे साथ दुष्कर्म करता रहा।

> युवती परिवार संग थाने पर आई थी। पूछताछ में ऐसा कुछ नहीं मिला। दोनों में पहले से मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अमर कुमार चौरसिया, प्रभारी निरीक्षक, सतरिख

### सीएचसी में तैनात कर्मी कर रहा वसूली

**बाराबंकी: अमृत विचार :** आशा बहू स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष सुनीता देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी ब्लॉकों से आई आशाओं की समस्याओं को भी सुना गया। बैठक के बाद छह सूत्रीय मांग पत्र मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंपा गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि 24 घंटे कार्य करने वाली आशाओं का समय से भुगतान नहीं किया जाता है। वहीं इनके साथ अवैध वसूली की जाती है। जिसकी शिकायत कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से की गई है। आशाओं ने सीएचसी सतरिख में तैनात अजय कुमार वर्मा पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं।

# लस्सी पीते ही पेट में होने लगा दर्द

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एक मिठाई की दुकान पर रविवार की शाम लस्सी पीने से तीन लोग बीमार हो गए। जिनको सीएचसी देवा में उपचार के बाद देर रात घर भेज दिया गया। मामला बढ़ता देख फूड विभाग की टीम ने दुकान से लस्सी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है।

मामला कस्बा देवा के आर्यावत बैंक के सामने स्थित राम भरोसे स्वीट हाउस का है। यहां पर रविवार की शाम देवा क्षेत्र के पींड गांव निवासी अंकित वर्मा, फरहान सलमानी और कृष्ण प्रीत ने लस्सी पीकर घर आए। कुछ देर बाद तीनों के पेट दर्द और उलझन होने लगी। परिजन तुरंत तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा पहुंचे। जहां तीनों का उपचार किया गया। जिसके बाद परिजनों ने मिठाई की दुकान पर पहुंच अपनी आपत्ति जताई। इस दौरान दुकान मालिक और परिजनों के बीच जमकर बहस हुई। मामला बढ़ता देख मौके पर पहुंची पुलिस दुकान मालिक संदीप गुप्ता को थाने ले आई और देर रात कोई लिखित शिकायत न मिलने पर उसे छोड़ दिया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गोंड ने बताया कि तीनों लोगों को फूड प्वाइजनिंग के कारण पेट में दर्द की शिकायत थी। जिनका उपचार किया गया था और अब सभी लोग पूरी तरह स्वस्थ हैं। दुकान मालिक संदीप गुप्ता ने बताया कि इन लोगो ने लस्सी खट्टी होने की शिकायत की थी जिसके बदले में इन सभी को दूसरी लस्सी दी जा रही थी। वहीं अगले दिन फूड विभाग की टीम ने संबधित दुकान पर पहुंच कर लस्सी का सैंपल लेकर जांच को भेजा है।


सीएचसी देवा में इलाज कराते मरीज।

**मनाया जन्मदिन** अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पूर्व मंत्री ने की पीडीए पौधरोपण की शुरुआत

# गठबंधन रहेगा जारी, 2027 में यूपी से भाजपा होगी साफ : गोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन को लेकर जिले के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में काफी उत्साह दिखा। अपने नेता के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सपा नेता व कार्यकर्ता एक हफ्ते तक वृक्षारोपण अभियान चलाएंगे। जिसमें पीडीए पेड़ के रूप में बरगद, पीपल और नीम के पेड़ लगाए जा रहे हैं। सपाइयों का कहना है कि हर तरफ फैले हुए तरह-तरह के प्रदूषण को दूर करने के लिए, आवश्यकता जमीन से जुड़े पेड़ों की है, मानव निर्मित शाखाओं की नहीं। इस मौके पर सोमवार को वृक्षारोपण करते हुए सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप ने कहा कि पीडीए पेड़ पौधारोपण के इस आंदोलन को हम राष्ट्रव्यापी आंदोलन बनाएंगे। पार्टी फ्रंटल संगठन के जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, शाफे जुबेरी समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा पीडीए पौधरोपण कार्यक्रम के तहत सप्तप्रेमी नगर स्थित रामसेवक यादव पार्क में पौधारोपण एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया था। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु होने की कामना करते हुए समाजसेवियोंको पौधे भेंट किए।

अरविंद सिंह गोप ने कहा कि वृक्षारोपण हरियाली देने के साथ, पर्यावरण को शुद्ध भी रखता है। गरीब और किसान इसकी छाया में बैठकर आनंद महसूस करता है। इसीलिये हम लोग अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पौधारोपण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश का कोई भी संगठन समाजवादी पार्टी के संगठन का मुकाबला नहीं कर सकता है। समाजवादी पार्टा को नेता जी यानी मुलायम सिंह यादव ने बनाया है।


पौधारोपण करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

### केक काटकर मनाया जन्मदिन


केक काटते सपा विधायक व अन्य नेता। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में पूर्व मंत्री विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई, धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, सुरेंद्र सिंह वर्मा, रामगोपाल रावत और पूर्व विधायक रतनलाल राव सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने केक काट और मुंह मीठा कराकर अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की। वहीं सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोनू रावत द्वारा ग्राम शुक्लई में आयोजित पीडीए पौधरोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण भी किया।

## सार-संक्षेप

### डीएम और एसपी ने चिल्ड्रन पार्क का किया उद्घाटन


पौधारोपण करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को दसवीं पीएसी बटालियन परिसर में बने चिल्ड्रन पार्क का फीताकाट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक जुलाई से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव अभियान के तहत पीएससी के जवानों को पौधारोपण कर पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया। डीएम और एसपी ने पीएसी परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस मौके पर सेनानायक अरुण कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### 400 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब, बिजली गुल

**मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार :** ग्राम बांसा में रखा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर रविवार के दिन 11बजे खराब हुआ। सोमवार की शाम तक ट्रांसफार्मर आने की उम्मीद जताई जा रही है। गर्मी से लोग बेहाल रहे। वहीं एक एक बूंद पानी को उपभोक्ताओं को तरसना पड़ा और मोबाइल चार्जिंग आदि की व्यवस्था से भी दो-चार होना पड़ा। 33/11विद्युत उपकेन्द्र मसौली के अन्तर्गत ग्राम बांसा में रखा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर रविवार के दिन करीब 11 बजे खराब हो गया। जिसके बदलने के लिए सोमवार को जिला मुख्यालय भेज गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि शाम तक ट्रांसफार्मर आ जायेगा। जो देर रात तक बिजली सप्लाई शुरु हो सकेगी। बताते चले कि ग्राम बांसा में करीब 15 हजार की आबादी है। जिसमें करीब 400 उपभोक्ताओं की संख्या है। रविवार की सुबह करीब 11 बजे टांसफार्मर खराब हो गया था। जिस कारण रविवार दिन, रात और सोमवार दिन भर बिजली गुल रही।

### अधिवक्ताओं की जारी रहेगी हड़ताल

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** अधिवक्ताओं की अधिकारियों से वार्ता न होने के कारण हड़ताल एक सप्ताह के लिए ओर बढा दी गई है। आगामी शुक्रवार को न्यायालयों पर लम्बित मामलों के निस्तारण की प्रगति को देखते हुए आगे की रणनीति तय की जाएगी। मालूम हो कि अविवादित दाखिल खारिज, कागज दुरूस्ती के मामलें तथा न्यायालयों द्वारा दिये गये आदेशों का इन्द्राज समय से न होना लेखपालों द्वारा पावन की रिपोर्ट में अलूल-जलूल आख्या डालकर न्यायालयों पर भेजना तथा पावन रिपोर्ट समय से न आने को लेकर अधिवक्ताओं ने कलम बन्द हडताल शुरु की थी। 15 दिन से किसी भी अधिवक्ता व मुंशी के तहसील परिसर में जाने पर पूर्णतय : प्रतिबन्ध लगा दिया गया था। सोमवार को दि बार एसोसिएशन सभागार में आमसभा की बैठक हुई। जिसमें बार अध्यक्ष प्रदीप निगम ने कहा कि सभी न्यायालयों के अविवादित मामलों में 40 प्रतिशत कार्य अभी अधूरा है। एसडीएम से इन मामलों के बारे में अभी वार्ता नही हो सकी है। बैठक में महामंत्री संजय सिंह, हरिनाम सिंह, अलीउद्दीन शेख, सतीश वर्मा, मदन मोहन मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, अवधेश श्रीवास्तव, शशेन्द्र, नफीस, श्रवण, ओमप्रकाश, प्रेमचन्द्र, राकेश समेत कई अधिवक्ता रहे।

### मां की याद में लगाया पौधा

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा सोमावर को कस्बा स्थित उद्यान मे बरगद का पेड़ रोपित कर धरती पर हरियाली बढ़ाने का सन्देश दिया गया। पीयूष मिश्रा ने अपनी स्व. मां की पुण्यतिथि पर बरगद का पेड़ रोपित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा बीते कई वर्षों से धरती पर हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जाता है। इसी क्रम में पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। बरसात के मौसम मे लक्ष्य संस्था के स्वयंसेवकों द्वारा धरती पर हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से क्षेत्र के अनेक स्थानों पर पौधरोपण किया जाएगा एवं लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

### ब्लॉक में अफसरों के साथ बैठक का प्रधानों ने किया बहिष्कार

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार :** विकास खंड हरख के पटेल सभागार में सोमवार को ब्लॉक के अफसरों द्वारा बुलाई गई बैठक का ग्राम प्रधानों ने बहिष्कार कर दिया। प्रधान बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे बैठक कुछ समय में ही बिना विकास कार्यों पर चर्चा के समाप्त हो गई।। विकास खंड हरख के पटेल सभागार में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की दोपहर दो बजे से ब्लॉक सभागार में सभी ग्राम प्रधानों की बैठक अफसरों के साथ होनी थी। प्रधान संघ के कड़े विरोध के कारण बैठक में शामिल होने ग्राम प्रधान नहीं पहुंचे। हरख प्रधान व प्रधान संघ की ब्लॉक अध्यक्ष सीमा वर्मा का कहना है कि बैठक का प्रधानों ने बहिष्कार किया है। बैठक में शामिल होने प्रधान ब्लॉक नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने कहा है कि कुछ दिन पहले प्रधान संघ की ओर से मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर कुछ मुद्दों पर कार्रवाई के लिए मांग की गई थी।

### भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह 'सिद्धू' का निधन

**बाराबंकी : अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला सत्यप्रेमी नगर निवासी 62 वर्षीय सुधीर कुमार सिंह 'सिद्धू' का लंबी बीमारी चलते सोमवार को सुबह लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। सिद्धू पिछले दो वर्ष से बीमार चल रहे थे, उन्हें बाथरूम में गिरने से रीड की हड्डी में चोट लगी थी। जिसका ऑपरेशन दिल्ली के एक अस्पताल में हुआ था। बीच में सिद्धू के स्वास्थ्य में सुधार भी हुआ, लेकिन कुछ दिनों पूर्व उनकी किडनी में इंफेक्शन हो गया और लखनऊ में भर्ती होना पड़। सिद्धू के निधन की खबर फैलते ही पूरे जनपद के भाजपा नेता व अन्य लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सिद्धू का अंतिम संस्कार नागेश्वर नाथ स्थित श्मशान घाट में किया गया। सिद्धू अपने पीछे पत्नी पूनम सिंह तथा पुत्र जयदीप सिंह व गुरदीप सिंह को छोड़ गए। सिद्धू राजनाथ सिंह के बहुत करीबी माने जाते थे। उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों एवं अंत्येष्ठी में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्या, राम कुमारी मौर्या, खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी संतोष सिंह, विधायक साकेंद्र वर्मा, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत, उपेंद सिंह रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, रामनाथ मौर्य, विधायक दिनेश रावत, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, डॉ.पी एल पुनिया, पूर्व एमएलसी राजेश यादव, रामगोपाल रावत, डाक्टर कुलदीप सिंह, विजय आनंद बाजपेई, डॉक्टर विकास यादव, रामस्वरूप यादव, अवधेश श्रीवास्तव, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, बैजनाथ रावत, महामंत्री संदीप गुप्ता, शील रतन मिहिर, गुरशरण लोधी, सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह 'ज्ञानू', राम प्रकाश श्रीवास्तव, विष्णु प्रभाकर वर्मा, पालिका अध्यक्ष शीला सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।


सुधीर सिंह 'सिद्धू'

### लाखों के जेवरात व नकदी पर किया हाथ साफ

**कोठी, बाराबंकी : अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक ही पंचायत के दो अलग अलग गांवों मे रविवार देर रात चोरों ने दो घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया और मेंथा आयल, कीमती जेवरात सहित लाखों की नकदी पर हाथ साफ किया। जानकारी होने पर पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू की। पहला मामला जानीपुर गांव का है। रविवार को यहां के निवासी रामशंकर और उनका परिवार रात में खा पीकर सो गये। आधी रात खटपट की आवाज सुनकर उनके लड़के अनिल कुमार और आनंद जगे तो देखा पैनल की लाइट जल रही थी और पास के गांव के कुछ लोग असलहे के दमपर घर में रखा एक कुंतल बीस किलो मेंथा ऑयल, बक्शे में रखा कीमती जेवर जिसमें मंगलसूत्र, मांगबेदी, पायल, हाथ फूल, चांदी के नारियल व सुपारी और चांदी का खंगाला सहित ग्यारह हज़ार की नकदी उठा ले गये। पीड़ित रामशंकर के लड़कों का कहना है कि चोरी कर रहे चारों लोग सरदारगंज के रहने वाले हैं। जान माल की रक्षा के लिए दोनों अपने ही घर में हो रही चोरी को देखते रहे। सुबह पीड़ित परिवार ने घटना की जानकारी कोठी थाने में देते हुए दो लोगों को नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जबकि दूसरी चोरी की घटना दूसरे गांव गोबरेभगतपुरवा की है। यहां के रहने वाले अंकित यादव के घर पर चोर घर में छत के रास्ते घुसे और घर में रखे तीन लाख रूपये के जेवरात व चालीस हजार रूपये की नकदी पर हाथ साफ़ कर दिया। सुबह नींद खुलने पर बिखरे हुए सामान को देख चोरी की घटना की जानकारी हुई।

### नवजात बच्ची का मिला शव

**निंदूरा, बाराबंकी : अमृत विचार :** टिकैतगंज कस्बे से बाबागंज रोड पर सड़क किनारे प्लाट की दीवार के पास नवजात बच्ची का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। नवजात बच्ची का शव किसने डाला, इसका पता नहीं लग सका। कुर्सी थाना क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज स्थित बाबागंज रोड पर सिराज इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के सामने प्लाट की दीवार के पास सोमवार दोपहर एक नवजात बच्ची का शव पड़ा मिला। शाम करीब चार बजे नवजात बच्ची के शव को पंछी नोच रहे थे। आसपास के लोगों की नजरें शव पर पड़ी। शव की जानकारी होते ही मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुर्सी थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि नवजात का शव पाया गया।

**आज का मौसम**

आगामी 24 घंटे में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

32.0° अधिकतम तापमान | 25.5° न्यूनतम तापमान

**एक नजर**

### भारतीय न्याय संहिता के तहत पटरंगा में चोरी का पहला मामला दर्ज

**रुदौली, अयोध्या :** भारतीय न्याय संहिता के तहत जिले में पहला मुकदमा चोरी का पटरंगा थाने में दर्ज हुआ है। सहबादचक गांव में मनरेगा कार्य के लिए शिलापट लगाया गया था। रविवार की देर रात कुछ युवकों द्वारा तोड़कर उसे ले जाया जा रहा था। ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंचकर मकनगंज गांव निवासी मो.अफजाल, मो. अयाज, मो. शाहिद को देर रात पुलिस को सौंपा। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि ग्राम प्रधान की तहरीर में नामजद तीनों के खिलाफ धारा 303(2) 317(2) के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## 24 घंटे से रामकोट में बिजली गुल मचा हाहाकार

**अयोध्या। अमृत विचार:** राम मंदिर से सटे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र रामकोट में 24 घंटे से अधिक समय से भी दर्जनों मंदिरों में अंधेरा छाया हुआ है। यहां तक कि भगवान के भोग राग और सेवा में भी दिक्कतें खड़ी हो गई है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में अधिकतर घरों और मठ मंदिरों में अंडरग्राउंड बिजली की सप्लाई दी जा रही थी, लेकिन बीते रविवार को दोपहर में अचानक अंडरग्राउंड सप्लाई खराब हो जाने के कारण बिजली चली गई थी। जिसके कारण श्रृंगार भवन, छविनाथ भवन, आनंद भवन, सीताराम मंदिर, राम कचहरी, रामनिवास सहित लगभग तीन दर्जन से अधिक घरों में बिजली बाधित है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मोबाइल बंद आ रहा है। अभी तक कोई भी व्यक्ति सही जानकारी नहीं दे पा रहे हैं कि कब तक बिजली आएगी।



जलवानपुरा में साफ-सफाई के लिए नगर निगम ने उतारी नाव। अमृत विचार



धनीराम का पुरवा में घरों के बाहर भरा बारिश का पानी। अमृत विचार



जनौरा की गलियों में भी जलभराव।

# जलवानपुरा में उतारी नाव, अब प्रमुख सचिव ने दी तारीख

### रविवार रात हुई बारिश के बाद फिर कई इलाकों में भरा पानी

### पानी निकासी के लिए दी जा रही तारीख दर तारीख

**प्रमुख सचिव नगर निकाय ने की नगर के हालात की समीक्षा**

### प्रमुख सचिव बोले- लागू करें इन्टीग्रेटेड ड्रेनेज स्टार्म वाटर मैनेजमेन्ट प्लान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामनगरी का जलवानपुरा मोहल्ला पिछले 10 दिन से भीषण जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। तालाब बने मोहल्ले में सोमवार को नाव उतार दी गई। यहां से जल निकासी के लिए एक नई तारीख दे दी गई। स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंचे नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने आठ जुलाई तक जल निकासी की समस्या से निजात के लिए पंप हाउस को चालू करने की बात कही।

बारिश से मोहल्ले में हुए भीषण जलभराव के कारण अब बीमारियों का खतरा है। पानी से बदबू आने लगी है। ऐसा वहां के लोगों का कहना है। कई परिवार यहां से चले गए। कचरे के सड़ने से बीमारी फैलने का अंदेशा उत्पन्न हो रहा है। ऐसे में पहले इस समस्या के निदान को लेकर नगर निगम प्रशासन ने जलवानपुरा में नाव उतार दी है। इसके जरिए क्षेत्र में भर गंदे पानी के अंदर से कचरों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। दूसरी ओर मोहल्ले के लोग भीषण जलभराव से अब भी परेशान हैं।

सोमवार यहां पहुंचे नगर विकास सचिव अमृत अभिजात ने जल भराव की समस्या से जूझ रहे जलवानपुरा का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने क्षीरसागर और जनौरा का भी निरीक्षण किया। मंडलायुक्त गौरव दयाल और नगर आयुक्त संतोष कुमार ने जलवानपुरा क्षेत्र स्थित क्षीर सागर की जानकारी दी। बताया कि क्षेत्र में जल निकासी के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण से पंप हाउस निर्माण किए जाने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन कुछ वैधानिक अड़चनों के कारण देर हो रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र कुमार ने जानकारी दी कि काम पूरा करने के बाद जल निकासी का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

प्रमुख सचिव ने कहा कि यह काफी पुराना तालाब है। जिस पर कोर्ट का स्टे भी है। इसके कारण तालाब का कार्य नहीं हो पा रहा है। इसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण एक वृहद योजना तैयार की है, जिसके तहत युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है आठ जुलाई तक कार्य समाप्त हो जाएगा उसके बाद इस स्थान से पानी निकासी का कार्य प्रारंभ होगा। इसके पूर्व नगर आयुक्त संतोष कुमार ने एक सप्ताह और मंडलायुक्त गौरव दयाल ने तीन दिन के अंदर जल निकासी से मुक्ति दिलाए जाने की बात कही थी। लोगों में नाराजगी है लेकिन आशा भी है कि जल्दी सब कुछ ठीक हो जाएगा। प्रमुख सचिव ने कहा कि नगर निगम पानी निकलने का कार्य कर रहा है। नाव भी लगा दी गई है। मच्छर न फैले इसके लिए दवाओं का भी छिड़काव किया जा रहा है। कहा कि कुछ ऐसे लोग हैं जिन्होंने कोर्ट से इस स्थान को लेकर स्टे प्राप्त किया है, लेकिन तालाब पर लोग कोर्ट का स्टे ले रहे हैं तो खामियाजा भी सबको भुगतना पड़ता है।



जलवानपुरा में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, मंडलायुक्त गौरव दयाल व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## जल्द ही हैदराबाद की तर्ज पर होगी जल निकासी

**कहा- जल निकासी के लिए 440 करोड़ रुपये की परियोजना का तकनीकी परीक्षण कराकर इसे जल्द से जल्द कराएं चालू**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने अफसरों के साथ शहर के हालात की समीक्षा की। शहर में अतिवृष्टि प्रभावित विभिन्न स्थलों पर की जा रही कार्रवाई को लेकर नगर निगम, पीडब्लूडी, जलनिगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने जलनिकासी के लिए स्थापित पम्प सेटों और अन्य प्रबंधों के बारे में जानकारी दी। प्रमुख सचिव ने हैदराबाद की तर्ज पर अयोध्या धाम के जल निकासी के लिए इन्टीग्रेटेड ड्रेनेज स्टार्म वाटर मैनेजमेन्ट प्लान लागू करने का निर्देश दिया। अयोध्या विकास प्राधिकरण से जल निकासी के लिए 440 करोड़ रुपये की परियोजना का तकनीकी परीक्षण कराकर इसे चालू कराया जाए। उन्होंने अयोध्या बाईपास पर जलनिकासी के लिए पहले से निर्मित नालों को देखा। उनमें दिखी खामियों को ठीक करने के लिए कहा। इस दौरान अयोध्या मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, संतोष कुमार शर्मा सहित नगर निगम के अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### निचले इलाकों में पंपिंग स्टेशन की व्यवस्था का निर्देश

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने अतिवृष्टि के कारण जलभराव से प्रभावित शहर के जनौरा, सरस्वतीपुरम सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। उनके साथ अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय और नगर निगम की टीम बी थी। जलनिकासी के लिए किए गए प्रबन्धों को देखा। मौजूद लोगों ने बताया कि पिछले कई वर्षो से बारिश के दौरान जलभराव की समस्या होती है। मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को शहर के ऐसे मोहल्लों, जिनमें पुरानी बसावटों व निचले भाग में होने के कारण जलनिकासी नही हो पाती है उन मोहल्लों में उचित स्थलों का चयन कर स्थायी रूप से पम्पिंग स्टेशन की स्थापना करते हुए नालों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विभिन्न कालोनियों में नगर निगम से जलनिकासी के लिए कुल 90 पंप टीम लगाई गई है। जो 24 घंटें अलर्ट मोड पर है। जलभराव की समस्या को लेकर नगर निगम में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है।

### मरम्मत के लिए शहर की गलियों में उतारी गई जेसीबी

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहर के मार्गों की खराब सड़कों की मरम्मत कराने के लिए जेसीबी उतारी गई है। शहर के राठ हवेली में सोमवार को सड़क को दुरुस्त करने के लिए जेसीबी लगाई गई। इसके साथ ही तमाम अन्य सड़कों का निरीक्षण करने के बाद जरूरत के मुताबिक मरम्मत का काम कराया जा रहा है। शहर की गलियों से दूसरे मार्गों पर सीवर लाइन से सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है।

### फिर हुआ जलभराव, राठहवेली में धंसी सड़क

जलभराव की समस्या से शहर को निजात नहीं मिल पा रही है। इधर निगम जलभराव से निजात की कोशिश करता है तो दूसरी ओर बारिश फिर जलभराव की स्थिति पैदा कर देती है। रविवार को बारिश के बाद देवकाली, अश्विनीपुरम सहित कई अन्य मोहल्लों में पानी भर गया। उधर, बारिश के बाद राठहवेली में एक बार फिर से सड़क धंस गई।




राठहवेली में रविवार शाम धंसी सड़क की मरम्मत में जुटी जेसीबी।

# हमले में घायल युवक की मौत, थाना घेरा

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी युवक पर हुए धारदार हथियार से हमले के बाद घायल ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। 11 दिन मेडिकल कॉलेज में भर्ती रहने के बाद रविवार देर रात जब शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। सुबह लोगों ने अंतिम संस्कार न कराने और कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं थाने में पहुंच गईं। पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। आईजी के आश्वासन के बाद लोग माने और शव का अंतिम संस्कार कराया गया।

थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी अजय गौड़ पुत्र रामनयन उर्फ पप्पू की लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार देर रात शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया। सुबह तक रिश्तेदार सगे संबंधियों व परिजनों सहित सैकड़ों की संख्या में बाजारवासी एकत्रित हो गए। कार्रवाई के नाम पर स्थानीय पुलिस पर तरह-तरह के आरोप लगने शुरू हो गए।



तारुन थाना परिसर में मौजूद बड़ी संख्या में महिलाएं। अमृत विचार

### धारदार हथियार से हुआ था हमला

स्टेब्लाइजर लगवाने के लिए अजय गौड़ को फतेहपुर मोती मिश्र का पूरा निवासी राम अनुज मिश्र उर्फ बब्लू मिश्रा अपने साथ बुलेट से ले जा रहे थे। तारुन नंशा मार्ग पकड़िया पेड़ के आगे दूध डेयरी के दूध लेने के लिए रुक गए। एफआईआर के मुताबिक अजय के सिर पर किसी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

इधर, परिजन कार्रवाई के लिए थाने का घेराव और धरना प्रदर्शन की चेतावनी देने के साथ शव का अंतिम संस्कार न करने पर अड़ गए। इसकी खबर सुनते ही तारुन थाना पुलिस के हाथ पांव फूल गए। कुछ ही देर बाद थाने में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष इकट्ठा भी हो गए। आनन-फानन में क्षेत्राधिकारी बीकापुर कई थानों की फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। आक्रोशित भीड़ पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगी। सीओ बीकापुर सुरेंद्र कुमार सिंह व तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह ने परिजनों को समझाया और कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इतना होने के बाद भी परिवार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ा रहा। मृतक के बाबा हीरालाल गौड़ ने आईजी प्रवीण कुमार से मुलाकात की और सारी बात बताई। आईजी के आश्वासन पर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया।

# आबरू पर हमले का आरोपी निलंबित सिपाही गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

**शादी के लिए हां न करने पर महिला सिपाही का किया था जीना दुश्वार**

> कोतवाली पुलिस ने आरोपी सिपाही अंकित कुमार यादव निवासी बिसुकिया थाना गड़वार जिला बलिया को गिरफ्तार कर चालान किया है। दर्ज मामले की विवेचना कराई जा रही है।
> – शैलेन्द्र सिंह, सीओ सिटी

**अमृत विचार :** शादी के लिए हां न करने पर महिला सहकर्मी का जीना दुश्वार किए जाने के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पीड़िता ने एसएसपी को शिकायत देकर एक सप्ताह पूर्व नगर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रकरण चर्चा में आने के बाद विभाग ने आरोपी सिपाही को निलंबित किया था। रिपोर्ट दर्ज होने के पूर्व सिपाही को हैदरगंज थाना स्थानांतरित कर दिया गया था और वह आमद दर्ज कराने के बाद छुट्टी लेकर अपने गांव चला गया था।

औरैया जिला निवासी पीड़ित महिला आरक्षी ने नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि कोतवाली में ही तैनाती के निकटस्थ हुए आरक्षी अंकित कुमार यादव ने शादी का दबाव बनाना शुरू कर दिया और मना करने पर फोनकर परेशान करने लगा। सुबह आरजेबी ड्यूटी जाते समय धमकाकर अपनी बाइक पर बैठाया और शादी के लिए हां न करने पर मोबाइल तोड़ दिया। मारपीट भी की। आरजेबी ड्यूटी के दौरान ही इज्जत का हवाला देकर फिर से अपनी बाइक पर बैठाया और परिक्रमा मार्ग ले जाकर गला दबाकर जान लेने की कोशिश की तथा गुप्तारघाट पर बंधक बना लिया मंदिर में शादी करने का दबाव बनाया। छुट्टी खत्म होने पर वापस लौटी तो फोनकर धमकाया और अपने कमरे पर बुलाया। इतना ही नहीं ड्यूटी से वापस लौटने पर खींचकर गुलाबबाड़ी में ले गया और शादी न करने पर खुद की जान देकर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और अभद्रता व आबरू पर हमला किया।

# रामलला के दर्शन को आए दो श्रद्धालुओं की हुई मौत

अयोध्या कार्यालय

**कर्नाटक और बिहार से आए थे रामलला का दर्शन करने**

**अमृत विचार :** रामलला का दर्शन करने जा रहे दो बुजुर्ग श्रद्धालु सोमवार को अचानक बेहोश हो गए। परिवार की ओर से श्रीराम अस्पताल पहुंचाए जाने पर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसा अलग-अलग समय हुआ। डॉक्टरों ने शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो थाना राम जन्मभूमि पुलिस को भेजवाया है।

कर्नाटक प्रान्त के उत्तर कर्नाटका जनपद के थाना करवार स्थित करवार चेंडिया निवासी बुजुर्ग राघवदास साहूकार (71) पुत्र स्व. दामोदर साहूकार दर्शन-पूजन के लिए अपनी पत्नी के साथ अयोध्या आए थे। सोमवार को वह रामलला का दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनको चक्कर आया और लड़खड़ाकर गिरे तथा बेहोश हो गए। श्रीराम अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अस्पताल लाए जाने पर एक और बुजुर्ग श्रद्धालु बैजू प्रसाद गुप्ता (67) पुत्र नातिन शाह निवासी क्वाटर नंबर तीन टेलीफोन एक्सचेंज परिसर मुजफ्फरपुर बिहार को मृत घोषित किया गया है। यह श्रद्धालु भी अयोध्या दर्शन-पूजन के लिए आया था और रामलला का दर्शन करने जाते समय अचानक मूर्छित हो गया था। दोनों श्रद्धालुओं में से एक के परिजन पीएम के लिए तैयार नहीं थे, जिसके चलते लिखा-पढ़ी के बाद शव लेकर अपने पैतृक गांव रवाना हो गए, जबकि दूसरे श्रद्धालु के शव को पीएम के लिए रखवाया गया है। थाना रामजन्मभूमि के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि अभी उनके पास ऐसी कोई सूचना नहीं आई है।

# कप्तान के बगल बैठे हैं सीओ, चार हजार फोन पे करो

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। अब पुलिस अधिकारी बन फोन कर रहे हैं। ताजा मामला मवई थाना क्षेत्र के नवरोजपुर बघेडी गांव का है। यहां अमरनाथ यादव को फोन आया कि सीओ साहब के अकाउंट में चार हजार रुपए का गूगल पे करो। तुम्हारा चोरी हुआ सामान बरामद हो गया है। फोन लगाने के बाद बोला फोन मत काटना। इसे रिकॉर्ड किया जा रहा है। सीओ साहब कप्तान साहब के बगल बैठे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार मवई थाने के नवरोजपुर गांव में अमरनाथ यादव के घर में 26 जून की रात 25 हजार रुपए नगद व जेवर चोरी हो गए थे। चोरी का मुकदमा थाना मवई में अमरनाथ ने दर्ज कराया था। चोरी की विवेचना थाना पुलिस कर रही है। सोमवार को अमरनाथ के पास 9119805811 से आई काल में चोरी का खुलासा होने और नगदी समेत चोरी का माला बरामद होने की जानकारी दी गई। खुद को कथित एसआई बताने वाले ने मोबाइल नंबर पर चार हजार रुपए गूगल पे करने के लिए कहा। ये भी कहा गया कि कप्तान साहब भी पास में हैं। फोन न काटने की हिदायत दी गई। थाना प्रभारी संदीप त्रिपाठी ने बताया की अमरनाथ से जानकारी की गई है। मोबाइल पर इस तरह की कॉल आने की घटना को सही बताया। अमर नाथ ने कोई तहरीर नहीं दी है। चोरी की विवेचना चल रही है। साइबर अपराधी ने पुलिस अधिकारी बनकर कॉल किया। पुलिस के मुताबिक इस मोबाइल का लोकेशन मध्य प्रदेश का है। सर्विसलांस पर मोबाइल नंबर लगा है।



**साइबर ठग ने पुलिस बन कर पीड़ित को किया फोन**

**कहा-माल बरामद हो गया है अकाउंट में पैसा भेजो**

### लेकिन मैं तो छोटा वाला मोबाइल चलाता हूं

पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने कहा कि केस डायरी ऑनलाइन अपडेट होना है, जिसके लिए आपको चार हजार रुपये तुरंत गूगल पे कराना होगा। उसके बाद कल एसपी कार्यालय से आपका सामान प्राप्त हो जाएगा। जब पीड़ित ने कहा कि मैं छोटा मोबाइल चलाता हूं। गूगल पे नही चलाता हूं( तो उधर से कथित पुलिस अधिकारी डांटने लगा। वह बोला कि मैं एसपी साहब के साथ बैठा हूं। सीओ साहब का गूगल पे नम्बर दे रहा हूं तुरंत जाइए किसी रिचार्ज की दुकान से चार हजार रुपए गूगल पे कराओ। क्योकि आज ही ऑनलाइन चार्जशीट दाखिल होना है।

### जा रहा था फोन पे करने, लोगों ने रोका

फोन करने वाले व्यक्ति ने डांटते हुए कहा कि फोन को होल्ड मत करना और न ही कॉल काटना। तुरंत जाओ और गूगल पे कराओ। पीड़ित अमरनाथ ने बताया कि वह ऑनलाइन भुगतान करने के लिए एक दुकान पर पहुंच गया, लेकिन उसे थोड़ा शक हुआ तभी अन्य साथियों से पता किया तो लोगों ने पैसा न भेजने की बात कही। अन्यथा चार हजार रुपए ठग लिए जाते।

## सार-संक्षेप

### दहेज हत्या में पति व ससुर दोष मुक्त

**अयोध्या। अमृत विचार :** दहेज में बाइक और सोने की चेन न मिलने पर विवाहिता की हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने पति और ससुर को सबूत के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है। फैसला अपर जिला जज हेमंत कुमार की अदालत से हुआ। अधिवक्ता आनंद श्रीवास्तव व मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना 20 अक्टूबर 2020 की है। स्वामीनाथ निवासी परसपुर थाना कोतवाली देहात जिला गोंडा ने अपनी पुत्री की शादी बेसिया चैनपुर थाना कोतवाली देहात के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार कश्यप से की थी। आरोप था कि 20 अक्टूबर 2020 को वादी की पुत्री मोहिनी को पति और ससुर ने ले जाकर सरजू पुल से धकेल दिया। काफी खोजबीन के बाद भी विवाहिता की लाश का पता नहीं चला था। इसकी रिपोर्ट स्वामीनाथ ने धर्मेंद्र कुमार कश्यप और उसके पिता रमेश प्रसाद कश्यप के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में दर्ज कराई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने गवाहों के बयान में विरोधाभास व अन्य तकनीकी कमियों के कारण दोनों को उन पर लगाए गए आरोप से दोष मुक्त कर दिया।

### एसएन पांडेय अध्यक्ष व आरएस उपाध्याय चुने गए मंत्री




सिविल लाइन के एक होटल में बैठक करते बैंक के पदाधिकारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक स्टॉफ यूनियन अयोध्या यूनिट की एक आम बैठक सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित की गई। संगठन की जिला इकाई के चुनाव में एसएन पांडेय अध्यक्ष व आरएस उपाध्याय मंत्री चुने गए। बैठक में कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं के साथ अन्य बिदुओं की चर्चा की गई। बैठक को आरएस उपाध्याय, जितेंद्र चौधरी, सुशील चतुर्वेदी, विवेक द्विवेदी, रवि यादव ने संबोधित किया। अध्यक्षता वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का चुनाव किया गया। बताया कि अध्यक्ष एसएन पांडे, उपाध्यक्ष योगेश यादव, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मंत्री आरएस उपाध्याय, सहायक मंत्री रवि यादव, संगठन मंत्री भूपेंद्र सिंह, सपना मोदनवाल, सहायक मंत्री अभिषेक सिंह, विवेक कुमार, सोमनाथ, दिवाकर विक्रम सिंह, जयदीप तिवारी, कोषाध्यक्ष अंकुर पांडे, ऑडिटर अरविंद कुमार, महिला संयोजक पद्मिनी श्रीवास्तव को बनाया गया।

### पानी में बह गया है ढेमवा पुल से गोंडा जाने वाला मार्ग



ढेमवा पुल से नवाबगंज गोंडा को जाने वाला मार्ग।

**सोहवाल, अयोध्या। अमृत विचार :** सरयू की भेंट चढ़ चुके ढेमवा नबाबगंज मार्ग को लेकर खिरौनी निवासी अधिवक्ता दीपक सिंह ने जिलाधिकारी अयोध्या–गोंडा सहित मुख्य सचिव को पत्र भेजा है। 138 करोड़ की लागत से बने ढेमवा पुल से गोंडा की ओर जाने वाला अप्रोच मार्ग को कटकर नदी में विलुप्त हुए दो वर्ष से ज्यादा हो गए, लेकिन इसकी सुधि किसी ने नहीं ली। आज जब नदी में पानी की बाढ़ बढ़ी तो आवागमन का अस्थाई मार्ग भी बंद हो गया। इससे रोज आवागमन करने वालों को अप्रोच मार्ग याद आने लगा है। इसे लेकर लोगों में सरकार और राजनेताओं के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। शनिवार को समाजवादी पार्टी के नेता अनूप सिंह सहित दर्जनों लोगों ने मौका मुआयना के बाद अधिवक्ता दीपक ने मांग पत्र शासन को भेजते हुए मार्ग बनवाने के लिए पहल की। इस अप्रोच मार्ग के टूट जाने से दो जनपदों का संपर्क 40 किलो मीटर लंबा हो गया है।

लालनाद् बहवो दोषास्ताडनाद् बहवो गुणा:।
तस्मात्पुत्रं च शिष्यं च ताडयेन्न तु लालयेत् ॥

अधिक लाड़ से अनेक दोष तथा अधिक ताड़न से गुण आते हैं। इसलिए पुत्र और शिष्य को लालन की नहीं ताड़न की आवश्यकता होती है।

## संपादकीय

# आत्मनिर्भरता के तहत

आज वैश्विक समीकरण बदल रहे हैं। वर्तमान दौर की लड़ाईंयां नया रूप ले रही हैं। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद भारत की सुरक्षा चुनौतियों में से एक है। आने वाले दिनों में जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पाकिस्तान को साधना भारत की सुरक्षा के लिए एक और चुनौती है। पाकिस्तान ने पहले ही देश के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ रखा है। इस बीच थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। भारतीय सेना आत्मनिर्भरता के जरिए अपनी क्षमता विकास और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। वास्तव में देश को न केवल इस दिशा में अग्रसर रहने की ज़रूरत है बल्कि सैनिकों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर युद्ध पद्धति और रणनीति को बेहतर करने की जरूरत है। भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता है। क्योंकि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर और सूचना प्रणालियों जैसे नए क्षेत्रों में विकसित हो चुका है। ऐसे में युद्ध प्रणालियों में प्रौद्योगिकी के समावेश और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता है।

आज भारतीय सेना आधुनिकीकरण के पथ पर अग्रसर है। उस दिशा में आत्मनिर्भरता को हासिल करने के लिए सेना पूरी तरह से तैयार है। क्योंकि महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए आयात पर निर्भर होने से विशिष्ट क्षेत्रों में पीछे रह जाने का जोखिम है। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा भी है कि वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। भारतीय सेना का आत्मनिर्भरता के तहत आधुनिकीकरण करना और तीनों सेनाओं का तालमेल उनकी प्राथमिकता में शामिल है। आत्मनिर्भर होने, स्वदेशी अनुसंधान और विकास के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने में भारतीय सेना के परिवर्तन की राह निहित है। आधुनिक, चुस्त, अनुकूलनीय, प्रौद्योगिकी सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए तैयार सेना को आकार देने के प्रयास उसी दिशा में उठाए गए कदमों का हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रहित की सुरक्षा से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। आज देश चीन और पाकिस्तान द्वारा पेश की गई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर सकता है।

# आहार और पाकशास्त्र में हमारे सूत्रधारों का उपकार कर्म



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों।

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है, लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं।

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है,लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं। 'लाइफ-स्टाइल डीजीजेज' अर्थात् व्यवहार जन्य रोगों और आहार जन्य विकारों पर क्या हमारे प्राचीन और मध्यकालीन मनीषी चुप रहे? अगर ऐसा होता तो पाकशास्त्र के भारतीय ग्रंथों में आयुर्वेद के संदर्भ न मिलते! विज्ञान के मनुष्य के मेटाबोलिक सिस्टम के हिसाब से देखें तो इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के मुकाबले में हमारे स्ट्रीट-फूड्स कहीं बेहतर हैं, बशर्ते इन्हें तैयार करने वाले और परोसने वाले स्थान स्वच्छ हैं और शुद्ध खाद्य सामग्री का इनमें इस्तेमाल किया गया है। भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों और अल्पाहार समझ कर लिए जाए। उदाहरण के लिए ख्यात जर्नल फार्माकोग्नॉसी रिव्यु के सनन 2017 के अंक में प्रकाशित 'ए कॉम्प्रेहेंसिव रिव्यु ऑनरसम-ए साउथ इंडियन ट्रेडिशनल फंक्शनल फूड' के बारे में बताया गया है कि इसमें प्रोबायोटिक्स, प्रीबायोटिक्स (एक प्रकार से दही से बनी हुई छाछ समान गुणधर्म वाला तरल खाद्य), ओमेगा-3-पॉलीअन्सेच्युरेटेड फैटी एसिड्स, कांजुगेटेड लिनोलीक एसिड, प्लांट एंटीऑक्सीडेंट्स, एकाधिक विटामिन और खनिज,न्यूनाधिक मात्रा में प्रोटीन, पेप्टाइड्सऔर एमिनो-एसिड्स के अलावा फोस्फोलिपिड्स की मौजूदगी होती है। अब भला दुनिया के किस एक ही पकवान में इतनी संख्या में पोषक तत्व मौजूद हो सकते हैं। उत्तर भारत में जिस प्रकार से आयुर्वेद का बोलबाला है इसी प्रकार भारत के दक्षिणी प्रांतों, खासतौर से केरल और तमिलनाडु, में पारंपरिक भारतीय आयुर्वैज्ञानिक प्रणाली का नाम 'सिद्ध' है। ऐसी समृद्ध परंपराओं की मौजूदगी में विदेशी पकवानों के पीछे भागना अनुचित प्रतीत होता है।

खान-पान और इन्हें तैयार करने की विधियों का जो संकलन अनुसंधान और अनुभव आधारित हैं,उसे हमारे मनीषियों ने आयुर्वेद में दिया है। इस प्रयोगात्मक और वैज्ञानिक जानकारी देखकर अनेक बार मुझे ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधियों से फूड साइंस में काम करने वाले शोधकर्मियों को भी चकित होना पड़ता है। इसे हमारी दादी-नानी के समृति में स्थानी रूप से रोपित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह एक परंपरा के रूप में अनादिकाल काल तक हमारी दिनचर्या का हिस्सा कैसे बन सकती है? हमारे विद्वज्जनों ने इस परंपरा के रूप में विकसित करने के लिए क्या तौर-तरीके अपनाए होंगे? इनके मूल पाठ संस्कृत और तमिल में हैं, लेकिन विद्वज्जनों ने टीका सहित इसका अनुवाद मुझे समझ में आने वाली हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में भी सुलभ कराया है। पंडित वामचरण भट्टाचार्य द्वारा पुनर्प्रस्तुत पाकदर्पणं के संस्कृत टेक्स्ट पर आधारित हिंदी टीका सन् 2006 में डॉ. इन्द्रदेव त्रिपाठी ने चौखंभा पब्लिकेशंस की मार्फत प्रकाशित करवाई।

आयुर्वेद में खाद्य सामग्री के स्रोत की शुचिता और विविधता, इसे प्रोसेस करने के तरीके और इसके सेवन के अलावा विभिन्न तरह से तैयार किए गए खाद्य पदार्थों के संरक्षण और स्टोरेज के बारे सूक्ष्म स्तर तक विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही विभिन्न व्यंजनों, औषधीय खाद्यों और इनके थेराप्यूटिक गुणों की जानकारी भी दर्ज की गई है।

उत्कृष्ट और आश्चर्यजनक हैं पकवानों के वे अनेक नाम-शब्द जिनका अन्वेषण आयुर्वेदाचार्यों ने किया, क्योंकि भाषा विज्ञान की दृष्टि से सर्वथा उपयुक्त हैं, अर्थात 'प्रिसायिज' अर्थ प्रेषित करते हैं। इन शब्दों की संरचना को जानकर भाषाविदों के कौशल के प्रति भी हमें नतमस्तक होने की जरूरत है। खाद्य और पोषण विज्ञान (द साइंस ऑफ फूड, फूड टेक्नोलॉजी एंड न्यूट्रीशन) के ख्यात जर्नल्स में पारंपरिक भारतीय भोज्य पदार्थ, घरेलू भोजन एवं अन्य प्रकार के आहार के बारे में अन्योन्य प्रकार से प्रयोगात्मक, प्रबंधात्मक और निबंधात्मक जानकारी का प्रकाशन हुआ है। मेटाबॉलिज्म के पैमाने पर हम अपने पकवानों को श्रेष्ठ कह सकते हैं तो इसमें रत्तीभर संदेह नहीं होना चाहिए? भारतीय प्राचीन पाकशास्त्रों -जैसे कि रसमंजरी, पाकदर्पणम, सूपशास्त्र, भोजन कौतूहलं, क्षेम कौतूहलं के अलावा के.टी. अचाया की दो पुस्तकें 'ए हिस्टोरिकल डिक्शनरी ऑफ इंडियन फूड' और 'इंडियन फूड ए हिस्टोरिकल कम्पैनियन' पर जो दो-तीन शानदार पुस्तकें (ट्रीटाईजेज अर्थात्व प्रबंध ग्रंथ) उपलब्ध हैं उनके अध्ययन से जाहिर होता है कि सामग्री का चुनाव,किस के साथ किसका मेल सर्वथा उचित है और इन्हें बनाने की सहज-सर्वश्रेष्ठ तकनीक के अलावा परोसने के तरीके क्या होने चाहिए, इस बारे में विस्तार से निर्देश दिए गए हैं। हमारे मनीषियों ने भोजन को प्रोसेस करने और पाक-गृह (किचन) में भोजन तैयार करने वाले रसोइए (शेफ) और परोसने वालों (बीयरर या बॉय) के लिए भी कुछेक हिदायतें दी हैं। आयुर्वेद के अलावा यूनानी और तिब्बिया सिस्टम्स में भी खाने-पीने के बारे में अच्छी मालूमात दर्ज हैं। सिर्फ इतना भर नहीं,बल्कि किस लकड़ी की कितना तीव्र आंच, चूल्हे के डिजाइन और धातु-अधातु के बर्तन और मृद्भांड कैसे हो, कितने आमाप के हों आदि पर भी उक्त ग्रंथों में विस्तार से लिखा गया है। उदाहरण के लिए दक्षिण भारत में परंपरा के तौर पर विवाह के एक उपहारों में से जस्ता धातु के आधिक्य मिश्रण वाली हांडी दिए जाने की परंपरा है,जिसमें सांभर पकाया जाता है। यह धातु सांभर पकाते समय सूक्ष्म मात्रा में बर्तन से विलग होकर सांभर में मिल जाती है और टॉक्सिक होने की बजाय पोषण प्रदान करती है। कालोनियल भारत में ब्रिटिश इंडियन आर्मी के अफसरों को यूरोपियन और भारतीय सैनिकों के लिए पोषक आहार चुनने के लिए भारतीय खाद्य पदार्थों में से ही चुनाव करना होता था। उन सबको भारतीय तरीके से बनाया गया भोजन पसंद नहीं था और उन्हें यह भी मालूम था कि भारतीय लोग या तो अतिपोषित रहते हैं या कुपोषित। इन्हें संतुलित आहार के बारे में कुछ नहीं मालूम, क्योंकि पाकशास्त्र के ग्रंथ और आयुर्वेद की रचनाओं में पोषक तत्वों की जानकारी उस तरीके से दर्ज नहीं हुई थी जिस तरीके से मॉडर्न केमिस्ट्री और बायो-केमिस्ट्री के हिसाब से इसे समझा जा सकता था। इसी प्रसंग में भारत में पोषणाहार की कमी से उपजी बेरी-बेरी, मराजमस और प्रोटीन केलरी कुपोषण जैसी शारीरिक विकृतियों की ओर मेजर (डॉ) रॉबर्ट मैक्कैरिसन का ध्यान गया। वे सन्प 1911 में मद्रास आर्टिलरी में रहकर कुनूर (तमिलनाडु) में नियुक्त थे। यहां रहकर डॉ. मैक्कैरिसन ने 'न्यूट्रीशन रिसर्च लेबोरेट्रीज' की स्थापना की और काम शुरू किया। उक्त बीमारियों पर काम करने के साथ-साथ इन्हें भारतीय खाद्य पदार्थों में मौजूद अनेक पोषक तत्वों और इनके पोषक मान का पता लगाने के लिए अपने साथी डॉ.आयक्रायड को कहा तो कुछ ही समय बाद 'न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ इंडियन फूड्स' नामक किताब का जन्म हुआ। सन 1911 में कुनूर में स्थापित वह छोटी सी रिसर्च लेबोरेट्री अब नेशनल इंस्टीट्यूशन ऑफ न्यूट्रीशन के रूप में हैदराबाद में 60 साल से अधिक समय से काम कर रही है। इस रिसर्च लेबोरेट्री के निदेशक पद पर रहते हुए डॉ. पटवर्द्धन जैसे नामी पोषण विज्ञानियों ने भारतीय पोषण और विज्ञान के इतिहास पर शानदार किताब लिखी। हमारे पाकशास्त्र ग्रंथों पर विदेशियों की शुरू से नजर रही है, खासतौर से ब्रिटिश और अमरीकनों की। इतिहास संकलन के नजरिए से मैं यह देखकर चकित हूं कि अमेरिका की लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में सन्ल 1907 में पुनर्प्रकाशित 'रसमंजरी' की प्रति मौजूद है। उनके संग्रह में सन्न 1991 में इसका पहुंचना बड़ी बात नहीं है। 'साउथ एशियन रेट्रोस्पेक्टिव मैटीरियल' के खाते में यह उनके रेकॉर्ड में दर्ज की गई है। रसमंजरी का संकलन और लेखन कार्य वैद्यनाथन शालीनाथ ने और 'मिश्र'-कुल अग्रगण्य पंडित नारायण प्रसाद मुकुन्दराम, बांस बरेली (अब बरेली) तथा लखीमपुर निवासी ने इस पर टीका तैयार की।

## प्रसंगवश

# सबसे बड़ा रोना अकल का है

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है।

सौ में से नब्बे यही सुनते सुनते बड़े होते हैं कि बेवकूफ हो? अकल नहीं है? अब दिक़्क़त यही है कि यदि नहीं है तो कहां से लाएं? अकल कोई धनिया तो है नहीं कि दौड़े और नुक्कड़ पर लगी दुकान से ख़रीद लाएं। अकल का कोटा ऊपर वाला रिलीज़ करता है। किसी को देता है तो छप्पर फाड़ देता है, किसी को थोड़ी बहुत कंजूसी से दे देता है और किसी को नहीं देता तो छदाम भर भी नहीं देता। इससे ये नतीजा तो फौरन निकाला जा सकता है कि भगवान जो भी है वो कम्युनिस्ट तो हरगिज़ नहीं है।

पर जैसा ज़माना है आजकल, उसके हिसाब से अकलमंद होना खतरनाक हो चुका। अकल होगी तो आप सोचेंगे विचारेंगे। लोगों से उलझेंगे। अकेले पड़ेंगे और अपनी हंसी उडवा लेंगे। जबकि बेवकूफ होकर पैदा होना फ़ायदे का सौदा है और अकल तलाशना तो हरगिज़ अक्लमंदी का काम नहीं है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है। पर इसके अपने ख़तरे है। अक्लमंद हमेशा अल्पमत में होता है इसलिए बहुत बार हाथ पांव से मज़बूत बेअकल लोगों से पिट जाता है।

बेअक्ली हमेशा से बहुमत में होती आई है इसलिए वो राज करती है और अकलमंद उसकी चाकरी करते है। बेवकूफी में सबसे बढ़िया बात ये है कि वो खुद को अकलमंद समझता है और सारे अकलमंद उसे बेवकूफ लगते है। अक्लमंदी के उलट बेवक़ूफ़ी जताने में मेहनत भी नहीं करनी पड़ती। अक्लमंदी सरकारी नल की तरह होती है जबकि बेवकूफी पहाड़ी झरने की तरह बहती है। वो खुद अपना परिचय है। और सामने वाले का मन हो या ना हो उसे नहलाये बिना नहीं मानती।

अकलमंद को अपनी बुद्धि मे हमेशा धार लगाते रहना पड़ता है। पढ़ना लिखना पड़ता है। अपने जैसे लोगों की संगत करना पड़ती है जो कि मुश्किल से मिलते हैं। बेवकूफी में ऐसी फालतू की कवायद की कोई झंझट ही नहीं होती। उसे अपने जैसे हज़ार मिल जाते हैं। अकलमंद बहस करता है, हमेशा असहमत, बेचैन और कुड़कुड़ा बना रहता है। अपनी-अपनी चलाना और अपनी ही मनवाना चाहता है। और ऐसी हरकतों से अपने गिने चुने दोस्तों से भी हाथ धो बैठता है। अकेला हो जाता है जबकि बेवकूफ एक दूसरे से बहुत जल्दी सहमत हो जाते है। आशावादी होते हैं वो। हमेशा ख़ुश रहते है। एक दूसरे के गले में हाथ डालते है। ज़बर्दस्त एका होता है उनमें और जब भी कोई अकलमंद उनसे टकरा जाये तो सारे मिलकर उसे कूट देते हैं।

अकल से हासिल भी क्या है? ज़माने भर की बेगारी। किसी अनपढ़ सेठ की मुनीमी, किसी डूबते बैंक की क्लर्की या किसी प्राईवेट स्कूल की मास्टरी। अकल वाले ज़िंदगी भर यही सोच सोच कर कलपते रहते हैं कि उन्हें वो पोज़ीशन हासिल नहीं हुई जिसके वो हक़दार थे।

अकल के साथ सबसे बड़ा रोना यही है कि यदि वो आपके हिस्से में आ गई है तो आप उससे पीछा नहीं छुड़ा सकते। वो आपसे नदी में बहते कंबल की तरह चिपट जाती है और मौक़े बेमौके पर आपको बेइज्जत करवाए बिना मानती नही।

ऐसे में यदि आपको कोई अकलमंद या बुद्धिजीवी कहे तो ज्यादा फूलने की ज़रूरत है नहीं। हो सकता है वो आपका मज़ाक़ उड़ा रहा हो। आपको दया करने लायक़ समझ रहा हो। या आपको कूटने की फ़िराक़ में हो।

# वायु प्रदूषण के कारण पृथ्वी से खत्म हो जाएंगे कीट



सीमा अग्रवाल
मेरठ

शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है।

वायु प्रदूषण केवल इंसान को प्रभावित कर रहा है ऐसा नहीं है। जहरीली गैसों का बुरा असर पूरी जैव विविधिता के खात्मे पर तुला है। इस कड़ी में वो सूक्ष्म कीट भी शामिल हैं जो हमें अक्सर हवा में उड़ते दिखते हैं। ये सूक्ष्म कीट कचरे का विघटन, मानव जीवन, फसलीय चक्रीकरण के लिए बेहद जरूरी हैं। इनकी अहमियत मानव जीवन में प्रत्यक्ष तौर पर नजर नहीं आती। लेकिन अप्रत्क्ष रूप से ये कीट इंसान को हर स्तर पर प्रभावित करते हैं। वायुमंडल में चढ़ती प्रदूषण की मोटी परत से इन कीटों के भोजन तलाशने से लेकर साथी से मिलन, संतति निर्माण और विकास की प्रक्रिया प्रदूषण के कारण नष्ट हो चुकी है। कीटों के सूचना तंत्र को धुएं और गैसों ने डिस्टर्ब कर उन्हें रास्ते से भटका दिया है।

हालिया शोधों के मुताबिक कीटों की घटती आबादी के लिए प्रदूषण के साथ शहरीकरण, कृषि क्षेत्र में बढ़ता कीटनाशकों का उपयोग और जलवायु परिवर्तन जैसी वजह जिम्मेदार हैं। प्रदूषण न केवल शहरों के आस-पास बल्कि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनकी आबादी को प्रभावित कर रहा है। शोध से पता चला कि प्रदूषण के चलते आने वाले कुछ दशकों में दुनिया के 40 फीसदी कीट खत्म हो जाएंगे। धुआं, धूल, धुंध, पीएम के कण कीटों के एंटीना और रिसेप्टर्स पर बहुत बुरा असर डाल रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं के अध्ययन में कीटों पर प्रदूषण का असर अनुमान से कहीं ज्यादा निकला है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानक के अनुसार वार्षिक औसत से ज्यादा हैं।

खेतों, बगीचों में उड़ते कीटों का मुख्य काम परागण होता है। ये फसलों, फूलों को परागित कर नए बीजों का संवर्द्धन करते हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए जारी की जाने वाली रेड लिस्ट में कीटों की सिर्फ आठ फीसदी प्रजातियां ही शामिल हैं। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक 1990 के बाद से कीटों की आबादी में करीब 25 फीसदी की कमी आई है, अनुमान है कि यह कीट हर दशक में करीब नौ फीसदी की दर से कम हो रहे हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है। कीटों की एंटीना में गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स होते हैं, जो आहार, स्रोत, संभावित साथी और अंडे देने के लिए एक अच्छी जगह खोजने में मदद करते हैं। ऐसे में यदि किसी कीट के एंटीना पार्टिकुलेट मैटर से ढके होते हैं तो उससे एक भौतिक अवरोध उत्पन्न हो जाता है। यह गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स और हवा में मौजूद गंध के अणुओं के बीच होने वाले संपर्क को रोकता है। जीवाश्म ईंधन के दहन से निकलने वाले पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में ज़हरीले भारी धातु और कार्बनिक पदार्थ शामिल हैं। ये सांस के ज़रिए शरीर में जाने वाले कण होते हैं जो इतने छोटे होते हैं कि उन्हें नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता। बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया डेविस विश्वविद्यालय की टीम ने बीजिंग के हैडियन जिले से एकत्रित घरेलू मक्खियों का अध्ययन उस समय किया जब वायु गुणवत्ता सूचकांक का उपयोग करके वायु गुणवत्ता को निम्न, मध्यम या उच्च आंका गया था। प्रदूषण के बड़े कण आपकी आंखों और नाक में जलन पैदा कर सकते हैं, जबकि बहुत छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जा सकते हैं। बाद वाले कण हमारे लिए ज्यादा हानिकारक होते हैं और कीड़ों के एंटीना पर जमा हो सकते हैं।

एंटीना पर प्रदूषक तत्वों के जमने के कारण कीटों का सूचना तंत्र काम करना बंद कर देता है। आपस में संदेशों का आदान, प्रदान नहीं कर पाते। भोजन, अपने साथी को खोजना या अपने ठिकानों को तलाश करने की उनकी शक्ति क्षीण हो जाती है। उनके एंटिना काम करना बंद कर देते हैं और कीट एक जिंदा लाश बन जाता है। जो समय से पहले मर जाता है। कीटों की सिग्नलिंग प्रणाली डिस्टर्ब हो जाती है। नाइट्रस ऑक्साइड या ओजोन जैसे गैसीय वायु प्रदूषकों की तुलना में कणीय पदार्थों का संपर्क कीटों और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है। इंसान को यह समझना होगा कि ये नन्हें कीट, तितलियां, फ्लाइज हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में कीटों और बीमारियों के नियमन, परागण और पोषक चक्रण के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें से सभी के लिए रासायनिक संकेतों का प्रभावी पता लगाना आवश्यक है।

## सोशल फोरम

# व्यक्ति सापेक्ष कुछ सत्य नहीं

दुनिया में जितने भी तथाकथित भगवान हैं, वे सभी मनुष्य की कल्पना की उपज हैं। इन्हें मनुष्यों ने गढ़ा है। इसीलिए मनुष्य के अलावा दुनिया के किसी अन्य जीव के पास कोई भगवान नहीं है। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों की प्राकृतिक परिस्थियां एक-जैसी नहीं हैं, उनमें भिन्नता के कारण वहां के निवासियों की सभ्यताएं और संस्कृतियां भी भिन्न हैं। उनके विचार अलग हैं और विचारों के अलग होने के कारण उनके भगवान संबंधी विचार भी भिन्न हैं। भले ही यह भिन्नता बहुत सूक्ष्म हो।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

सच तो यह है कि एक ही संस्कृति के दो व्यक्तियों के भगवान संबंधी विचार भी एक-जैसे नहीं हो सकते। अपने विचारों में व्यक्ति अभिव्यक्त होता है। प्रत्येक व्यक्ति के भगवान में उसका ख़ुद का व्यक्तित्व झलकता रहता है। विचारों के व्यक्ति सापेक्ष होने के कारण ही दुनिया में एक ही धर्म या मत के मानने वालों में भी असंख्य मत-मतांतर हैं, संप्रदाय और समूह हैं। यह अंतर कई बार इतना प्रगाढ़ होता है कि एक ही धर्म के मानने वाले दो समूह एक-दूसरे के शत्रुता के स्तर तक विरोधी होते हैं।

केवल अपने धर्म को सत्य और निरपेक्ष मानना व्यक्ति की गलत समझ का परिणाम है। व्यक्ति सापेक्ष कोई भी चीज़ सत्य और निरपेक्ष नहीं हो सकती। सभी मनुष्यों के लिए जो एक-जैसी है, वही सत्य और निरपेक्ष है। भगवान संबंधी विचार इसीलिए सत्य और निरपेक्ष नहीं हैं, क्योंकि सभी मनुष्यों के भगवान संबंधी विचार भिन्न-भिन्न हैं।

वास्तव में मानव के विचारों से पूरी तरह स्वतंत्र और अप्रभावित हवा, पानी, सूर्य, आदि तत्व ही निरपेक्ष हैं। निरपेक्ष वही हो सकता है जो हवा, पानी, सूर्य, आदि की तरह समस्त मानवता के लिए एक-जैसा हो।

व्यक्ति के विचार सापेक्ष होते हैं, वे निरपेक्ष नहीं हो सकते। इस सामान्य तथ्य को भूलना ही व्यक्ति को असहिष्णु बनाता है। असहिष्णुता का उत्स मनुष्य की इसी प्रवृत्ति में है। व्यक्ति की असहिष्णुता उसके असभ्य और असामाजिक होने का प्रमाण है।

-फेसबुक वॉल से

# सरकार चुनने में जन मनोभावों की भूमिका

सरकारों को चुनने की प्रक्रिया में सामान्य जन मनोभावों या अनुभूति (परसेप्शन) की बड़ी भूमिका है। इन दिनों जैसा माहौल बन रहा है वह निश्चित रुप से वर्तमान सरकार के अनुकूल नहीं है। राज्यों में बड़े निर्माण कार्य चाहे किसी भी दल की सरकारों द्वारा कराए गए हों लेकिन इन दिनों अनेक पुलों के धराशायी होते जाने, कई प्रदेशों के एअरपोर्ट के क्षतिग्रस्त होने की लगातार आ रही खबरें वर्तमान सरकार के विरुद्ध ही जनमत तैयार कर रही है। क्या निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता या कमीशनखोरी हुई है? जनभावना तो ऐसी ही बन रही है और विपक्षी दल इसे हवा दे रहे हैं।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

नए-नए बने रामपथ का कई जगहों पर ध्वस्त हो जाना तो सचमुच विचलित करता है। विरोधी पार्टियां मुखर होकर कह रही हैं कि इन सारे कामों का उद्घाटन सामान्य निर्वाचन के पूर्व कराये जाने की जल्दीबाजी थी। इसलिए निर्माण कार्य घटिया स्तर का हुआ और इन आरोपों का आश्वस्तिदायक और प्रभावी खंडन रुलिंग पार्टी द्वारा नहीं हो रहा है। विरोधी दलों द्वारा कुछ ऐसा हौवा खड़ा किया जा रहा है जैसा संविधान को बदलने या आरक्षण को खत्म कर देने की अफवाहों का हुआ था और एक बड़ा मतदाता समूह इन्हें सच मान बैठा था। समाजवादी पार्टी के मुखिया अभी भी आरक्षण वाली ढोल पीटे जा रहे हैं और उन्हें माकूल जवाब नहीं दिया जा पा रहा है जिससे आम जनता का भ्रम निवारण हो सके। न जीत न हार के पश्चात आम जनों के बीच जाकर उनका विश्वास जीतना तो जैसा भाजपा नेताओं के डीएनए में ही नहीं है। फिर सब अंतर्धान हो गए हैं।

हमारे गांव के कुछ वंचित तबके के लोग जो रोजी-रोटी के लिए मुंबई, कोलकाता और बंगलौर आदि शहरों में रह रहे हैं उनको अपने राशन कार्ड की सुविधा जारी रखने के लिए केवाईसी के लिए वापस मूल स्थानों पर लौटने के लिए विवश किया जा रहा है। जबकि किसी भी लाभार्थी को राशन की निर्धारित सुविधा कहीं भी प्राप्त करना अनुमन्य है तो फिर आज की डिजिटल तकनीकों से क्यों नहीं उनकी केवाईसी वहीं हो सकती है, जहां वे मौजूदा रुप से रह रहे हैं? एक यह भी मुद्दा तेजी से उभर रहा है जिसका समय रहते समाधान जरुरी है। अन्यथा भाजपा का एक बड़ा 'लाभार्थी वोटर समूह' भी असंतुष्ट हो जाएगा।

छुट्टा गोवंश और नीलगायों से निरंतर किसानों की फसलों की बर्बादी का मुद्दा जस का तस है। अब किसान बिचारे भरे मन से इसे अपनी नियति मान लिए हैं। जिस गति से नव निर्मित सड़कें और निर्मित संरचनाएं ध्वस्त हो रही हैं कई 'मिस्टर क्लीन' छवि वाले जनप्रतिनिधि भी शंकाओं के दायरे में आ रहे हैं। मात्र अभियंताओं पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। निर्माण के उत्तरदायी तो संबंधित ठेके लेने वाली कंपनियां और विभागों के मंत्रीगण भी तो हैं। कम से कम उन पर भी जांच बैठाकर सरकार की निष्पक्षता दिखाई जा सकती है। और निरंतर बढ़ती जा रही इस अफवाह (या सच्चाई?) कि ज्यादातर ठेके गुजरात की कार्यदाई संस्थाओं को दिए गए हैं का भी सच आम जनता सुनना चाह रही है। कोई बताएगा? संतुष्टिदायक विवरण चाहिए।

अब नए चुनावों का सिलसिला शुरु हो रहा है। उपचुनावों को भी आगामी विधानसभा चुनावों का मापदंड/ संकेतक निश्चित तौर पर माना जाएगा। सत्तारुढ़ दल के समर्थक मतदाता खिन्न हैं कि सरकारें वह तत्परता अभी भी नहीं दिखा रहीं जिनसे अभी संपन्न चुनाव में उन्हें धक्का लगा है। जो सामान्य 'परसेप्शन' बन रहा है वह रुलिंग पार्टी के पक्ष में नहीं है।

# ये बारिश का पानी

कुछ ही दिनों की बात है कि प्रचंड गर्मी से उबरने के लिए देश बारिश की दुआएं मांग रहा था। अभी मानसून की बारिश शुरु ही हुई है कि देश के कई-कई शहरों के डूबने की ख़बरें आने लगी है। आने वाले दिनों में मीडिया ऐसी खबरों से भरी रहने वाली है। कुछ ही दशकों पहले के दिन याद करिए जब बरसात की बारिश शुरू होती थी तो कई-कई दिनों तक रुकने का नाम नहीं लेती थी। सड़क और खेत सब पानी-पानी।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

बारिश या बाढ़ का पानी घरों में घुस गया तब भी बदहवासी नहीं। घुटने भर पानी में छप्पा-छप्पा खेल लिया या कागज़ की कश्ती चला ली। तब प्रकृति का सहज स्वीकार हुआ करता था। बारिश और बाढ़ का पानी अपने में समेट लेने के लिए तब हर गांव-शहर में बड़े-बड़े तालाब और जलाशय भी होते थे और गहरे-गहरे कुएं भी। पानी आया भी तो कुछ ही देर या कुछ ही दिनों में उतर जाता था। प्रकृति-चक्र तेजी से बदला है। वैसी बारिश अब नहीं होती है। शहरों और गांवों में आधे घंटे की बारिश हुई नहीं कि हाहाकार मच जाता है। बारिश अब आनंद का नहीं, आफत का सबब हो चला है। प्रकृति से लड़ते-लड़ते प्रकृति से कितने दूर होते चले गए हैं हम ?

सृष्टि यदि है तो बारिश भी होगी। नदियां हैं तो बाढ़ भी आएंगी। बारिश या बाढ़ अपने साथ पृथ्वी को नए सिरे से गढ़ने का संकल्प लेकर आती हैं। योजनाविहीन शहरों-गांवों के निर्माण, जल-निकासी की कुव्यवस्था, कंक्रीट के जंगल उगाने के लिए असंख्य तालाबों, जलाशयों और कुओं की हत्या और नदियों पर असंख्य डैम और बांध बनाकर हमने प्रकृति के साथ जैसे युद्ध छेड़ा हुआ है। प्रकृति के साथ हमारा ऐसा ही सलूक जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे डूब मरने के लिए बारिश का चुल्लू भर पानी भी पर्याप्त होगा।

## एक नजर

### तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना मुंशीगंज पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान वांछित अभियुक्त को पकड़ा। अभियुक्त राज यादव (18) निवासी ग्राम मटियार बधौरा थाना मुंशीगंज को हालापुर मोड़ सरायखेमा ग्राम के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

### दिवंगत पंचायत प्रतिनिधि की स्मृति में हुई श्रद्धांजलि सभा

**अमेठी।** सोमवार को धोरहा में दिवंगत पंचायत प्रतिनिधि राम अभिलाष सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पूर्व प्रमुख और ग्राम प्रधान इन्द्र बहादुर सिंह की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए 85 वर्षीय राम अभिलाष सिंह का दो सप्ताह पहले बीमारी के कारण निधन हो गया है। सोमवार को उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा और तेरहवीं भोज का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वर्गीय राम अभिलाष सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### समय सारिणी के अनुसार कार्य करें संबंधित संस्थान

**अमेठी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष ,शैक्षिक वर्ष 24-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत उप्र के मूल निवासी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति व अन्य कार्यों हेतु निर्गत शासनादेश के अनुसार समय सारिणी प्रेषित की गयी है। बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी को निर्देशित किया कि निर्गत समय सारिणी के अनुसार जनपद के सम्बन्धित संस्थाओं एवं विद्यालयों के प्राचार्य ,प्रधानाचार्यो को छात्रवृत्ति एवं अन्य कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

### बालक की उंगली कटी

**फुरसतगंज (अमेठी)।** पूरे भूसीला मजरे पीढ़ी के निवासी वीरेंद्र 13 वर्ष पुत्र रामबहादुर खेत मे कार्य कर रहा था रोटावेटर की चपेट मे आने से वीरेंद्र के दाहिने हाथ की एक उंगली कट गई तभी ग्रामीण उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थय केंद्र फुरसतगंज लाये जहा प्रथम उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रायबरेली रिफर कर दिया।

# स्कूल पहुंचने पर जिलाधिकारी ने किया बच्चों का स्वागत

## सोमवार सुबह कंपोजिट विद्यालय पचेहरी में मौजूद रहीं जिलाधिकारी, तिलक लगाकर उपहार में दीं कॉपी-किताबें

संवाददाता, अमेठी


बच्चों के माथे पर तिलक लगातीं जिलाधिकारी निशा अनंत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलो अभियान 2024-25 के अंतर्गत सभी विद्यालयों में स्वागत, प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय पचेहरी में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी निशा अनंत ने पहले से पंजीकृत छात्र-छात्राओं तथा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, स्कूल बैग, कॉपी किताब, स्टेशनरी भेंट कर स्वागत किया। डीएम के हाथों स्कूल बैग, कॉपी-किताब, स्टेशनरी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली तथा उनसे पहाड़ा, कविता, सवाल इत्यादि पूछा। भविष्य में बड़े होकर क्या बनेंग, इसकी भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं, पढ़ाई आपके घर परिवार की ही नहीं बल्कि देश को भी आगे बढ़ाने में जरूरी है। स्कूल के साथ-साथ बच्चों को घर पर भी ध्यान दें, क्योंकि छोटे बच्चों को शुरू से ही ध्यान देने की आवश्यकता होती है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को सभी विषयों की जानकारी दें, पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित कराएं, बच्चों को जो खाने में दें उसे एक बार चेक कर लें। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण खाना उपलब्ध कराएं। कहा कि बच्चों को एक विजन दें जो उनके अंदर काबिलियत है उसे निखारे। बच्चों को कुछ बनने का सपना दिखाएं। 25 सितंबर शिक्षक दिवस से पूर्व कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों की एक परीक्षा आयोजित कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि आज बच्चों का विद्यालय में आने का पहला दिन है यह दिन बहुत यादगार होता है। विद्यालय में 370 बच्चे हैं इनमें से 53 बच्चों का नया पंजीकरण हुआ है। विद्यालय में 19 पैरामीटर पर सभी कार्य कराए गए हैं विद्यालय में स्मार्ट क्लास के माध्यम से भी बच्चों की पढ़ाई होती है। 01 से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत अभियान चलाकर बच्चों का स्कूल में नामांकन कराया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि अपने आस-पास के बच्चों का भी नामांकन कराएं। बताया कि अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 1200 की धनराशि ड्रेस खरीदने के लिए भेज दी गई है।

कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया।

### कहीं सीडीओ तो कहीं सीएमओ ने किया स्वागत

सोमवार को जिले के कई स्कूलों में प्रशासनिक अधिकारियों ने मौजूद रहकर बच्चों का स्वागत किया। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कंपोजिट विद्यालय धनी जलालपुर में, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने प्राथमिक विद्यालय पूरे अहिरन माधवपुर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा ने कंपोजिट विद्यालय दरपीपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने प्राथमिक विद्यालय सैंठा तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा आज स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में जाकर छात्रों-छात्राओं को रोली ,टीका लगाने के साथ ही उन्हें स्कूल बैग, कॉपी किताब व स्टेशनरी का वितरण किया गया तथा विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। आज स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी विद्यालयों में फूल, पत्तों, रंगोली, गुब्बारों आदि से सजाया गया तथा विद्यालय आने वाले बच्चों को रोली ,टीका लगाकर स्वागत किया गया।

### स्कूटी व बाइक की टक्कर एक की मौत

**गौरीगंज, अमेठी।** स्कूटी व बाइक की टक्कर में एक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल महिला को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। कोतवाली गौरीगंज क्षेत्र के अफोइया गांव निवासी लालता प्रसाद (47) रिश्तेदार के घर से स्कूटी लेकर वापस जा रहे थे। सेवई हेमगढ़ मोड़ के पास उनकी स्कूटी में एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल लालता प्रसाद, बाइक सवार सचिन (15) उसकी मां रानी (36) निवासी बदौलिया थाना कुड़वार जिला सुल्तानपुर को इलाज के जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने लालता प्रसाद को मृतक घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल रानी को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लालता प्रसाद के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के तीन पुत्र श्रीराम, राजाराम, सुनील व पुत्री प्रीती, पूजा अविवाहित हैं।

# वन महोत्सव की हुई शुरुआत

संवाददाता, अमेठी।


पौधरोपण करतीं जिलाधिकारी निशा अनंत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक पेड़ मां के नाम, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के अंतर्गत वन महोत्सव की शुरुआत सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी निशा अनंत ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा तथा मीडिया कर्मियों ने भी पौधरोपण किया। इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं उनका संरक्षण करने की अपील की गई।

जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों से इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधों को लगाने एवं उनकी देखभाल करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव 1 से 7 जुलाई 2024 तक चलाया जाएगा। इस बार लगभग 43 लाख पौधारोपण का लक्ष्य जनपद को दिया गया है जिसके अनुसार पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण करें, पौधों के महत्व को समझें तथा इनका संरक्षण करें, पौधरोपण करते हुए मेरी लाइफ पोर्टल पर भी अपलोड कर इस महा अभियान का हिस्सा बने, जल संरक्षण हेतु अपील करते हुए कहा कि इस वर्षा काल में होने वाली वर्षा जल का संचयन करने हेतु जन सामान्य को जागरूक करें।

# निर्माणाधीन कारागार व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**अमेठी, अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को निर्माणाधीन जिला कारागार तथा पुलिस लाइन का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य का जायजा लिया एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन जिला कारागार व पुलिस लाइन के मॉडल का अवलोकन किया। निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से जानकारी ली। मौके पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। श्रमिकों से वार्ता कर उनके रहने खाने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का श्रमिक कार्ड बनवाने, उनके बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** संचारी रोगों पर नियंत्रण और साफ-सफाई जागरूकता को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी निशा अंनत ने जिला अस्पताल से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने अफसरों व कर्मचारियों को अपने गांव, मोहल्ले व घर की साफ-सफाई का ध्यान रखने तथा दूसरों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलायी। डीएम निशा अंनत ने कहा कि जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को खुद सजग रहने की आवश्यकता है। इसके लिए अपने घरों के आसपास जलभराव न होने दें। पानी भरे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दें। जिससे मच्छरों को पनपने का मौका नहीं मिलेगा और इस रोग को नियंत्रित करने में मदद मिल सकेगी। डीएम ने अपील की कि सभी लोग एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाएं। स्वच्छता को लेकर डीएम ने कहा कि सभी को अपने गांव मोहल्ले व घर की साफ-सफाई का ध्यान रखना है। अगर बच्चा बुखार से पीड़ित होता है तो तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाये। उन्होंने ने बताया है कि सभी संचारी रोग डेंगू, मलेरिया, फाईलेरिया, दिमागी बुखार, कालाजार व टीबी आदि पर एक साथ प्रहार कर इन रोगों को समुदाय से ही नहीं अपितु जनपद, प्रदेश और देश से दूर भगाना है। अगर घर के आसपास पानी इकट्ठा है, तो उसकी निकासी कराएं।नालियों में जल बहाव को अवरोधित नहीं होने देना है। रुके हुए पानी के गड्ढों में सप्ताहिक एंटी लारवा, डीजल व मिट्टी के तेल का छिड़काव आदि ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति द्वारा जागरूक किया जाएगा। बीमारी से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी के प्रयोग को कहा गया।

### एसजीएच में बने केथ लैब का सांसद करेंगे उद्घाटन

**अमेठी, अमृत विचार।** मुंशीगंज कस्बा स्थित संजय गांधी अस्पताल में नवनिर्मित केथ लैब का सांसद अमेठी केएल शर्मा आगामी चार जुलाई को उद्घाटन करेंगे। जिसको लेकर अस्पताल प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस लैब के शुरू हो जाने से अमेठी सहित आसपास के जिले के लोगों को हृदय रोग से संबंधित बीमारियों के इलाज में सहूलियत मिल सकेगी। संजय गांधी अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र तिवारी के द्वारा हृदय के मरीजों का ऑपरेशन एवं धमनी ब्लॉकेज जैसी अन्य बीमारियों का उपचार किया जा रहा है। बताते चलें कि प्रत्येक मंगलवार को अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ सत्येन्द्र तिवारी द्वारा बीते 3 माह से हृदय धमनियों में ब्लॉकेज आदि से संबंधित बीमारियों का इलाज कर रहे हैं।

# नए कानूनों के बारे में लोगों को दी जानकारी

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** 1 जुलाई से देश में लागू हुए नए कानूनों की जानकारी देने के लिए सोमवार को थाना गौरीगंज पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों को भारत सरकार द्वारा लागू किये गये नए कानून भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान स्थानीय नागरिकों के साथ ग्राम प्रधान, डिजिटल वालंटियर्स, ग्राम प्रहरी व पीस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। एएसपी ने बताया कि 30 जून तक के मामलों को पुराने कानून के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया लेकिन सोमवार से नये कानून लागू होने बाद सभी मामले उपरोक्त नये कानून के अन्तर्गत पंजीकृत किये जाएंगे। सभी लोगों को नये कानून की धाराओं से संबंधित पंपलेट वितरित किये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी भी मौजूद रहे।

### अब जनता को मिलेगा त्वरित न्याय : थाना प्रभारी

**फुरसतगंज (अमेठी) , अमृत विचार।** फुरसतगंज थाना प्रांगण में सोमवार को नए कानूनों को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार यादव ने कानूनों में किए गए परिवर्तन के बारे में बातते हुए कहा कि इससे जनता को त्वरित न्याय मिलेगा। थानों में मामला दर्ज कराने वाले और जिसके खिलाफ उसने मामला दर्ज कराया है दोनों पक्षों को इसकी सूचना तत्काल मिलेगी। मामले में क्या करवाई हो रही है उसकी जानकारी भी दोनों पक्षों को होती रहेगी। नए कानून में सभी प्रकार के मुकदमों के निस्तारण के लिए समय निर्धारित किया जाएगा और इसी अवधि में मामले का निस्तारण किया जाएगा। सामाजिक सेवा कानून के तहत लोगों को सजा के रूप में समाज में रहकर सेवा करनी पड़ेगी जिससे उनपर प्रभाव पड़ेगा और वह अपने आप को परिवर्तित कर अपना जीवन सुधार पाएंगे। इस मौके पर क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे। एडवोकेट उमाकांत तिवारी ने कहा कि कानूनों में किए गए सुधारों से नागरिकों को त्वरित न्याय मिलेगा।

# हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददता नबावगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान सोमवार को पुलिस ने हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जहां उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कोरारा गांव में बीते 13 जून की रात्रि को किसान रजनीश पुत्र राम आधार घर के बाहर लेटा था। देर रात युवक पर हमला कर घायल कर दिया गया था। परिजन युवक को नवाबगंज सीएचसी से लखनऊ ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया था। मृतक का बेटा साहिल ने गांव के ही चार लोगो पर मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार रात युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। सोमवार को पुलिस ने गांव के ही विशाल, अजय कुमार, विशाल को नवाबगंज पक्षी विहार के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

### चौराहे पर ई-रिक्शा चालक को थप्पड़ मारने के आरोप में सिपाही हुआ लाइन हाजिर

**अमेठी, अमृत विचार।** थाना गौरीगंज के जामो तिराहा के पास ई-रिक्शा चालक को सिपाही ने गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मार दिया। घटना का वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल होने पर एसपी अनूप कुमार सिंह ने आरोपी सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया। प्रकरण की जांच गौरीगंज के क्षेत्राधिकारी को सौंपी है। गौरीगंज कोतवाली के मुख्य आरक्षी राकेश राय ने बीते दिन जनपद मुख्यालय के जामो तिराहे के पास एक ई-रिक्शा चालक के साथ गाली-गलौज की। वाहन के अभिलेख मांगे। जब चालक अभिलेख दिखाने लगा तो सिपाही ने वाहन के अभिलेख उसके मुंह पर फेंककर जोरदार थप्पड़ जड़ दिया। इसी बीच किसी राहगीर ने सिपाही की इस करतूत का वीडियो बना लिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर एसपी ने मामले का संज्ञान लिया। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये आरोपी मुख्य आरक्षी राकेश राय को लाइन हाजिर कर दिया।

# गंगा में कानपुर के 5 युवक डूबे, 2 की मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रहने वाले 5 युवक सोमवार देर शाम गंगा नहाने के लिये गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चंदन घाट पर पहुंचे। गहरे पानी में जाने के कारण डूबने लगे। तट पर मौजूद लोगों ने तीन को सकुशल निकाल लिया जबकि दो युवकों की मौत हो गई।

कानपुर के बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के बेगमपुरवा निवासी गुलफाम (22), यहीं के रहने वाले मोहम्मद अफरोज (34) पुत्र स्व. अनवर अली अपने साथी नौबस्ता थाना क्षेत्र के मछरिया निवासी सलमान पुत्र कासिम खान, यहीं के चांद बाबू पुत्र मुन्ना व जाजमऊ थाना क्षेत्र के चुंगी निवासी लाला के साथ सोमवार शाम लगभग सात बजे जाजमऊ चंदन घाट पर गंगा नहाने आये थे। गंगा नहाने के दौरान गुलफाम और अफरोज गहरे पानी में चले गये। यह देख सलमान, चांद और लाला उन्हें बचाने के लिये दौड़े। जिससे वह भी गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। पांचों युवकों को डूबता देख तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिस पर तट पर मौजूद लोगों ने गंगा में छलांग लगाई और किसी तरह सलमान, चांद और लाला को सकुशल बाहर निकाला। रात का समय होने के कारण गुलफाम और अफरोज का पता नहीं लग सका। पांच युवकों की डूबने की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने शुक्लागंज से गोताखोरों को बुलाया। देर रात तक गोताखोरों ने दोनों की तलाश की लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चल सका।

## सार-संक्षेप


डाक्टर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व बच्चे। अमृत विचार

### डॉक्टर्स डे के रूप में मना विधान चंद राय का जन्मदिन

**गौरीगंज, अमेठी।** संस्कार ग्लोबल स्कूल गौरीगंज में सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भारत के महान चिकित्सक डॉक्टर विधान चंद्र राय का जन्मदिन डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया गया। विद्यार्थियों ने चिकित्सा एवं चिकित्सा सुविधा में लगे अन्य लोगों का परिधान धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य देवांश भरतद्वाज उपाध्याय ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर एवं डॉ. बीसी राय के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि देकर किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. बीसी राय के योगदान को याद करते हुए चिकित्सकों को समाज के प्रति उनकी सेवा और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। संस्था के निदेशक संजय सिंह ने सभी को डॉक्टर डे की शुभकामनाएं दी। कहा चिकित्सा एवं अन्य चिकित्साकर्मी पृथ्वी पर भगवान के रूप में है, हमें उनका सम्मान एवं आदर करना चाहिए। संस्था की चेयरपर्सन डॉक्टर अंजना सिंह सेंगर ने चिकित्सक की समाज के लिए आवश्यकता से अवगत कराया। कहा कि हम सभी को उनका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों में आयुष, शेरा, सक्षम, आयुषी, अद्विका, नमिता, शगुन, आस्था, एवं पूर्णा आदि ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम- कार्यक्रम प्रभारी रेखा पटेल के कुशल निर्देशन एवं संगीत शिक्षिका ऋचा पुष्पाकर के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर चित्रकेतु सिंह, मंजू सिंह, जीत लाल पटेल, देशराज मौर्य, संतलाल जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार, अमन सिंह, रघुराज प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### प्रवेशोत्सव के बाद पहले दिन लगीं पर्यावरण की कक्षाएं

**भादर, अमेठी।** स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय भादर -प्रथम में प्रवेशोत्सव और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। खंड विकास अधिकारी इन्द्रावती वर्मा के प्रतिनिधि के तौर पर सहायक विकास अधिकारी राम तेज वर्मा और विजय कुमार मिश्र ने स्कूल का निरीक्षण किया और परिसर में पौधरोपण भी किया। एडीओ आईएसबी ने बच्चों को पौधारोपण के महत्व की जानकारी दी और पेड़-पौधों को सुरक्षित रखने के लिए सचेत किया। कहा कि बढ़ती आबादी ने कई तरह के संकट खड़े किए हैं। कंक्रीट के जंगल बढ़े हैं, धरती पर हरियाली कम होने से स्वच्छ प्राण वायु का संकट बढ़ा है। इस संकट से निपटने के लिए सरकार की ओर से हर वर्ष जुलाई व अगस्त महीने में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। एडीओ सहकारिता वीके मिश्र ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में आदि काल से वृक्षों की पूजा होती है। वृक्ष धरती के श्रृंगार हैं, हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम दस पेड़ लगाना चाहिए। इं प्र अ संजीव कुमार ने बताया कि पिछले दस सालों के भीतर परिसर में लगाए गए की कई पेड़ छाया और फल दे रहे हैं। ब्लॉक संसाधन केंद्र की ओर से जामवंत मौर्य ने गुलाब के पौधे लगाए। संकुल शिक्षक देवांशु सिंह, शिक्षक अवनीश वर्मा, विजय प्रताप यादव, संध्या गुप्ता, गणेश प्रसाद शर्मा, लालती देवी, शिवकरन गुप्ता , कौशलेंद्र सिंह, रिपु मौर्य आदि ने भी पौधारोपण किया। विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई। पहले दिन की कक्षाएं बारिश के मौसम में जलजमाव से फैलने वाली बीमारियों से रोकथाम, पेड़ पौधों के महत्व और मौसमी फलों पर केंद्रित रही। बच्चों को हलुआ खिलाया गया। एमडीएम में रोटी-सब्जी के साथ मौसमी फल आम का वितरण किया गया।

### अखिलेश यादव का मनाया गया जन्म दिन

**फुरसतगंज( अमेठी)।** उसराहा बाबा चौराहे पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया, इस मौके मिठाई खिलाकर नेताओं ने एक दुसरे को अखिलेश भइया के जन्मदिन की बधाई दी। और नहर कोठी चौराहे पर पौधरोपण भी किया गया। पौधरोपण में 51 पौधे लगाये गये। समाजवादी पार्टी के नेतावों ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की दीर्घ आयु की कामना की।

# केक काटकर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

संवाददाता, अमेठी


पूर्व मुख्यमंत्री का जन्म दिन मनाते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन सोमवार को कई जगह मनाया गया। जिला मुख्यालय पर स्थित सपा कार्यालय पर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव और संचालन जिला महासचिव अरशद अहमद ने किया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटा, इसके बाद अखिलेश के उनके चित्र को खिलाते हुए दीर्घायु की कामना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी मुखिया के कुशल नेतृत्व में लोकसभा के चुनाव में सफलता हासिल कर पार्टी को देश की तीसरी पार्टी होने का सौभाग्य हासिल हुआ। कहा कि जिले में लोकसभा चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन के बदौलत ही जीत हासिल हुई। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से अखिलेश यादव के दिखाए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रियंक हरिविजय तिवारी ने अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामना के साथ अपने पैतृक आवास पर नीम का पौधा लगाया, और जिला मुख्यालय में अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किया। इस मौके पर तुफैल खान, डॉ सी पी यादव, आर के यादव, विजय प्रकाश यादव प्रधान, जग प्रसाद, अनिलेश शुक्ला आदि मौजूद रहे। वहीं बाजार शुकुल क्षेत्र के हरखू मऊ स्थित सपा कार्यालय पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भवानी प्रसाद मिश्र की अगुआई में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटा और अखिलेश की दीर्घायु होने की कामना की। साथ ही पीडीए वृहद पौधरोपण अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। जन्मदिन कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा पूर्ववर्ती सपा सरकार के दौरान किए गए विकास कार्यो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। जन्मदिन कार्यक्रम में पूर्व सपा ब्लाक अध्यक्ष भवानी प्रसाद मिश्र, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विमलेश सरोज, कुलदीप शुक्ला, सपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर मौर्या, सत्य नरायन यादव, जगजीवन धोबी, जवाहर यादव, लाल बहादुर यादव, भवानी साहू, रामहेत यादव, राज करन यादव, जगदम्बा यादव, संजय यादव, राम बहादुर यादव, पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष इजहार अहमद गुड्डू, राम सुन्दर यादव, राम धीरज यादव, रईस अहमद आदि मौजूद रहे।



### सपा नेताओं ने किया पौधरोपण

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 52वें जन्म दिवस पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व पूर्व जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव ने पीडीए पेड़ प्रदेशव्यापी पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। अपने जल निगम रोड स्थित आवास पर पौधरोपण किया।

# स्कूल खुलने पर पहुंचे बच्चे, हुआ स्वागत

## बच्चों में दिखा उत्साह, सीडीओ ने मिठाई खिलाकर बांटी किताबें, स्टेशनरी के भी सामान दिए गए

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचार:** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार एक जुलाई को स्कूल खुल गये। छुट्टियां बिताने के बाद बच्चे स्कूल पहुंचे तो टीचरों ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सीडीओ गौरव कुमार और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बच्चों है स्वागत किया। स्कूल में बच्चों को नई किताबें और स्टेशनरी के सामान भी बांटे गये। जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।



बच्चों को किताब देते सीडीओ गौरव कुमार–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी।

गर्मी की छुट्टी बीत गयी। एक जुलाई सोमवार से स्कूल अपने समयानुसार खुल गये। सोमवार की सुबह बच्चे समय पर स्कूल पहुंचे। संविलियन विद्यालय, पुराना कटरा सहित अन्य स्कूलों में बच्चों का पहला दिन रहा। जहां सीडीओ ने बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर बच्चों को मिठाईयां खिलाई। सीडीओ ने बच्चों डी पथन समाग्री भी वितरित की। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने बच्चों को कहा खूब पढ़ाई करना, ताकि अफसर बन सको। सीडीओ ने बच्चों से उनका परिचय लिया और उन्हे प्रतिदिन स्कूल आने के कहा।

## स्कूल चलो अभियान के तहत छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**कोरांव/नैनी अमृत विचार :** विकास खंड कोरांव के प्राथमिक विद्यालय कोसफरा खुर्द में खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान व प्रधानाध्यापक रमाकांत सिंह ने नव प्रवेशी छात्रों को रोली अक्षत का टीका लगाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। इसी तरह अन्य सभी छात्रों को फल बांटकर उनका भी स्वागत किया गया। प्रधानाध्यापक के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान बच्चों को कापी व कलम का वितरण भी किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने कहा कि शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति को सुनिश्चित कराने व उनके पठन-पाठन की गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए बच्चों का स्वागत अभिनंदन किया गया। इससे बच्चे उत्साहित हों और नित्य प्रतिदिन विद्यालय में आकर शिक्षा ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि रोली अक्षत का टीका लगाकर उनके स्वागत के माध्यम से उन्हें प्रतिदिन स्कूल आने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड में कार्यरत सभी शिक्षकों को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालयों में आरंभ से ही बच्चों की उपस्थिति पर ध्यान दें और नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थित कराने का काम करे, जिससे सभी बच्चे शिक्षा दीक्षा ग्रहण कर सकें।

## यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा को शुरु हुआ आवेदन

**प्रयागराज। अमृत विचार:** एक जुलाई सोमवार से विद्यालय खुलने के बाद यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो रहे है। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर पांच अगस्त तक आवेदन किया जायेगा। विलंब शुल्क एक साथ 16 अगस्त तक आवेदन किया जायेगा। इसके बाद विद्यालय को फॉर्म भरने की अन्य प्रक्रिया 30 सितंबर तक पूरी करनी होगी। 2025 में होने वाली यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया एक जुलाई से शुरू होगी। यह आवेदन माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर होगा।

# दंपति को गोली मारकर दहशत फैलाने वाले अंतर्राज्यीय बदमाश की पुलिस से मुठभेड़

संवाददाता, प्रतापगढ़

▸▸ **मानधाता थाना क्षेत्र के हैंसी परजी बीरापुर गांव में हुई थी ताबड़तोड़ फायरिंग**

**अमृत विचार :** मानधाता थाना क्षेत्र के हैंसी परजी बीरापुर में शनिवार दोपहर चुनावी खुन्नस में राजेश सिंह और उनकी पत्नी गीता सिंह को गोली मारकर दहशत फैलाने वाले अंतरराज्यीय बदमाश की रविवार की देर रात पुलिस से मुठभेड़ हो गई। जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस उसे उपचार के लिए राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले आई।

मानधाता थाना क्षेत्र के हैंसी परजी बीरापुर निवासी राजेश सिंह के घर पर चुनावी खुन्नस में धावा बोलकर बाइक सवार लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। गोली राजेश सिंह व उनकी पत्नी गीता देवी के पैर में लगी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो नामजद वह 10-12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। एसपी डा. अनिल कुमार के निर्देश के बाद मानधाता पुलिस और स्वाट टीम आरोपियों की तलाश में लग गई। रविवार की रात करीब 12 गजेहड़ी पुलिया के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस बीच घटना में शामिल आरोपी अंतरराज्यीय बदमाश जेठवारा थाना क्षेत्र के सराय नाहर राय गांव निवासी आरोपी वीरेंद्र उर्फ बच्चा यादव और उसके एक साथी को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन वह बाइक छोड़कर पैदल ही भागने लगे। मुठभेड़ में वीरेंद्र बच्चा यादव के पैर में गोली लग गई, जबकि उसका साथी भागने में कामयाब रहा। घायल वीरेंद्र उर्फ बच्चा यादव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानधाता ले जाया गया। सूचना पर सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी, एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह अस्पताल पहुंचकर घायल आरोपी से पूछताछ की। थानाध्यक्ष मानधाता सुभाष यादव ने बताया कि मुठभेड़ में पकड़े गए बच्चा यादव के खिलाफ जेठवारा, मानधाता थाने के अलावा अन्य राज्य में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

## थानों में नए कानून की जानकारी दी

**नैनी, अमृत विचार :** नए कानून की जानकारी लोगों को देने के लिए सोमवार को विभिन्न थानों में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में तीन नए कानून, भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर कमिश्नरेट प्रयागराज श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने औद्योगिक क्षेत्र थाना परिसर में लोगों तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# पेड़ से लटकता मिला किसान के बेटे का शव

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

▸▸ **फसल की रखवाली करते समय रात में हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार :** फसल की रखवाली कर रहे किसान के बेटे का शव सोमवार सुबह पेड़ से लटकता मिला। उसके हांथ पैर बंधे हुए मिले। ग्रामीणों व परिजनों ने कहा कि हत्या कर शव पेड़ से लटकाया गया है। वहीं पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट होने की बात कह रही है। युवक की मौत से परिजन बेहाल हैं।



श्याम बाबू (फाइल फोटो)

महेशगंज थाना क्षेत्र के गरीबपुर गांव के चंद्रिका प्रसाद गुप्ता का 25 वर्षीय बेटा श्याम बाबू रविवार की शाम को अपने खेत के फसल की रखवाली करने गया था। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने श्याम बाबू का शव खेत में स्थित नीम के पेड़ से लटकता हुआ देखा। घटना की जानकारी महेशगंज पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची महेशगंज पुलिस ने परिजनों से बात कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता ने बताया कि अलग - अलग पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# इटावा से फरार तीन आरोपियों को एसटीएफ ने प्रयागराज से दबोचा

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचार :** ट्रेन से जा रहे तीनों शातिर अपराधी 17 जून को इटावा के इकदिल स्टेशन के पास मौका पाकर फरार हुए तीन शातिर अपराधियों में दो आरोपियों को लखनऊ एसटीएफ ने सोमवार को शहर के करैली इलाके से गिरफ्तार कर होने साथ ले गई। दोनों के खिलाफ विभिन्न जिलों में दर्जनों मुकदमे दर्ज है। जानकारी के मुताबिक बीते 17 जून को महाराष्ट्र पुलिस के दो उप निरीक्षक मिलिंद तायडे व हर्षल राउस फोर्स के ट्रांजिट रिमांड पर प्रतापगढ़ से नालासोपारा महाराष्ट्र के लिए ट्रेन नं 20942 गाजीपुर बांद्रा ले जा रहे थे। उस दौरान ट्रेन से जा रहे तीनों शातिर अपराधी इटावा के इकदिल स्टेशन के पास मौका पाकर फरार फरार हो गये थे। घटना की सूचना इटावा जीआरपी को मिलते ही कंट्रोल रूम में सूचना दी गई। हालांकि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दो की तलाश जारी थी। इसके बाद एसटी स्पेशल टास्क फोर्स के अपर पुलिस अधीक्षक सत्य सेन यादवने एक टीम गठितकी जिसमें प्रभारी निरीक्षक प्रमोद वर्मा, अप निरीक्षक वीरेंद्र यादव मुख्य आरक्षी प्रभात कुमार और विजेंद्र राय को प्रयागराज भेजा गया। सोमवार को सटीक जानकारी के बाद टीम ने मो. रेहान फारूकी पुत्र मो. वसीम फारूकी निवासी रजनपुर थाना कुण्डा, प्रतापगढ़ और कलीम अहमद पुत्र वकील अहमद निवासी खानशाहपूरा सिंगरौर, मंसूराबाद, प्रयागराज को करैली इलाके से गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि दोनों करेली के गौसनगर इलाके में अपने बेटी और दामाद के पास जा रहे थे। उस दौरान दोनो को दबोच लिया गया।

# अतीक के बेटे उमर और अली के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल

संवाददाता, प्रयागराज।

▸▸ **लखनऊ की जेल में उमर और नैनी जेल में बंद है अली**

**अमृत विचार:** अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड के मामले में साजिश रचने वाले अतीक अहमद के बेटे उमर और अली के खिलाफ सोमवार को पुलिस ने चार्ज सेट कोर्ट में दाखिल कर दी। उमेश पाल हत्याकांड में दोनों को आरोपी है। उमर एसटी की जेल में और अली नैनी सेंट्रल जेल में बंद है।

बीते 24 फरवरी 2023 को प्रयागराज के जयंतीपुर धूमनगंज इलाके में माफिया के कुख्यात शूटरों ने अधिवकता उमेश पाल को गोलियां से छलनी कर दिया था। इस दिल दहला देने वाली घटना में उनके दो सरकारी सुरक्षाकर्मियों की भी हत्या कर दी गई थी। प्रयागराज पुलिस ने इस घटना में माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटे उमर और अली को साजिश रचने के आरोप में आरोपी बनाया था। इन दोनों उमर लखनऊ जेल में बंद है, जबकि अली नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। इस मामले में पुलिस ने लखनऊ जाकर उमर का बयान दर्ज किया था जबकि अली का बयान नैनी सेंट्रल जेल में लिया गया था। इस बयान में अली ने कई खुलासे किये थे। इस की लखनऊ लेकर अली ने अपने गुनाहों को काबूल किया था। उसने बयान में बताया था कि इस हत्याकांड में उसने अपने भाई असद को शामिल करने के लिए अब्बा से माना किया था लेकिन वह नहीं माने थे। इस घटना में पहले भी चार्ज शीट दाखिल की गई थी जिसमें सदाकत खान फिर खान शौलत हनीफ, इकलाख अहमद समेत आठ आरोपियों के खिलाफ चार्ज शीट लगेई गई थी। प्रयागराज पुलिस ने अतीक अहमद के दोनों बेटे उमर और अली के खिलाफ हिस्ट्रीशीट भी खोली थी जिसमें दोनों को हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया था।

## निषाद राज बोट सब्सिडी योजना के लिए 21 तक करें आवेदन

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण विकास कुमार दीपांकर ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत निषाद राज बोट सब्सिडी योजनान्तर्गत जाल एवं नाव इत्यादि के क्रय हेतु जन सामान्य विभागीय पोर्टल पर एक से 21 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। योजनान्तर्गत विवरण इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों का विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल fisheries.up.gov.in पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त मत्स्य विभाग के मण्डलीय व मत्स्य पालक विकास अभिकरण के जनपदीय कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# बंदियों को पढ़ाया नए कानून का पाठ

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज।

**अमृत विचारः** सेंट्रल जेल में सोमवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज/एडीजे दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में पर तीन नए कानून, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने नए कानून के बारे में जानकारी दी।

विचारगोष्ठी में कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंगबहादुर प्रशिक्षु जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह चिकित्साधीक्षक डॉ वेद प्रकाश चंद, चिकित्साधिकारी डॉ. अर्पणधर दुबे, कारापाल डॉ. आलोक कुमार, कारापाल ओमप्रकाश चीफ डिफेंस काउंसिल विकास गुप्ता ने तीन नए कानून के सन्दर्भ में अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में कारागार के बंदियों एवं कर्मचारियों के साथ यूनाइटेड कॉलेज प्रयागराज के विधि संकाय के छात्र छात्राओं ने भी भाग लिया तथा वक्ताओं के विचारों से लाभान्वित हुए।

## सोच समझकर करें मोबाइल का इस्तेमाल

**संवाददाता, नैनी, अमृत विचार :** मोबाइल का इस्तेमाल सभी को सोच समझकर करना चाहिए, क्योंकि आपकी हर जानकारी उस पर होती है। यह बातें सोमवार शाम को नैनी कोतवाली में नए कानून पर आयोजित गोष्ठी में संयुक्त निदेशक ओम प्रकाश राय ने जानकारी देते हुए कही। उन्होंने बताया कि विवेचना अब अंतहीन नही रही। विवेचना 90 दिन में खत्म करना है। ऐसा नहीं करने पर संबंधित कोर्ट को सूचना देना होगा। कस्टडी रिमांड में सुविधा होगी। सहायक उप आयुक्त यमुना नगर अभिजीत कुमार ने मॉब लिंचिंग, रेप और गैंग रैप तथा संगठित अपराध में नए कानूनों के बारे में बताया। अभियोजन अधिकारी, प्रयागराज डॉ आनंद कुंवर गुप्त ने बताया कि भारतीय दंड संहिता का समापन हो गया है। अब कानूनों का कंप्यूटरीकरण हो गया। डिजिटल से कोई काम करें तो ध्यान रहे की आप पकड़ मे आ सकते हैं। घर बैठे एफआईआर किया जा सकता है। इस मौके पर एसीपी करछना भी मौजूद रहे।

# कबड्डी की बढ़ रही है लोकप्रियता

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** जिला कबड्डी एसोसिएशन का वार्षिक सम्मान समारोह सोमवार को पीबी इण्टर कालेज सिटी में आयोजित किया गया। जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले कबड्डी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।



पीबी इण्टर कालेज में खुशी जताते सम्मानित किये गए कबड्डी खिलाड़ी।

मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि कबड्डी मिट्टी से मैट पर आ गई है। इसकी लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। प्रतापगढ़ हमेशा से खेल प्रतिभाओं से भरा रहा है। मेरी शुभकामनाएं है कि यह परम्परा अनवरत बनी रहनी चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाली कबड्डी खिलाड़ी प्रिस प्रजापति एवं राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने

▸▸ **भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने कबड्डी के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह ने समारोह को सम्बोधित किया। संयोजक प्रधानाचार्य डा.अनूप सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर वीरेंद्र सिंह व संचालन सचिव डा.धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान कौशलेंद्र प्रताप सिंह, लालमणि सिंह, उमेश प्रताप सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह, रामेंद्र प्रताप सिंह, कर्मराज सिंह, पुष्पा सिंह, रवि प्रकाश सिंह, विद्या सागर सिंह, शैलेश प्रताप सिंह, गोविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# जीवन को सशक्त बनाने का एकमात्र साधन सिर्फ शिक्षा

संवाददाता, जौनपुर

▸▸ **डीपीआरओ ने वृहद वृक्षारोपण के दिए निर्देश**

**अमृत विचारः** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर सिरकोनी में धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी जौनपुर नत्थूलाल गंगवार द्वारा कार्यक्रम में पहुंचकर बच्चों को माला पहनाकर एवं चंदन तिलक लगाकर स्वागत करते हुए प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर उनके द्वारा वृक्षारोपण कर वृहद वृक्षारोपण के निर्देश भी दिए गए।

जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता, अंधविश्वास एवं अन्य सामाजिक बुराइयां दूर कर अपने जीवन को सशक्त और समृद्ध बना सकते हैं इसलिए कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए, सभी लोग अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन अवश्य कराएं इस दौरान सफाई कर्मियों की अनुपस्थिति पर जिला पंचायत अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा कार्रवाई के संकेत भी दिये गए।

# गठबंधन रहेगा जारी, 2027 में भाजपा होगी साफ

## अखिलेश के जन्मदिन पर बोले सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, शुरू किया पीडीए पेड़ कैंपेन

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन को लेकर जिले के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में काफी उत्साह है। इस दौरान 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वृक्षारोपण अभियान चलाएंगे। जिसमें पीडीए पेड़ के रूप में बरगद, पीपल और नीम के पेड़ लगाए जा रहे हैं। सपाइयों का कहना है कि हर तरफ फैले हुए तरह-तरह के प्रदूषण को दूर करने के लिए, आवश्यकता जमीन से जुड़े पेड़ों की है, मानव निर्मित शाखाओं की नहीं। इस मौके पर वृक्षारोपण करते हुए सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी




ने कहा कि पीडीए पेड़ पौधारोपण के इस आंदोलन को हम राष्ट्रव्यापी आंदोलन बनाएंगे। कहा कि इंडिया गठबंधन जारी रहेगा। 2027 में यूपी से भाजपा पूरी तरह साफ हो जाएगी। इस मौके पर अखिलेश यादव दीर्घायु पीडीए वृक्षारोपण हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर विधानसभा, ब्लाक एवं सेक्टर के अलावा बूथ स्तर पर पीडीए पेड़ लगाया गया। हम लोग अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पौधारोपण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश का कोई भी संगठन समाजवादी पार्टी के संगठन का मुकाबला नहीं कर सकता है। सपा उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी और देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य छोटे दलों के साथ हमारा गठबंधन इसी तरह आगे भी जारी रहेगा। आने वाले समय में उसी तरह उत्तर प्रदेश से भी भाजपा को उखाड़ फेकेंगे और अखिलेश यादव के नेतृत्व में 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे। इस मौके पर पूर्व सांसद रमेश चंद्र बिंद, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, पूर्व विधायक जगदंबा सिंह पटेल, आशीष यादव, रामजी मौर्य, मुन्नी यादव, झल्लू यादव, राज नारायण, निराला कॉल, दामोदर मौर्य, सतीष मिश्रा, संजय यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### तहसीलों में सफाई कार्य का निरीक्षण करें एसडीएम : डीएम

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** जनपद में नालियों की साफ-सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने परमानतपुर मोहल्ले में नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर में अमृत योजना एवं नमामि गंगे के तहत चल रहे पाइप लाइन के कार्य का भी निरीक्षण किया और निर्देशित किया कि गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें, ताकि बारिश में लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि नाले की समस्त बड़े एवं छोटे नालियों को शीघ्र सफाई कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न किया जाए। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारीगण को कहा है कि अपने-अपने तहसीलों में भ्रमण कर नालियों की साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण करें। इस अवसर पर ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया है कि प्राथमिकता के आधार पर सफाई अभियान को चलाया जाए, जिससे समस्त गलियों, मोहल्लों सहित जनपद की सभी नालियों की सफाई जल्द से जल्द हो जाए।

### नए कानून को लेकर थाने पर दी गई विस्तृत जानकारी



**संवाददाता, अहरौरा (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** थाना परिसर में नए कानून संशोधन के दौरान प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने थाना परिसर में जन प्रतिनिधि और स्थानीय संभ्रांत नागरिकों के बीच समीक्षा बैठक की। थाना प्रभारी ने सरकार ने धारा संशोधन पर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद, बाबूलाल प्रजापति, मो. सलीम, डॉ मो. इस्लाम, किस्मत कुशवाहा, सफीक अहमद, मुरारी यादव, रमजान अली, मो. अजीम, परवेज आलम, ग्राम प्रधान राजेश यादव, छेदी यादव, सत्यनारायण मौजूद रहे।

### बच्चों का तिलक लगाकर व फूल देकर किया गया स्वागत

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** नए सत्र में स्कूल खुलने को लेकर बच्चों एवं अभिभावकों में उत्सुकता दिखी। नवप्रवेशी बच्चे भी आज पहली बार विद्यालय में आकर प्रसन्न हुए। पीएम श्री कंपोजिट हथेड़ा उच्च प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि काशी प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में एसएमसी सदस्यों एवं माता समूह के साथ विद्यालय की प्रधानाध्यापिक सुरेश मिश्रा शिक्षक उदित नारायण मिश्र व आशीष मिश्रा ने आगन्तुक बच्चों अभिभावकों का भी स्वागत किया गया। बच्चों का स्वागत टिका लगाकर फूल और गुब्बारा देकर किया गया तथा मिष्ठान भी वितरित किया गया।

### बीएसएस में उत्सव मनाकर बच्चों का किया अभिनन्दन

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** बीएसएस एकेडमी फुलवारी में सोमवार को उत्सव मनाया गया। छुट्टियों के बाद विद्यालय खुलने पर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और बच्चों का तिलक लगाकर अभिनन्दन किया गया। बच्चों द्वारा फीता काट कर कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह ने कहा कि उत्सव जैसे माहौल से बच्चे शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित होते हैं। नवप्रवेशी छात्रों को परिसर, परिवेश, सुविधाओं आदि की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर मैनेजर धर्मेंद्र सिंह, कोआर्डिनेटर धर्मराज मौर्य समेत शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।



बीएसएस एकेडमी में फीता काटकर कक्षा संचालन की शुरुआत करती नन्हीं छात्रा।

### विधायक व डीएम ने बच्चों को दुलराया, बांटे उपहार



डीएम संजीव रंजन व बीएसए भूपेंद्र सिंह को कविता सुनाता छात्र।

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नव प्रवेश उत्सव पर विधायक सदर एवं जिलाधिकारी ने विद्यालयों में जाकर बच्चों को दुलारा और उपहार दिए। चिलबिला स्थित विद्यालय में पहुंचे सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने बच्चों से मिलकर हाल जाना और उपहार भेंट किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे समाज की प्रगति हो सकती है। वहीं प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ पहुंचकर डीएम संजीव रंजन सीधे बच्चों से रूबरू हुए। बच्चो ने उन्हें कविता सुनाई तो वह प्रशंसा करते हुए टॉफी, कलर बॉक्स आदि बच्चों को उपहार भेंट किया। इस दौरान बीएसए भूपेन्द्र सिंह, बीईओ नगर क्षेत्र संजय यादव, राकेश सिंह, दिनेश सिंह, सुधीर सिंह, खुर्शीद, कलीम अशोक, धर्मेंद्र ओझा, आकांक्षा गुप्ता, मीनाक्षी पांडेया आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण कर सपाइयों ने मनाया अखिलेश का जन्मदिन



सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पार्टी कार्यकर्ताओं को पौधे देतीं पूर्व एमएलसी कांति सिंह पटेल। अमृत विचार

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पार्टी पदाधिकारियों ने सोमवार को विभिन्न आयोजन किए। पौधरोपण कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। कार्यकर्ता यह अभियान सात जुलाई तक चलाएंगे। पार्टी कार्यालय पर नगर अध्यक्ष निसार अहमद की अध्यक्षता में बरगद, पीपल और नीम के पौधे लगाए गए। जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने बताया कि सपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर सात जुलाई तक पौधरोपण करेंगे। सांसद डा. शिवपाल सिंह पटेल के कैम्प कार्यालय पर उनकी प्रतिनिधि पूर्व एमएलसी कांति सिंह पटेल ने पौधरोपण कर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को पौधे वितरित किये। इस दौरान गुलफाम खान, आशुतोष पांडेय, वासिक खान, जावेद खान, जगदीश मौर्य, मनीष पाल, वकार अहमद, करोड़ साजिद खान, वकार अहमद आदि मौजूद रहे।

### संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरुकता जरूरी : राजेंद्र



स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाते सीएमओ डा.जीएम शुक्ल।

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** एक से 31 जुलाई तक संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि इसके नियंत्रण के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। इसके पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में संचारी रोग नियंत्रण विषयक एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीएमओ डा.जीएम शुक्ल एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.एन राय ने अतिथियों का स्वागत किया। सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं स्वयं सेवी संस्था रोटरी क्लब के सदस्यो को सीएमओ ने संचारी रोग नियंत्रण की शपथ दिलाई। डाक्टर्स डे के अवसर पर सभी चिकित्सको एवं कर्मचारियो को विधायक ने बधाई दी। इस अवसर पर डीआईओएस सरदार सिंह, डिप्टी सीएमओ डा.राजेश सिंह, शबीब अहमद, डीपीएम राजशेखर, महेश सिंह, डा.सुधाकर सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### माननीयों के केस में नहीं हुई सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** वकीलों के कार्य बहिष्कार के कारण सोमवार को माननीयों के खिलाफ विचाराधीन केस में सुनवाई नहीं हो पाई। सपा के घेरा डालो-डेरा डालो केस में सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा, मौजूदा समय में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव समेत कई अन्य सपा नेताओं के खिलाफ दर्ज केस में अगली सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तिथि नियत की गई है। वहीं, इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू के खिलाफ विचाराधीन केस में अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी।

### पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय के मैदान में जलभराव

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** एक जुलाई से सभी स्कूलों को पढ़ाई के लिए खोलने का आदेश पर अधिकांश में बच्चों की उपस्थिति बहुत ही कम रही। जो बच्चे आए उनको चंदन लगा कर अभिवादन किया गया। कंपोजिट विद्यालय दोस्तपुर के प्रधानाचार्य बृज किशोर तिवारी ने बताया कि सभी अभिभावकों को सूचित किया गया था। कुल कक्षा एक से आठ तक में कुल सोमवार को 70 बच्चे स्कूल आए हैं, जिन्हें मिड डे मील के तहत फल दिया गया। आटा नहीं होने से चावल सब्जी खिलाया गया। परिसर में जल भराव पर बताया कि कोई जल निकासी के लिए नाली नहीं बनी है। इसलिए मैदान में पानी भरा हुआ है, जिससे एक कक्षा व खेलने का मैदान प्रभावित है।

### युवती के अपहरण का युवक पर दर्ज हुआ केस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** चांदा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर दी है। महिला ने बताया कि 19 जून की रात को उसकी उसकी 19 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला इसी बीच पता चला कि पड़ोसी गांव का युवक उसे भगा कर ले गया है। चांदा थाना प्रभारी रवींद्र सिंह ने बताया कि तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# रोडवेज बस ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

## लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंभुआ बाईपास के पास हुआ हादसा

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार की देर रात करीब दो बजे रोडवेज व ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक व उसके सहयोगी की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त करवा पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं रोडवेज पर बैठी सवारियों को दूसरी बस से गंतव्य स्थल पर भेजा गया है।

जिले की लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के दियरा रोड स्थित बाईपास के समीप ओवर ब्रिज पर देर रात करीब दो बजे एक सड़क हादसा हो गया।

> मृतकों के शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचित कर दिया गया था। परिजनों की मौजूदगी पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मौके से रोडवेज चालक भाग निकला था। सवारियों को दूसरे बस से गंतव्य स्थल पर भेजा गया है।–**अखंड देव मिश्र, थानाध्यक्ष लंभुआ कोतवाली**

परिवहन निगम की पिंक बस सेवा में लगी अवध डिपो की रोडवेज बस लखनऊ से वाराणसी के जा रही थी। पिंक रोडवेज बस लंभुआ के बाईपास स्थित ओवर ब्रिज के पास पहुंची, तभी वाराणसी से लखनऊ की तरफ जा रहे एक ट्रैक्टर से बस की भिड़ंत हो गई। बस की भिड़ंत से ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। वही ट्रैक्टर चालक व उस पर सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ ले जाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान शाहजहांपुर निवासी अखिलेश कुमार (30) पुत्र जगदीश वर्मा व रायबरेली निवासी राहुल (32) पुत्र हरिशंकर के रूप में हुई है।



लंभुआ में रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर के उड़े परखच्चे। अमृत विचार

## अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत, साथी की हालत गंभीर

**संवाददाता, सुलतानपुर :** बाइक पर पीछे बैठाकर दोस्त को शहर छोड़ने आ रहे युवक की बाइक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। बुरी तरह कुचल जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा दोस्त गंभीर रूप से घायल है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। कोतवाली देहात के सराय अचल गांव निवासी रामेश्वर सिंह (41) पुत्र स्व. त्रिभुवननाथ सिंह रविवार की रात अपने दोस्त शहर के देना बैंक गली निवासी अनिल गुप्ता (35) को बाइक से छोड़ने शहर आ रहा था। रात करीब साढ़े नौ बजे वह पखरौली रोड पर सोनबरसा गांव के पास पहुंचा था कि लंभुआ की तरफ तेज रफ्तार में जा रही अज्ञात चार पहिया वाहन बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गई। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि रामेश्वर की वाहन से कुचल जाने के कारण तत्काल मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा दोस्त अनिल दूर जाकर गिरा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सराय अचल ग्राम प्रधान के जरिए रामेश्वर के परिजनों को सूचित करते हुए एंबुलेंस से अनिल को अस्पताल भेजा। इसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, अनिल की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। एसओ ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उस रोड पर कई दुकानों पर सीसीटीवी लगी है, जिसके जरिए वाहन का पता लगाया जाएगा।



शव घर पहुंचने पर रोते परिजन व इनसेट में रामेश्वर सिंह की फाइल फोटो।

# छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल का कारावास

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल पूर्व 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी से घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोपी महेन्द्र अग्रहरि को पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने सोमवार को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई।

एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक दोषी ने 12 जनवरी 2021 को घर में अकेली पाकर किशोरी से छेड़छाड़ किया था। पीड़िता के परिवार वालों की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने शनिवार को आरोपी महेन्द्र को दोषी ठहराया था, जिसकी सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने सोमवार को दोषी को तीन साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पर 21 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया। कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है।

### अधिवक्ता हत्याकांड में सुनवाई टली

**सुलतानपुर :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में सोमवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कि कोर्ट ने सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तारीख नियत की है। अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि, उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

## धोखाधड़ी समेत अन्य आरोप में केस दर्ज करने का आदेश

**संवाददाता, सुलतानपुर। अमृत विचारः** थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के खैराबाद निवासी दीवानी के अधिवक्ता मोहम्मद सलीम के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में सीजेएम नवनीत सिंह ने सिरवारा रोड निवासी मुश्ताक के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़ित अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि शाहगंज स्थित उसके मकान के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बड़ौदा ग्रामीण बैंक अलीगंज शाखा से मुश्ताक ने लोन के लिए अधिवक्ता के कूटरचित हस्ताक्षर बनाकर कूटरचित दस्तावेज दाखिल किए थे। थाने व एसपी के यहां से कारवाई न होने पर कोर्ट ने मोहम्मद सलीम की अर्जी पर संज्ञान लेते हुए केस दर्ज करने का आदेश दिया है।



# बिजली कटौती से आजिज लोगों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

- दो माह से केएनआई फीडर की आपूर्ति बदहाल, डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शहर के विनोबापुरी, सीता कुंड मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति दो माह से बेपटरी है। अघोषित कटौती आजिज आए मोहल्लेवासियों का धैर्य सोमवार को जवाब दे दिया। दर्जनों की संख्या में मोहल्लेवासी कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देते हुए आंदोलन की चेतावनी दी।

जनता दर्शन में मौजूद जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने एक आठ सदस्यीय प्रतितिनिधि मंडल से वार्ता किया। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि आप लोग आज आएंगे, इसलिए पहले ही अधीक्षण अभियंता को बुला रखा है। डीएम ने अपने सामने से मोहल्लेवासियों की समस्या से अधीक्षण अभियंता को अवगत कराया। कहा कि तत्काल बताओं कहा समस्या आ रही है। 24 घंटे के अंदर आपूर्ति व्यवस्था दुरूस्त कराओ। जिस पर अधीक्षण अभियंता ने मोहल्ले के लोगों से कहा कि सोमवार की शाम को ही वे, अधिशासी अधिकारी, जेई के साथ आप लोगों से मीटिंग करेंगे और समुचित निदान कराएंगे।



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे विनोबापुरी मोहल्ले के लोग। अमृत विचार

शहर का विनोबापुरी मोहल्ला व सीता कुंड वार्ड पाश एरिया में आता है। जहां हजारों की आबादी निवास करती है। यहां विद्युत आपूर्ति के लिए चार ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। बावजूद इसके पिछले दो महीनों से स्थानीय लोग बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। इसी को लेकर सोमवार को सैकड़ों लोगों को सड़क पर आकर प्रदर्शन करना पड़ा। मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को दिया गया है। इसमें उल्लेख है कि मोहल्ले वासियों को केएनआई फीडर से आपूर्ति दी जाती है। दो महीनों से स्थिति ये है कि शासन के निर्देश के अनुसार सप्लाई नहीं दी जा रही है। बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हैं। लगातार 12 घंटे सप्लाई मिल पाना टेढ़ी खीर हो रहा है।

यह भी आरोप ज्ञापन में लगाया कि जब भी अधिकारी और कर्मचारी से बात करने के लिए फोन लगाया जाता है तो सियूजी नंबर पर बात नहीं हो पाती। आरोप तो ये भी है कि अगर फोन उठ गया तो सही जवाब देने के बजाए लोगों को धमकाते हुए जवाब दिया जाता है।

### ये प्रमुख लोग रहे मौजूद

ज्ञापन देने वालों में सभासद अरुण तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता रूद्र प्रताप सिंह मदन, वरिष्ठ पत्रकार अनुराग द्विवेदी, लाल बहादुर मिश्र, मनोज कुमार मिश्र, शैलेंद्र पांडेय, पवन पाठक, स्वराज कृष्णा तिवारी, पिंटू सिंह, पुष्पेंद्र पांडेय, नागेंद्र सिंह, डा. दिनकर सिंह, अनिल सिंह, सुजीत कसौधन, सुमित पांडेय, रजनीश कुमार उपाध्याय, एससी दुबे, नितिन पांडेय, दीपक कुमार पांडेय, धर्मवीर सिंह, रवि प्रकाश मिश्र, दुर्गेश मिश्र, सुभाष दुबे, अरविंद पांडेय, डॉ अभिषेक पांडेय आदि मौजूद रहे।

## धर्म दर्शन

# बौद्ध पाली ग्रंथों में अयोध्या

बौद्धगया और पाटलिपुत्र के बौद्ध तीर्थो एवं सापना केन्द्रों में लिखे गए बौद्ध पाली ग्रंथों के अनुसार प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या का दीर्घ कालोपरान्त लगभग छठी शती ईसापूर्व में हुए तथागत बुद्ध से अत्यन्त महत्वपूर्ण संबंध रहा है, जिनमें उनकी कम से कम दो अयोध्या यात्राओं तथा प्रवचनों का विस्तृत विवरण बौद्ध साहित्य में उपलब्ध है। भगवान बुद्ध के अयोध्या से हार्दिक लगाव का अकाट्य प्रमाण "मज्झिम निकाय" में उनका एक संबोधन "कोसलक" (कोसलका वासी) है। बौद्ध पाली ग्रंथो में अयोध्या को "अयोज्झ" या "अयुज्झनगर" लिखा गया है, किंतु उसका सबसे लोकप्रिय नाम "साकेत" है। बुद्ध के समय अयोध्या अथवा साकेत की गणना बुद्धकालीन भारत के छः महानगरों में होती थी। ये नगर क्रमशः श्रावस्ती, साकेत, प्रतिष्ठान, राजगृह, वाराणसी तथा तक्षशिला हैं। तथाबुद्ध के अतिरिक्त बौद्धभिक्षु आनन्द (गौतम बुद्ध का चचेरा छोटा भाई) तथा प्रबुद्ध सारिपुत्र की साकेत या अयोध्या यात्राओं बौद्ध धर्म ग्रंथों में कई बार उल्लेख है। सारिपुत्र की गणना, बुद्ध के निकट शिष्यों एवं 'थेरवाद' के प्रमुख प्रचारकों में की जाती है। बौद्ध मूर्तिकला में सारिपुत्र को प्रायः तथागत बुद्ध की प्रतिमा के दाहिनी ओर चित्रित किया गया है। उल्लेखनीय ब्राह्मण वंशीय प्रकाण्ड बौद्ध चिन्तक भिक्षु सारिपुत्र की गणना बुद्ध के प्रारम्भिक प्रमुख शिष्यों में की जाती है।

ऐसा प्रतीत होता है कि बौद्ध लेखकों ने बिना साकेत या अयोध्या को यात्रा किए ही एक भयंकर भौगोलिक गलती कर दी और पाटलि पुत्र की भांति साकेत या अयोध्या को भी गंगा नदी का तटवर्ती लिख दिया है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यही भूल या गलती सातवीं शती में हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आए चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी की है। नेपाल की सीमा के निकटवर्ती श्रावस्ती (पूर्व के बहराईच एवं आज के श्रावस्ती (सेत-महेत) को, कोसल की दूसरी राजधानी के रूप में बसाने का श्रेय कोसलाधीश श्रीराम के पुत्र लव को है। बौद्ध ग्रंथ 'दीघ निकाय' के अनुसार बौद्ध धर्म के भिक्षुओं के द्वारा दक्षिण दिशा स्थित प्रतिष्ठान की यात्रा के समय श्रावस्ती से प्रस्थान के बाद पहिला पड़ाव या विश्रामस्थल साकेत (अयोध्या) की दूरी छः योजन या चौबीस कोस थी। बौद्ध साहित्य में सरयू को 'सरभ' कहा गया है। जैन आदि पुराण के अनुसार अपने भव्य प्रासादों (भवनों) के कारण पर फहराते ध्वज-पताकाओं के कारण ही अयोध्या को ही साकेत कहा गया। इसीलिए हिन्दू विष्णु पुराण में बौद्धों के 'साकेत' को ही 'साकेतु" कहा गया है।

# सामवेद और सामगान के स्वर

सामगान के स्वर-सामयोनि के मंत्रों का आश्रय लेकर ऋषियों ने गान मंत्रों की रचना की है। यह गान चार तरह के हैं- ग्राम गेय गान, जिसे प्रकृति गान तथा वेय गान भी कहते हैं। आरण्यक गान, ऊह गान, ऊह्य गान या रहस्य ज्ञान। इन गानों में वेयगान पूर्वार्चिक सामवेद के प्रथम पांच अध्याय के मंत्रों के ऊपर होता है। अरण्यगान, आरण्यपर्व के निर्दिष्ट मंत्रों पर ऊह और ऊह्य गान उत्तरआर्चिक में उल्लिखित मंत्रों पर मुख्यतः गाया जाता है। भिन्न शाखाओं में इन गानों की संख्या अलग-अलग है। सबसे अधिक गान जैमिनीय शाखा में मिलते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

भारतीय संगीत शास्त्र का मूल इन्हीं साम गानों पर आधारित है। सामगान की पद्धति का ज्ञान अत्यंत दुरूह है। एक तो यूं ही साम के जानने वाले कम हैं, उस पर सामगान को ठीक स्वर में गाने वालों की संख्या तो उंगलियों में गिने जाने लायक है। यदि गायक के गले में लोच हो और वह उचित मूर्छना, आरोह-अवरोह का विचार कर सामगान करे, तो मंत्रार्थ न जानने पर भी भावों की दिव्य अनुभूति हुए बिना नहीं रहती। नारद शिक्षा के अनुसार साम के स्वरमंडल में-सात स्वर, तीन ग्राम, इक्कीस मूर्छना तथा उनचास (49) तान हैं। इन सातों स्वरों की तुलना वेणु स्वरों से भी की गई है। साम गानों में यही सात तक के अंक तत्तत् स्वरों के स्वरूप को सूचित करने के लिए लिखे जाते हैं। सामयोनि के मंत्रों के ऊपर दिए गए अंकों की व्यवस्था दूसरे प्रकार की होती है। साम योनि मंत्रों को सामगानों के रूप में ढालने पर संगीतानुकूल शाब्दिक परिवर्तन भी किए जाते हैं, जिन्हें साम विकार कहते हैं जो विकार, विश्लेषण, विकर्षण, अभ्यास, विराम तथा स्तोभ के रूप में जाने जाते हैं।

साम गायन की पद्धति बहुत कठिन है। उसकी ठीक-ठीक जानकारी हो सके, इसके लिए बहुत सूक्ष्म अध्ययन अपेक्षित है। साधारण ज्ञान के लिए यह जान लेना काफी है कि साम गान के पांच भाग होते हैं। प्रस्ताव-यह मंत्र का प्रारंभिक भाग है, जो 'हुं' से प्रारंभ होता है। इसे प्रस्तोता नामक ऋत्विज् गाता है। उदगीथ-इसे साम का प्रधान ऋत्विज उद्गाता गाता है। इसके आरंभ में 'ओंम' लगाया जाता है। प्रतिहार-इसका अर्थ है, दो को जोड़ने वाला। इसे प्रतिहर्ता नामक ऋत्विज् गाता है। इसी के कभी-कभी दो टुकड़े कर दिए जाते हैं। उपद्रव-जिसे उद्गाता गाता है। निधन-जिसमें मंत्र के दो पद्यांश या ओम् रहता है। इसका गायन तीनों ऋत्विज प्रस्तोता, उदगाता तथा प्रतिहर्ता एक साथ मिलकर करते हैं।

उदाहरण के लिए सामवेद का प्रथम मंत्र- अग्न आया हि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि होता सत्सि बर्हिषि।। इस मंत्र के ऊपर जिस साम का गायन किया जायेगा, उसके पांचों अंग इस प्रकार होंगे। हुं ओग्नाइ (प्रस्ताव), ओम् आयाहि वीतये गृणानोहव्यदातये (उदगीथ), नि होता सत्सि बर्हिषि ओम् (प्रतिहार), इसी प्रतिहार के दो भेद होंगे जो दो प्रकार से गाये जायेगें।, निहोता सत्सि बर्हिषि (उपद्रव), बहिर्षि ओम्( निधन)।

## वर्ग पहेली-118

**बाएं से दाएं**

1. जिसपर दोष लगाया गया हो, अभियुक्त।
2. 1. पानी के कारण होने वाली नमी, ठंडक 2. सीलन, सील, तरी।
4. 1. पाने या लेने वाला 2. सरकार के अनुरोध पर किसी विवादास्पद संस्था का प्रशासन-भार संभालने वाला व्यक्ति, (रिसीवर)।
7. 1. वह स्त्री जिसका मानसिक संतुलन ठीक न हो 2. जेल में किसी प्रकार का ख़तरा उत्पन्न होने पर बजाई जाने वाली घंटी, खतरे की घंटी, (अलार्म)।
8. बादलों की घटा, मेघवाई, मेघ पंक्ति, घनघटा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. लाचार, दीन 2. परेशान, तंग 3. ऊबा हुआ, झुंझलाया हुआ।
3. 1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।
5. 1. डांट-डपट करने की क्रिया या भाव 2. घुड़की, डांट, झिड़की।
6. 1. गाय पालने वाली 2. ग्वाले की स्त्री; गोप पत्नी 3. ब्रज की स्त्रियाँ जो कृष्ण से प्रेम करती थीं 4. छिपने वाली 5. सारिवा नामक औषधि।



### वर्ग पहेली -117 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 गु | लें | दा | ■ | ■ | 2 दो |
| ■ | ■ | ■ | 3 फ़ा | ■ | ल |
| ■ | 4 सँ | ड़ | सी | ■ | त |
| 5 खी | ■ | ■ | वा | ■ | ■ |
| स | ■ | 6 नं | दी | मु | 7 ख |
| ना | ■ | ■ | ■ | ■ | टा |
| ■ | 8 खु | द | सि | ता | ई |

## सुडोकू -31

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | 7 | 3 |
| | | | 2 | | 5 | | | 9 |
| 9 | | | | | | 2 | | 8 |
| | 4 | | 5 | 7 | | | | 2 |
| | 2 | | 3 | | 9 | | 5 | |
| 3 | | | | 8 | 2 | | 6 | |
| 5 | | 6 | | | | | | 1 |
| 4 | | | 1 | | 3 | | | |
| 7 | 1 | | 9 | | | 4 | | |

### सुडोकू -30 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 5 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 08.42 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 05.27 तक तत्पश्चात कृतिका 3 जुलाई 4.40 तक।

**मेष** – आज आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अविवाहित लोगों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको सहकर्मियों से प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा।

**वृष** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। किन्तु परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके अनुकूल हो जायेंगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है।

**मिथुन** – आज निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आज आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनंद उठायेंगे।

**सिंह** – आज आप दूसरों का उपकार करने की सोचेंगे। लेकिन लोग आपका आभार व्यक्त नहीं करेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**कन्या** – आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

**तुला** – आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के समय मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा।

**धनु** – आज अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे। कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर** – आज दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। नए व्यावसायिक सम्पर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

**मीन** – आज किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। शाम के समय आप काफी हल्का महसूस करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
होते होते प्यार हो गया – सुबह : 11.47
सोचा न था – शाम : 05.40

&pictures
ग्रेट ग्रैंड मस्ती – सुबह : 11.16
लगान – रात : 07.30

Sony Pix
द सोशल नेटवर्क – सुबह : 07.25
गॉडजिला – रात : 09.00

Zee Cinema
काली का करिश्मा – दोपहर : 12.01
डी ब्लॉक – रात : 08.00

Colors Cineplex
हम तुमपे मरते हैं – सुबह : 08.18
बुड्ढा होगा तेरा बाप – रात : 09.01

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मोटू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं...
क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।

पति- क्या तुम जानती हो दुनिया में सबसे ज्यादा शरीफ कौन है?
पत्नी- दुनिया में सिर्फ वही लोग शरीफ हैं।
जिनके मोबाइल में पासवर्ड नहीं है।

लड़की ने प्यार से लड़के के सीने पर अपना सर रखा और बोली- जानू, आपका दिल कितना कुरकुरा है।
लड़का - अरे पगली, दिल कुरकुरा नहीं है, जेब में बीड़ी का बंडल पड़ा है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,476.19 | 24,141.95 |
| बढ़त | 443.46 | 131.35 |
| प्रतिशत में | 0.56 | 0.55 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 900 फ्लैग 1055 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# पहले कारोबारी दिन नई ऊंचाई पर बाजार

## बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा और निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा

**मुंबई, एजेंसी**



वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंक एवं आईटी शेयरों में लिवाली आने से सोमवार को पहले कारोबारी दिन मानक सूचकांक सेंसेक्स 443 अंक बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 131.35 अंक बढ़कर 24,141.95 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 24,164 तक पहुंच गया जो पिछले कारोबारी सत्र में हासिल 24,174 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर से मात्र 10 अंक कम है। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार ने अपनी तेजी को बरकरार रखा। अमेरिकी मुद्रास्फीति में कमी ने सितंबर में फेडरल रिजर्व की तरफ से दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ाई हैं। इस उम्मीद ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों के मजबूत प्रदर्शन में योगदान दिया। बीएसई के छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांक भी रिकॉर्ड स्तरों पर पहुंच गए।

### बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 443 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण सोमवार को बढ़कर 443.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह इसका अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। पूंजीकरण में यह उछाल सेंसेक्स के अपने नए शिखर पर पहुंचने के बीच आया है। बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन पर पड़ा और वह 4,43,05,344.36 करोड़ रुपये (5.31 लाख करोड़ डॉलर) के अपने नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान दे रही राज्य सरकार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- कृषि यंत्रों के लिए दो जुलाई से आवेदन कर सकेंगे किसान
- 16 जुलाई की रात 12 बजे तक ऑलाइन हो सकेगा आवेदन

**अमृत विचार:** किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के तहत राज्य सरकार ने दो जुलाई से 16 जुलाई तक की एक अवधि तय की है। इस दौरान राज्य के किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह कवायद प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू, (सीआरएम) योजना के तहत की जा रही है।

योजना के तहत कृषि यंत्रों जैसे- सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (सुपर एसएमएस), हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर, श्रेडर, मल्चर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लैशर, सरफेस सीडर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी. प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर



ड्रिल, क्रॉप रीपर ट्रैक्टर माउंटेड, सेल्फ प्रोपेल्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर और कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। इस क्रम में निर्धारित अवधि में विभागीय दर्शन पोर्टल https://www.agriculture.up.gov.in पर यंत्र पर अनुदान के लिए टोकन निकालना होगा।

### ई-लॉटरी की मिलेगी सूचना

ई-लॉटरी के लिए स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों के मध्य संबंधित जिला उप कृषि निदेशक द्वारा विभिन्न माध्यमों से सूचना दी जाएगी। निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर डीएम की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा।

कृषक परिवार (पति अथवा पत्नी में कोई एक) द्वारा एक वित्तीय वर्ष में योजना के तहत निर्धारित यंत्रों में से एक या एक से अधिक प्रकार के यंत्र लिए जा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 फीसदी व कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 80 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,850–55,050 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,300 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,300 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,600 |
| चांदी आभूषण | 89,400। |

## एअर इंडिया महाराष्ट्र में उड़ान संस्थान करेगी स्थापित

**मुंबई।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने महाराष्ट्र के अमरावती में एक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की सोमवार को घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य सालाना 180 वाणिज्यिक पायलट को प्रशिक्षित करना है। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेलोरा हवाई अड्डे पर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) लाइसेंस प्राप्त उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा संस्थान होगा। यह अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तैयार हो जाएगा।

## आरबीआई-आसियान त्वरित सीमापार खुदरा भुगतान के लिए मंच बनाएंगे

**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई और आसियान देशों ने सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक मंच बनाने का फैसला किया है। इस मंच के 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि वह 'प्रोजेक्ट नेक्सस' में शामिल हो गया है, जो घरेलू त्वरित भुगतान प्रणाली (एफपीएस) को आपस में जोड़कर सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के नवाचार केंद्र ने प्रोजेक्ट नेक्सस को तैयार किया है। प्रोजेक्ट नेक्सस का मकसद चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत के एफपीएस को जोड़ना है। भारत इस मंच का संस्थापक सदस्य और पहला प्रस्तावक देश होगा। इस आशय के एक समझौते पर बीआईएस और संस्थापक देशों के केंद्रीय बैंकों - बैंक नेगारा मलेशिया (बीएनएम), बैंक ऑफ थाईलैंड (बीओटी), बैंगको सेंट्रल एनजी फिलीपींस, मॉनेटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर और आरबीआई ने रविवार को स्विट्जरलैंड के बेसल में हस्ताक्षर किए हैं।

## बिजली खपत जून में करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट

**नई दिल्ली।** देश में बिजली खपत जून में सालाना आधार पर करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट रही। भीषण गर्मी के कारण घरों और दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का अत्यधिक इस्तेमाल इसकी मुख्य वजह रही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2023 में बिजली की खपत 140.27 अरब यूनिट थी। एक दिन में सर्वाधिक आपूर्ति (पूरी की गई अधिकतम मांग) भी जून 2024 में बढ़कर 245.41 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 223.29 गीगावाट थी।

## भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि जून में बढ़ी, रोजगार में रिकॉर्ड उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मई के पीएमआई 57.5 की अपेक्षा बढ़कर 58.3 हो गया

भारत के विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जून में तेज गति से बढ़ा है। अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच नए ठेके मिलने जारी रहे और इसके परिणामस्वरूप रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि हुई।

सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जून में बढ़कर 58.3 हो गया जो मई में 57.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। जून के आंकड़ों के अनुसार भारत में विनिर्माताओं की बिक्री में मजबूत वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत अंतर्निहित मांग, उच्च निर्यात और सफल विज्ञापन के कारण हुई। नए ठेके मिलने में लगातार बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप कंपनियों द्वारा भर्ती में तेजी आई। रोजगार सृजन की दर तेज हुई और मार्च 2005 में डेटा संग्रह शुरू होने के बाद से मजबूत रही।



### कमान संभालने के बाद पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद पर बोले थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

# भारतीय सेना सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है।

देश के 13 लाख सैनिकों वाले मजबूत बल की कमान संभालने के एक दिन बाद उन्होंने कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में नव नियुक्त सेना प्रमुख ने कहा कि सेना अनूठी अभियानगत चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे खतरों के लिए तैयार रहने के वास्ते यह महत्वपूर्ण है कि सैनिकों को आधुनिक हथियार मुहैया कराए जाएं। उन्होंने कहा-मुझे सौंपी गयी जिम्मेदारियों के प्रति, मैं पूरी तरह सजग हूं और मैं देश तथा सभी नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि भारतीय सेना सभी मौजूदा व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि वह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे।



जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में 30वें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। ● एजेंसी

### सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा के प्रतिबद्ध

जनरल द्विवेदी ने कहा कि वह सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा तथा पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा-यह सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता होगी कि भारतीय सेना के सभी अधिकारियों तथा सैन्य नागरिकों के हितों की रक्षा हो। उन्होंने कहा-भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति मेरी जिम्मेदारी एक पवित्र प्रतिबद्धता है और मैं इस विस्तारित परिवार को अपना पूर्ण सहयोग देता हूं। जनरल द्विवेदी ने साउथ ब्लॉक में अपने रस्मी स्वागत के मद्देनजर धार्मिक नेताओं के समूह से संक्षिप्त बातचीत की। मध्य प्रदेश के रीवा स्थित सैनिक स्कूल के छात्र रहे जनरल द्विवेदी 1984 में भारतीय सेना की जम्मू कश्मीर राइफल्स में शामिल हुए थे। जनरल द्विवेदी 19 फरवरी से सेना के उप-प्रमुख का कार्यभार संभाल रहे थे। वह उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे थे।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने की केसीआर की याचिका खारिज

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को बिजली क्षेत्र में कथित अनियमितताओं में जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग की वैधता पर सवाल उठाने वाली बीआरएस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने पिछली सरकार के फैसलों की जांच की जरूरत को सही ठहराने वाले सरकार के तर्क से सहमत होकर केसीआर द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना सरकार ने यदाद्री और भद्राद्री ताप विद्युत स्टेशनों के निर्माण में अनियमितताओं के आरोपों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के साथ बिजली खरीद समझौतों की जांच के लिए इस साल 14 मार्च को न्यायमूर्ति एल नरसिम्हा रेड्डी की अध्यक्षता में एक आयोग नियुक्त किया था।

## कोर्ट ने बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**भ्रष्टाचार, धनशोधन मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कविता की याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति शर्मा ने 28 मई को कविता की दो जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

कविता ने निचली अदालत के छह मई के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के भ्रष्टाचार मामले के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। बीआरएस नेता के वकील ने दलील दी की कि मामले में आरोपी बनाए गए 50 लोगों में कविता एकमात्र महिला हैं और अदालत से उनके महिला होने के नाते जमानत देने की गुहार लगाई। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता प्रभावशाली महिला है और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं।

कविता दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में है। यह घोटाला दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है, जिसे बाद में रद कर दिया गया था।

## एक नजर

### एक ही परिवार के पांच लोगों ने कर ली आत्महत्या

**अलीराजपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में सोमवार को एक दंपति और उनके तीन बच्चों के शव घर में लटके मिले। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस अधिकारी ने कहा-सोंडवा तहसील के रावड़ी गांव में पांच लोगों की मौत की सूचना सोमवार सुबह सात बजे मिली। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए अलीराजपुर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) की अगुवाई में एक टीम गठित की गई है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान राकेश डोडवा (27), उनकी पत्नी ललिता डोडवा (25) और उनके बच्चों लक्ष्मी (9), प्रकाश (7) और अक्षय (5) के रूप में हुई है।

### बारामूला में आतंवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर इलाके में आतंवादियों के एक संदिग्ध सहयोगी को पकड़ा है। पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के जवानों ने रविवार देर रात सोपोर में एक संयुक्त चौकी स्थापित की थी। अधिकारियों ने कहा, जांच में एक वाहन को रोका गया। तो चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया।

## पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली इसका लग गया है अंदाजा : खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्यसभा में चुटकी लेते हुए कहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के दौरान पिछले 10 साल के शासन को 'महज ट्रेलर' और 'पिक्चर अभी बाकी है' बताने वाले बयान के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उनके तीसरे कार्यकाल में पेपर लीक, जम्मू एवं कश्मीर में आतंकी हमले, ट्रेन दुर्घटना, हवाई अड्डों की छत के कुछ हिस्सों के ढहने और पुल गिरने की विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इनसे अंदाजा लग गया है कि उनकी आगे की 'पिक्चर' कैसी होने वाली है।

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कई बार कहा है कि 'पिछले 10 साल तो बस ट्रेलर थे, अभी असली तस्वीर बाकी है। खरगे ने चुटकी लेते हुए कहा, अब पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली है, पिछले एक महीने में अंदाजा लगा है। हाल की कई घटनाओं का उल्लेख करते हुए खरगे ने बताया कि पिछले एक महीने में



परीक्षा पेपर लीक, कई परीक्षाओं को रद करने, ट्रेन दुर्घटनाएं, जम्मू एवं कश्मीर में तीन आतंकी हमले, राम मंदिर में पानी का रिसाव, तीन हवाई अड्डों की छतों के कुछ हिस्सों का गिरना, टोल टैक्स में वृद्धि और रुपये में ऐतिहासिक गिरावट की घटनाएं हुई हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में पेपर लीक के कारण 30 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा-अगर ऐसा होता रहा तो छात्र अपनी पढ़ाई बंद कर देंगे। खरगे ने कहा कि पिछले सात वर्षों में, 70 बार पेपर लीक हुए हैं और इनसे दो करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उच्च सदन में विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार इस मामले पर कुछ नहीं कर रही है और संसद में इस मुद्दे को उठाने के लिए विपक्षी दलों को दोषी ठहराती है।

## फरीदाबाद में कांग्रेस नेता के भाई की गोली मारकर हत्या

**फरीदाबाद, एजेंसी**

- रंजिश के चलते वारदात को दिया गया अंजाम

फरीदाबाद में कांग्रेस के स्थानीय नेता ज्योतिंद्र भड़ाना (रिंकू) के छोटे भाई की रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब सवा 11 बजे मस्जिद चौक के पास गांव नवादा कोह के निवासी कुणाल भड़ाना की हत्या कर दी गई। ज्योतिंद्र भड़ाना की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, कुणाल अपने एक दोस्त के साथ मस्जिद चौक के पास खड़ा था तभी विजय, बिल्लू और दो अन्य वहां पहुंचे और उससे बहस करने लगे। ज्योतिंद्र ने बताया कि उनके भाई की विजय और बिल्लू के साथ पुरानी रंजिश थी।

कांग्रेस नेता ने शिकायत में कहा-भाई के दोस्त से सूचना मिलने के बाद मैं मौके पर पहुंचा। मैंने देखा कि बिल्लू ने मेरे भाई का हाथ पकड़ा हुआ था और विजय ने उसके सीने में गोली मार दी। इसके बाद वे कार से भाग गए। अन्य की मदद से मैं कुणाल को सेक्टर 21-ए स्थित एशियन अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद विजय, बिल्लू और दो अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## कोर्ट ने टीएमसी नेता साकेत गोखले पर लगाया 50 लाख का हर्जाना

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को टीएमसी नेता साकेत गोखले को स्विट्जरलैंड में संपत्ति खरीद को लेकर पूर्व राजनयिक लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी के खिलाफ अपमानजनक ट्वीट करने के लिए उनसे माफी मांगने और 50 लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश दिया। संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव की ओर से दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने टीएमसी सांसद को उनके द्वारा लगाए आरोप के संबंध में किसी भी सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मंच पर कोई भी सामग्री प्रकाशित करने से रोक दिया। कोर्ट ने आदेश में कहा कि आपत्तिजनक ट्वीट मानहानिकारक हैं और इससे वादी की प्रतिष्ठा को अनावश्यक कानूनी क्षति पहुंची है, जिसके लिए निवारण आवश्यक है।

## पश्चिम बंगाल में भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट पीटकर दी हत्या कर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। राज्य में भीड़ द्वारा किसी व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किये जाने की यह चौथी घटना है। इससे पहले 28, 29 और 30 जून को कोलकाता, सॉल्ट लेक और झारग्राम में भी ऐसी ही घटनाएं हुई थीं। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान हुगली जिले के तारकेश्वर इलाके के नैता मालपहाड़पुर ग्राम पंचायत के रहने वाले बिस्वजीत मन्ना के रूप में हुई है। हुगली (देहात) थाना पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस अपराध के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# जैन समुदाय के लिए उपासना का मांगा गया अधिकार

**इंदौर, एजेंसी**

**विवादित भोजशाला मसले में आया नया मोड़**

जैन समुदाय के एक व्यक्ति ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करके धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में अपने समुदाय के लोगों के लिए उपासना का अधिकार मांगा है।

याचिका में दावा किया गया है कि इस विवादित परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां देवी अम्बिका की मूर्ति स्थापित थी। दिल्ली के सामाजिक कार्यकर्ता सलेकचंद जैन की ओर से दायर इस रिट याचिका पर उच्च न्यायालय में इस हफ्ते सुनवाई हो सकती है। जैन के अधिवक्ता मनोहर सिंह चौहान ने सोमवार को यह



जानकारी दी। यह याचिका ऐसे वक्त में दायर की गई है, जब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर भोजशाला परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट अदालत में पेश करने की तैयारी में जुटा है। जैन की याचिका में दावा किया गया है कि भोजशाला परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां जैन मुनियों और विद्वानों द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती थी और इस परिसर में संस्कृत, प्राकृत और अन्य भाषाओं में ग्रंथों के अनुवाद का काम भी होता था, लिहाजा जैन समुदाय के लोगों को इस स्थान पर उपासना का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए।

याचिका में यह दावा भी किया गया है कि भोजशाला परिसर की जिस मूर्ति को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) की प्रतिमा बता रहा है, वह असल में जैन समुदाय की देवी अम्बिका (जैन यक्षिणी) की मूर्ति है जिसे धार के राजा भोज ने इस परिसर में 1034 ईस्वी में स्थापित किया था। याचिका में गुहार लगाई गई है कि लंदन के एक संग्रहालय में रखी इस मूर्ति को भारत वापस लाकर भोजशाला परिसर में फिर से स्थापित किया जाना चाहिए।

याचिका में कहा गया है कि भोजशाला परिसर और इसमें मिली मूर्तियों, शिलालेखों, कलाकृतियों आदि की वास्तविक उम्र पता लगाने के लिए केंद्र सरकार को ''रेडियोकार्बन डेटिंग'' पद्धति के इस्तेमाल के निर्देश दिए जाने चाहिए। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है।

# तीनों सफेद मिल गए, लाल बाकी है: द्रविड़

ब्रिजटाउन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 विश्व कप जीतने के कुछ घंटे बाद और अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी एक काम सौंपा है। द्रविड़ ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न के वीडियो में कोहली से कहा तीनों सफेद तो हासिल कर लिए, एक लाल बाकी है। उसे भी हासिल कर लो।

आईसीसी ने इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो डाला है। तीन सफेद से आशय टी-20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी है जो कोहली ने जीत रखे है। अब बस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतना बाकी है। भारत दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल (2021 में न्यूजीलैंड से और 2023 में आस्ट्रेलिया से) हार चुका है। 35 वर्ष के कोहली ने विश्व कप जीतने के साथ टी-20 क्रिकेट से विदा ले ली। वह द्रविड़ के इस बयान पर मुस्कुराकर रह गए। इस वीडियो में सूर्यकुमार यादव भी हैं जिन्होंने फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच लपका था। इस उपलब्धि को समझने में उन्हें कम से कम दो दिन लगेंगे। अभी कुछ महसूस नहीं हो रहा। समझ में नहीं आ रहा कि क्या कहूं। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा आत्मविश्वास से क्या हासिल नहीं हो सकता। भारतीय टीम फिलहाल बारबडोस में ही है क्योंकि तूफान बेरिल की चेतावनी के कारण उड़ान सेवाएं निरस्त हैं। भारतीय टीम को दुबई के रास्ते न्यूयॉर्क से अमीरात की उड़ान लेनी थी। एक सूत्र ने बताया कि टीम को चार्टर्ड उड़ान से वापिस लाया जा सकता है। भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ, परिवार और अधिकारियों समेत 70 सदस्य हैं।



# कार्तिक होंगे आरसीबी के बल्लेबाजी कोच, मेंटॉर

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपना बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद कार्तिक इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से आरसीबी के खिलाड़ियों को बल्लेबाजी के गुर सिखाते नजर आएंगे।

कार्तिक ने आरसीबी के बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्ति को लेकर जारी प्रेस विज्ञप्ति में एक बयान में कहा, पेशेवर स्तर पर कोचिंग करने का अवसर पाकर मैं काफी उत्साहित हूं। यह मेरे जीवन का एक नया अध्याय है। मैं उम्मीद करता हूं एक खिलाड़ी के तौर पर मिले अपने अनुभव आरसीबी को दे पाऊंगा। कार्तिक आईपीएल में कुल छह टीमों का हिस्सा रहे। उन्होंने में केकेआर के लिए कप्तानी भी की है।

# श्रीलंका दौरे पर जाएंगे नए कोच : शाह

ब्रिजटाउन, एजेंसी



- गौतम गंभीर के नाम की लगाई जा रहीं अटकलें
- तूफान के चलते बारबडोस में फंसी भारतीय टीम

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच इस महीने के आखिर में श्रीलंका में सीमित ओवरों की शृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राहुल द्रविड़ के जाने के बाद किसके नाम पर मुहर लगी है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के नाम की अटकलें लगाई जा रही है । क्रिकेट सलाहकार समिति ने गंभीर और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यू वी रमन के इंटरव्यू लिए हैं।

शाह ने कहा कि एक चयनकर्ता की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। शाह टी-20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज आए हैं जिसमें भारत ने फाइनल में श्रीलंका को सात रन से हराकर खिताब जीता। शाह ने कहा कोच और चयनकर्ता की नियुक्ति जल्द ही होगी। सीएसी ने दो उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए हैं और मुंबई जाने के बाद जो उनका फैसला होगा, हम उस पर अमल करेंगे। जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण जाएंगे लेकिन नया कोच श्रीलंका शृंखला से ही जुड़ेगा। टीम 27 जुलाई से तीन टी-20 और तीन वनडे खेलने श्रीलंका जाएगी। हार्दिक के प्रदर्शन और रोहित के बाद उनके कप्तान बनने की संभावना पर शाह ने कहा कप्तानी का फैसला चयनकर्ता करेंगे। सम्मान समारोह की बीसीसीआई योजना बना रही है लेकिन तूफान की चेतावनी के कारण बारबडोस हवाई अड्डा बंद है और टीम यहीं फंसी हुई है। शाह ने कहा हम भी यहां फंसे हुए हैं।

# भारतीय महिला टीम ने जीती शृंखला



दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय महिला टीम के खिलाड़ी व अन्य सदस्य। ● एजेंसी


ट्रॉफी के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर। ● एजेंसी

## टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया, राणा बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिये 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाये 9.2 ओवर में हासिल कर लिया।

भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था। पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा।

वोल्वार्ट ने पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी-20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। काप को दीप्ति शर्मा ने 31 के स्कोर पर पगबाधा आउट किया। वहीं स्नेह राणा ने डेल्मी टकर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। लंच के बाद सिनालो जाफ्टा रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि एन्ने डेर्कसन पांच रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार हुई। डि क्लेर्क और मसाबाटा क्लास ने 23 रन की साझेदारी करके टीम को पारी की हार से बचाया।

वहीं पहली पारी में भारत की शेफाली वर्मा (205) के एतिहासिक दोहरे शतक और स्मृति मंधाना (149) की शतकीय पारी की मदद से भारत ने छह विकेट पर 603 रन पर घोषित कर दी थी। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिये 292 रनों की रिकार्ड साझेदारी की। इसके बाद स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिए मुफीद चेपॉक की सपाट पिच पर मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली थी। स्नेह राणा के शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 603/6 (पारी घोषित)
दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 266/10

प्लेयर ऑफ द मैच: स्नेहा राणा

**द. अफ्रीका (फॉलोऑन) 373/10 (154.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लॉरा वुलवार्टर पगबाधा राजेश्वरी | 122 | 314 | 16/0 |
| ऐनेक बॉश पगबाधा दीप्ति | 9 | 18 | 2/0 |
| सुने लुस बो हरमनप्रीत | 109 | 203 | 18/0 |
| मारिजाने काप पगबाधा दीप्ति | 31 | 82 | 3/0 |
| डेलमी टकर का रोड्रिग्स बो राणा | 0 | 3 | 0/0 |
| नाडिने डि क्लार्क बो राजेश्वरी | 61 | 185 | 8/1 |
| सिनालो जाफ्ता का शुभा बो राणा | 15 | 36 | 2/0 |
| एन्नेरी डर्कसन पगबाधा वस्त्राकर | 5 | 17 | 1/0 |
| तुमी सेखुखुने रन आउट (राजेश्वरी) | 6 | 35 | 1/0 |
| मासाबाटा क्लास बो शेफाली | 2 | 33 | 0/0 |
| नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद | 1 | 5 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12, गेंदबाजी : रेणुका 10-1-30-0, राणा 40-12-111-2, वस्त्राकर 16-7-35-1, दीप्ति 45-10-95-2, राजेश्वरी 30 .4-12-55-2, शेफाली 3-1-7-1, हरमनप्रीत 10-0-31-1

**भारत दूसरी पारी 37/0 (9.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शुभा सतीश नाबाद | 13 | 26 | 1/0 |
| शेफाली वर्मा नाबाद | 24 | 30 | 3/1 |

गेंदबाजी : म्लाबा 5-0-18-0, टकर 4 .2-0-19-0

## खेल डायरी

### अफगानिस्तान की महिला क्रिकेटरों ने शरणार्थी टीम गठित करने का किया आग्रह

**मेलबर्न।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर उतरने का सपना संजोय ऑस्ट्रेलिया में आत्म-निर्वासन में रह रही अफगानिस्तान की 17 महिला क्रिकेटरों ने आईसीसी को पत्र लिख कर एक टीम गठित करने में मदद करने की मांग की है। तालिबान ने 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता हासिल करने के बाद महिला टीम को भंग कर दिया था। अफगानिस्तान की पुरुष टीम ने पहली बार टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाकर सुर्खियां बटोरी लेकिन तालिबान के राज से पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से अनुबंधित महिला खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में शरणार्थी के तौर पर रह रहीं हैं।

### इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर शुभंकर

**रोम।** पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा तीन होल के अंदर एक बोगी और एक डबल बोगी करने के बाद इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर रहे। शुभंकर तीसरे दिन के बाद चार खिलाड़ियों के साथ तालिका में शीर्ष पर थे लेकिन दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद वह पांचवें स्थान पर खिसक गये। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा। उन्होंने 13वें होल तक दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये थे लेकिन वह 14वें होल में डबल बोगी और 16वें होल में बोगी कर बैठे।

### भारतीय बधिर टीम ने टी-20 शृंखला जीती

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी-20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर शृंखला 5-2 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई।

### क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से हारा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया ने 3-2 से हरा दिया। भारतीय खिलाड़ी अब व्यक्तिगत मुकाबलों में भाग लेंगे। भारत ने मिश्रित युगल टीम में बदलाव करते हुए संस्कार सारस्वत के साथ श्रावनी वालेकर को उतारा। दोनों ने कांग खाइ किंग और एन मेइसाराह की जोड़ी को 21-16, 13-21, 21-17 से मात दी। इसके बाद तन्वी यार्मा ने सिति जुलैखा को एकल वर्ग में 21-15, 15-21, 22-20 से हराकर भारत की बढत दुगुनी कर दी। प्रणय शेट्टिगर को एकल वर्ग में मुहम्मद फैक ने 15-21, 21-18, 21-19 से मात दी। वालेकर और नव्या कंडेरी को बुइ ओंग शिन यि और कारमेन तिंग ने 21-16, 21-15 से हराया। लड़कों के युगल वर्ग में भार्गव एरिगेला और अर्श मुहम्मद को कांग और आरोन तेइ ने 21-18, 21-10 से शिकस्त दी।

### आनंद ने 10वीं बार जीता लियोन मास्टर्स खिताब

**लियोन (स्पेन)।** पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैंपियन बनें। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था। इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2 .5-1 .5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था।

### प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3 .5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

### ओसीए ईबी ने योग को शामिल करने पर जताई सहमति

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर सहमति जताई है और ओसीए की आमसभा से मंजूरी मिलने पर इसे खेलों में स्थान मिल जाएगा। उषा ने कहा कि ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने उन्हें ईबी के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने आईओए की विज्ञप्ति में कहा मुझे खुशी है कि ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने भारत के अनुरोध पर योग को वह मान्यता देने पर मंजूरी जताई है जिसका वह हकदार है। अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए आमसभा की खेल समिति के पास जाएगा।

# आईओए ईसी सदस्यों ने पेरिस यात्रा के लिए कोई भत्ता न लेने का किया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

- परिषद के सदस्यों ने कहा- एथलीटों से अधिक भत्ता लेने से होगा छवि को नुकसान

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद (ईसी) के सदस्यों ने पेरिस ओलंपिक के दौरान यात्रा भत्ता नहीं लेने का फैसला किया है। परिषद के सदस्यों को इस बात की चिंता है कि अगर वे पेरिस ओलंपिक के लिए एथलीटों से अधिक भत्ता स्वीकार करेंगे तो उनकी छवि को नुकसान होगा।

आईओए की कार्यकारी परिषद ने यह भी कहा कि वे विदेश यात्रा के लिए सरकारी धन पर निर्भर नहीं है क्योंकि सभी सदस्य अच्छी पृष्ठभूमि से आते हैं। बजट अनुमान के मुताबिक आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्यों को प्रतिदिन 300 डॉलर (लगभग 25,000 रुपये) मिलने थे। सदस्यों को उनकी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान आवास के लिए प्रति दिन अतिरिक्त 1000 डॉलर (लगभग 84,000 रुपये) भी मिलने थे। ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का भत्ता प्रति दिन 50 डॉलर तय किया गया था, जबकि ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल के लिए प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग से दो लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी। ईसी के एक सदस्य ने कहा हां, हमने इस मुद्दे पर चर्चा की। अधिकांश सदस्य इस बात पर सहमत थे कि हमें यह भत्ता स्वीकार नहीं करना चाहिए। इससे जनता में गलत संदेश गया है और इसे सुधारने की जरूरत है। ईसी के सभी सदस्य आर्थिक रूप से संपन्न हैं। उन्हें ऐसी यात्राओं के लिए सरकारी कोष पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।

# अलकराज ने जीत से शुरू किया सफर

लंदन, एजेंसी

गत चैंपियन कार्लोस अलकराज ने विंबलडन के पहले दौर में सोमवार को यहां क्वालीफायर मार्क लाजल पर सीधे सेटों में 7-6 (3), 7-5, 6-2 जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 269 वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी लाजल ने हालांकि शुरुआती दो सेट में स्पेन के खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। तीसरी वरीयता प्राप्त 21 साल के अल्काराज ने भी माना कि एस्तोनिया के खिलाड़ी ने उन्हें आश्चर्यचकित किया।

तीन सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन में अपनी तीसरी बड़ी चैंपियनशिप जीतने वाले अल्काराज ने पिछले साल विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह सोमवार के मैच से पहले घबराए हुए थे। उन्होंने कहा, जब मैं कोर्ट पर उतरा मेरे रोंगटे खड़े हो गए। मुझे पिछला साल याद आ गया। यह बहुत अच्छा एहसास था। पुरुष एकल के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से और आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने एलेक्स बोल्ट को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। गैर वरीयता प्राप्त कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 19वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस जैरी को 6-1, 7-5, 6-4 से हराया। मारिया सक्कारी ने महिला एकल के अपने शुरुआती मुकाबले में मेकार्टनी केसलर 6-3, 6-1 से आसानी से शिकस्त दी। पिछले महीने फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी अपने चौथे प्रयास में पहली बार विंबलडन के पहले दौर की बाधा को पार करने में सफल रही। इटली की इस खिलाड़ी ने सारा सोरिब्स टोर्मो को 7-5, 6-3 से हराया।


मेकार्टनी केसलर के खिलाफ शॉट लगातीं मारिया सक्कारी। ● एजेंसी

THE CHAMPIONSHIPS WIMBLEDON

# बजरंग ने लगाया आरोप, अहंकार में डूबा नाडा खत्म करना चाहता है मेरा करियर

नई दिल्ली, एजेंसी



- डोप टेस्ट के चलते पूनिया दो बार हो चुके है निलंबित

पहलवान बजरंग पुनिया ने सोमवार को आरोप लगाया कि खामियों को उजागर करने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की उनके करियर को खत्म करना चाहता है।

नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए नमूने नहीं दिये थे। डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) से हालांकि बजरंग को राहत मिल गयी थी लेकिन नाडा ने 24 जून को बजरंग को दूसरी बार निलंबित कर दिया था। एडीडीपी ने पहला निलंबन इस आधार पर हटा दिया था कि नाडा ने पहलवान को औपचारिक नोटिस देकर डोपिंग का आरोप नहीं लगाया था। नाडा ने उन्हें नोटिस जारी किया और उन्हें फिर से निलंबित कर दिया। बजरंग ने एक्स पर लिखा यह दर्शाता है कि नाडा मुझे कैसे निशाना बना रहा है, वे नहीं चाहते कि मैं किसी भी कीमत पर कुश्ती जारी रखू। उन्होंने दावा किया कि नमूना देने से इनकार नहीं किया, बल्कि केवल इस बात का जवाब मांगा था कि नाडा ने दिसंबर 2023 में नमूना संग्रह के लिए एक एक्सपायर हो चुकी किट क्यों भेजी थी। उनके पास कोई जवाब नहीं है और वे अपनी गलतियों की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते, वे सिर्फ अपने छुटकारे के लिए एथलीट को परेशान करना चाहते हैं।

# जॉर्जिया को हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में

यूरो 2024

**कोलोन (जर्मनी)।** शुरूआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दे दी थी। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।



## बेलिंगम के गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को हराया

**गेलसेनकिरचेन।** जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैड यूरो चैंपियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।


जीत के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

## कोपा कप 2024

### गोलरहित ड्रॉ के बाद इक्वाडोर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**ग्लेनडेल।** इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किए जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया। अब इक्पाडोर का सामना गुरुवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। वहीं, एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने ग्रुप बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया। वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिए हैं। कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना खेल रही थी जिन्हें मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर फिलीपींस ने किया दावा

# बढ़ा विवाद, चीन ने दूसरा पोत किया तैनात

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने अपने दूसरे विमान वाहक पोत शेनडोंग को फिलीपींस तट के नजदीक तैनात किया है और इसे इलाके में गश्त करते देखा गया है। चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब फिलीपींस ने विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर दावा किया है, जिस पर बीजिंग भी अपना दावा करता है।

चीन के सरकारी ग्लोबल टाइम्स समाचार पत्र में सोमवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, विमानवाहक



फिलीपींस के आइलेंड के निकट पहुंचा पोत।

पोत शेनडोंग, फिलीपींस के जलक्षेत्र में गश्त करता देखा गया। यह चीनी द्वीपों और टापुओं पर निरंतर फिलीपींस के उकसावे के खिलाफ एक प्रतिरोध के रूप में कार्य करता है। चीनी विशेषज्ञों के हवाले से अखबार ने कहा कि विमानवाहक पोत संभवतः एक निर्धारित अभ्यास पर है, जो

- बीजिंग का विध्वंसक पोत में कई एयरक्राफ्ट हैं तैनात

इसे पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संभावित सुदूर समुद्री यात्रा के लिए भी तैयार कर सकता है। शेनडोंग की तैनाती जनवादी मुक्ति सेना (पीएलए) द्वारा दक्षिण चीन सागर में बड़े और मध्यम विध्वंसक पोत सहित प्रमुख युद्धपोतों के साथ-साथ जल व थल पर जाने में सक्षम मुख्य जहाज को तैनात करने के बाद हुई है। यह कदम चीन का फिलीपींस के साथ समुद्र क्षेत्रीय संघर्ष बढ़ने के मद्देनजर उठाया गया है।

## दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ने गठबंधन सरकार की घोषणा की

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने अपने नए राष्ट्रीय कार्यकारी मंत्रिमंडल की घोषणा की। जिसमें राष्ट्रीय एकता सरकार (जीएनयू) बनाने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के मंत्री शामिल हैं। रामफोसा ने राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल शुरू होने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद यह घोषणा की, क्योंकि दोबारा चुनाव में उन्हें कम बहुमत प्राप्त हुआ है, इसलिए उनकी पार्टी, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस को तीन दशकों में पहली बार सत्ता साझा करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

### ब्रिटेन मे चुनाव



ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक प्रचार अभियान के तहत यूनाइटेड किंगडम के मिडलैंड्स में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां हेल्थ केयर वर्कर्स के साथ तस्वीर भी ली।

### एक नजर

#### आईएस के हमले में चार सीरियाई सैनिकों की मौत

**दमिश्क।** मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले में चार सीरियाई सैनिक मारे गए। स्थानीय रेडियो स्टेशन के अनुसार, यह हमला पूर्वी होम्स के रेगिस्तानी क्षेत्र में रविवार को ताल शिहाब के एक सैन्य ठिकाने पर हुआ। लंदन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने हमले की रिपोर्ट में कहा कि आईएस के लोगों ने सैन्य अड्डे को निशाना बनाने के लिए मध्यम और हल्के हथियारों का इस्तेमाल किया।

#### अल्बानिया के उपन्यासकार इस्माइल कादरे का निधन

**तिराना।** अल्बानिया के विश्व विख्यात उपन्यासकार इस्माइल कादरे का यहां स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके प्रकाशन के संपादक ने सोमवार को यह जानकारी दी। वह 88 साल के थे। साहित्य के नोबेल पुरस्कार के संभावित दावेदार के रूप में कादरे के नाम का उल्लेख लंबे समय से होता रहा है। ओनफ्री पब्लिशिंग हाउस के संपादक बुजर हुधरी ने कहा कि प्रसिद्ध लेखक का सोमवार सुबह निधन हो गया।

#### उत्तर कोरिया ने दागी दो बैलिस्टिक मिसाइल

**सोल।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को दक्षिण कोरिया की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। यह जानकारी दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ का हवाला देते हुए दी। रिपोर्ट में कहा गया कि कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ने लगभग 600 किलोमीटर (372 मील) की दूरी तय की, जबकि एक अन्य मिसाइल ने लगभग 120 किलोमीटर की दूरी तय की।

#### इजरायल में ड्रोन हमले में 18 सैनिक घायल

**गाजा।** इजरायल के उत्तरी शहर गोलान हाइट्स में एक ड्रोन हमले में 18 इजरायली सैनिक घायल हो गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। आईडीएफ ने रविवार को टेलीग्राम पर कहा कि सोमवार सुबह उत्तरी गोलान हाइट्स में एक विस्फोटक ड्रोन हमले में एक आईडीएफ सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया और 17 सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। लेकिन आईडीएफ ने यह नहीं बताया कि ड्रोन का प्रक्षेपण किसने किया या यह कहां से आया। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब हो गई। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके रोजाना सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर गोलीबारी करते हैं।

# अमेरिकी सांसद बोले- हिंदुओं के प्रति घृणा नहीं करेंगे बर्दाश्त

## सांसदों ने हिंदुओं को भेदभाव और हिंदूफोबिया के प्रति किया आश्वस्त

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में हिंदूफोबिया, अल्पसंख्यक, हिंदू समुदाय के विरुद्ध बढ़ते भेदभाव को लेकर आवाज तेज होती जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख अमेरिकी सांसदों ने इसके खिलाफ भारतीय अमेरिकियों को अपना समर्थन देने का वादा किया है। हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी और अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करने से है। सांसदों ने कहा हिंदुओं के प्रति घृणा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) द्वारा आयोजित तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस में 28 जून को कई हिंदू छात्रों, शोधार्थियों और सामुदायिक नेताओं ने भाग लिया तथा अमेरिका में रहने वाले हिंदुओं की चिंताओं पर चर्चा की। कांग्रेस सदस्य थानेदार ने वाशिंगटन में एक दिवसीय समर्थन दिवस में अपने संबोधन में कहा हम यहां हैं और हम लड़ रहे हैं। थानेदार ने कहा आप सभी के पास जो आवाज है, वही आवाज कांग्रेस में हिंदू समुदाय के पास है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य थानेदार ने सदन में हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा वाला प्रस्ताव पेश किया है। इसमें हिंदू अमेरिकी समुदाय के योगदान की सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि वे हिंदूफोबिया, भेदभाव या नफरत के अन्य रूपों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।



तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस पर भारतीयों के साथ उपस्थित सांसद। ● एजेंसी

#### हिंदू समुदाय के साथ खड़े हैं रिपब्लिकन सांसद

कांग्रेस सदस्य रिच मैककॉर्मिक ने नीति निर्माण में हिंदू अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी समुदाय की निरंतर बढ़ती भागीदारी और अमेरिका के भविष्य को बदलने की इसकी क्षमता का स्वागत किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने हिंदू अमेरिकियों के योगदान का सम्मान करते हुए सदन के प्रस्ताव 1131 के प्रति अपने समर्थन की ओर ध्यान आकर्षित किया। रिपब्लिकन पार्टी के कांग्रेस सदस्य ग्लेन ग्रोथमैन ने समुदाय के साथ एकजुटता व्यक्त की। कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने पिछले दशक में समुदाय का समर्थन बढ़ने का जिक्र किया।

## विरोध-प्रदर्शन का वीडियो पोस्ट करने पर दो पत्रकार गिरफ्तार

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया में अधिकारियों ने एक सरकारी कार्यक्रम में दुर्व्यवहार की शिकार महिला व्यवसायियों के विरोध प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट करने के लिए दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया। राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने के चार वर्ष पहले सत्ता में आने के बाद से पत्रकारों को कथित रूप से दमन का सामना करना पड़ रहा है। देश में मामूली आरोपों पर लंबे समय तक जेल की सजा भी हो सकती है।

कानूनी शुल्क बढ़ने के कारण कई समाचार प्रतिष्ठान भी बंद हो चुके हैं। स्थानीय निगरानी समूह नेशनल कमेटी फॉर द लिबरेशन ऑफ डिटेनी की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार समाचार वेबसाइट अल्जीरी स्कूप से संबंधित पत्रकार सोफियानी घिरोस और फरहत उमर को पिछले सप्ताह उकसाने वाली और नफरत फैलाने वाली भाषा के वीडियो प्रसारित करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। महिला स्टार्टअप संस्थापकों ने वीडियो में शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय द्वारा आयोजित एक नवाचार कार्यक्रम के दौरान सरकार पर उन्हें अपमानित और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया।

# पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से 18 कैदी भागे एक की गोली से मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी, जबकि तीन कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) स्थित एक जेल से कम से कम 18 खतरनाक अपराधी एक सुरक्षाकर्मी पर हमला करने के बाद फरार हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फरार कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना शुक्रवार को रावलकोट जेल में हुई जब एक कैदी ने सुरक्षाकर्मी को पिस्तौल का भय दिखाकर जेल की चाबियां छीन लीं।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि फरार होने वाले 18 कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी जबकि तीन अन्य कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि फरार होने की कोशिश कर रहे एक अन्य कैदी की गोली लगने से मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि वह (कैदी) पांच वर्ष कैद की सजा काट रहा था। पुलिस ने इलाके में व्यापक खोज अभियान शुरू किया है।

**जेल प्रमुख तथा कुछ अन्य अधिकारि बर्खास्त :** इस बीच, अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी और जेल प्रमुख तथा कुछ अन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि कुछ अधिकारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। समा टीवी की खबर के अनुसार, रावलकोट जेल के उपाधीक्षक समेत सात अधिकारियों को हिरासत में लेकर सुरक्षा उल्लंघन की जांच शुरू कर दी गई है। खबर के मुताबिक, सुरक्षा चूक के मद्देनजर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की सभी जेलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सरकार ने कैदियों के फरार होने के कारणों की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन का अनुरोध किया है।

# ट्रंप का मामला निचली अदालत में वापस भेजा

वाशिंगटन, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने मुकदमे में छूट से जुड़े मामले की सुनवाई की

अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमे से छूट से जुड़े मामले को सुनवाई के लिए वापस निचली अदालत में भेज दिया है। इस कदम से ट्रंप के खिलाफ वाशिंगटन आपराधिक मामले में सुनवाई लंबी खिंच सकती है और इससे यह संभावना समाप्त हो गई कि पूर्व राष्ट्रपति पर नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मुकदमा चलाया जा सकता है।



ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश रची थी। न्यायाधीशों ने 6-3 के ऐतिहासिक फैसले में पहली बार कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों को उनके आधिकारिक कृत्यों के लिए मुकदमे से पूर्ण छूट है, लेकिन अनाधिकारिक कृत्यों के लिए कोई छूट नहीं है। हालांकि, न्यायाधीशों ने निचली अदालत को आदेश दिया कि वे यह तय करे कि ट्रंप के मामले में निर्णय को कैसे लागू किया जाए। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं पूर्व राष्ट्रपति ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है और दावा किया है कि यह अभियोजन और तीन अन्य मामले उन्हें व्हाइट हाउस में वापस आने से रोकने के लिए राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। मई में, ट्रंप न्यूयॉर्क की अदालत में एक अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बने। उन्हें 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान एक पोर्न अभिनेत्री को पैसे दिये जाने के प्रकरण को छिपाने के लिये कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का दोषी पाया गया था।

## श्रीलंकाई नेता संपन्थन का निधन, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

**कोलंबो।** श्रीलंका में तमिल नागरिकों के लिए शांति, न्याय और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करने वाले उदारवादी तमिल नेता आर संपन्थन का रविवार रात निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था।

संपन्थन ने 2004 से तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) का नेतृत्व किया और सिंहली बहुल देश में मुख्य विपक्षी नेता बनने वाले दूसरे तमिल बने। वह लंबे समय से बीमार होने के कारण संसद के मौजूदा सत्र में शामिल नहीं हो रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीलंकाई तमिल नेता के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा टीएनए के अनुभवी नेता आर संपन्थन के परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मोदी ने लिखा उनके साथ हुई मुलाकातों की यादें हमेशा संजोकर रखूंगा।

# पेरिस में प्रदर्शन, आंसू गैस के गोले छोड़े

पेरिस, एजेंसी

पेरिस में प्रदर्शन के दौरान ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का उपयोग किया। यह जानकारी आरआईए नोवोस्ती ने सोमवार को दी। फ्रांस में संसदीय चुनावों के पहले दौर के पहले नतीजों की घोषणा के बाद पेरिस के प्लेस डे ला रिपब्लिक में प्रदर्शन शुरू हुआ। विरोध प्रदर्शन में एक हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

- ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों ने दिया भड़काऊ भाषण

प्रदर्शन कई घंटों तक शांतिपूर्ण रहा, फिर एकाएक ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथी युवा कार्रवाई में शामिल हो गए। कट्टरपंथियों ने पुलिस के खिलाफ भड़कना शुरू कर दिया, कूड़ेदानों में आग लगा दी और कैफे की खिड़कियां तोड़ दीं। धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी पहले दौर के चुनाव में 34.2% के साथ आगे चल रही है, इसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ का मध्यमार्गी गठबंधन क्रमशः 29.1% और 21.5% पर है।



पेरिस की सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग।

#### मैक्रों का निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी का मुकाबला करने के लिए अपनी टीम को देश के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश दिया है। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने रविवार को कहाकि पहले एग्जिट पोल के अनुसार, नेशनल रैली 34 .2 प्रतिशत के साथ पहले दौर के चुनावों में आगे चल रही है, उसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन 29 .1 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्री मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन 21 .5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। श्री मैक्रों कथित तौर पर चुनावों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को एलीसी पैलेस में एक रणनीतिक बैठक करेंगे।

## सिंगापुर में विपक्षी नेता प्रीतम सिंह वर्कर्स पार्टी के पुनः महासचिव बने

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह को वर्कर्स पार्टी का महासचिव पुनः निर्वाचित किया गया है। पुनः निर्वाचित चेयरवुमैन सिल्विया लिम की अगुवाई में कुल 14 सदस्यों ने केंद्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) के लिए वोट दिया जो वर्कर्स पार्टी की शीर्ष निर्णय निर्धारण संस्था है। सिंह (48) को रविवार को निर्विरोध चुन लिया गया। वह 2018 से पार्टी के महासचिव हैं। सिंह ने पत्रकारों से कहा शानदार नतीजे।

हम अगले दो साल इस सीईसी के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। चैनल न्यूज एशिया ने सिंह के हवाले से कहा यह उम्मीदवारी के बारे में नहीं था, यह पार्टी का आंतरिक चुनाव था इसलिए मेरी टिप्पणियां उस तक ही सीमित रहेंगी। मीडिया की खबरों में कहा गया है कि दो साल के लिए चुने जाने वाली वर्कर्स पार्टी की सीईसी सिंगापुर के अगले आम चुनाव के लिए तैयार है जो नवंबर 2025 तक होने हैं लेकिन इन्हें इससे पहले भी कराया जा सकता है।

### बॉलीवुड हलचल

## अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 एडी अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ देखी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित फिल्म कल्कि 2898 एडी 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है।'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इस फिल्म ने अब तक 555 करोड़ का ग्रॉस कारोबार कर लिया है।अमिताभ बच्चन ने इस फिल्म में अश्वत्थामा का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी देख ली है। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि रविवारों का रविवार। बड़े पर्दे पर कुछ दोस्तों के साथ कल्कि देखी है। इसको पहली बार देखा। आईमैक्स में थिएटर्स का माहौल, खूबसूरती और सुविधाएं काफी प्रभावशाली थीं। सालों से बाहर नहीं निकला था, लेकिन प्रगति देखने के लिए बाहर निकलना बहुत संतोषजनक था।

## 13 सितंबर को रिलीज होगी करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स, 13 सितंबर को रिलीज होगी। करीना कपूर इन दिनों हंसल मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। बालाजी मोशन पिक्चर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए हैं और साथ ही इसकी रिलीज डेट भी बता दी है। पोस्ट शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। फिल्म द बकिंघम मर्डर्स एक मर्डर मिस्ट्री है। इस फिल्म में करीना कपूर खान के साथ रणवीर बरार, कीथ एलन और ऐश टंडन समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं। वहीं, इस फिल्म को शोभा कपूर, एकता कपूर और करीना कपूर ने प्रोड्यूस किया है और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर, राघव राज कक्कड़ ने इसे लिखा है।



## 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी नखरेवाली

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार आनंद एल राय की आने वाली फिल्म नखरेवाली, 14 फरवरी 2025 में रिलीज होगी फिल्म नखरेवाली का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म नखरेवाली के नये पोस्टर में अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव किस करते नजर आ रहे हैं। आनंद एल राय के कलर येलो प्रोडक्शंस और जियो स्टूडियोज के बीच दूसरा कॉलोबोरेशन होगा। फिल्म का निर्देशन राहुल शांकल्या कर रहे हैं, वहीं इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा लिख रही हैं।

## जापान ने नए एच3 रॉकेट से पृथ्वी निगरानी उपग्रह किया प्रक्षेपित

**तोक्यो।** जापान ने सोमवार को एक नया महत्वाकांक्षी एच3 रॉकेट प्रक्षेपित करने के साथ ही आपदा प्रतिक्रिया और सुरक्षा के लिए एक उन्नत पृथ्वी निगरानी उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात कर दिया। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने बताया कि एच3 नंबर 3 रॉकेट ने दक्षिण पश्चिमी जापान के एक द्वीप पर तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 16 मिनट बाद तय योजना के अनुसार अपना पेलोड (उपग्रह) छोड़ा। उन्नत भूमि निरीक्षण उपग्रह या एएलओएस-4 को आपदा प्रतिक्रिया तथा मानचित्रण के लिए पृथ्वी की निगरानी करने तथा डेटा एकत्रित करने का काम सौंपा गया है। यह सैन्य गतिविधि जैसे कि मिसाइल प्रक्षेपण पर नजर रखने में भी सक्षम है। पहले यह प्रक्षेपण रविवार को किया जाना था लेकिन खराब मौसम के कारण इसमें देरी हुई।

### नियुक्ति — 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को दिया गया पद

# ऑस्ट्रेलिया में दूसरी महिला गवर्नर जनरल नियुक्त

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को सैम मोस्टिन को अपना गवर्नर जनरल नियुक्त किया। 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को इस पद पर नियुक्त किया गया है। यह, वर्ष 2022 में महाराजा चार्ल्स तृतीय का कार्यकाल शुरू होने के बाद से इस तरह की पहली ऑस्ट्रेलियाई नियुक्ति है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी सरकार की ओर से भी यह पहली नियुक्ति है।

लेबर पार्टी सरकार ब्रिटिश क्राउन के स्थान पर ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रपति को राष्ट्र प्रमुख के रूप में नियुक्त करना चाहती है। कारोबारी महिला और लैंगिक समानता की पक्षधर सैम मोस्टिन ने ऑस्ट्रेलिया की 28वीं गवर्नर जनरल के रूप में शपथ ली। वर्ष 1901 के बाद से यह दूसरी बार है जब इस पद पर कोई महिला आसीन हुई है। वह 2005 में ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग की पहली महिला कमिश्नर भी रह चुकी हैं। नयी भूमिका में अपने पहले भाषण में मोस्टीन ने ऑस्ट्रेलिया की पहली महिला गवर्नर-जनरल क्वेंटिन ब्राइस को उद्धृत किया।

**मोस्टीन ने कहा मैं एक आशावादी गवर्नर जनरल बनूंगी :** मोस्टीन ने कहा मैं एक आशावादी, आज के दौर के साथ चलने वाली और सभी की पहुंच में रहने वाली गवर्नर-जनरल बनूंगी। मैं उस सेवा और योगदान के लिए प्रतिबद्ध रहूंगी जिसकी अपेक्षा ऑस्ट्रेलिया के सभी लोग करते हैं। मोस्टीन ने कहा कि उन्होंने इस भूमिका के बारे में जानने के लिए उन सभी पांच पूर्व गवर्नर जनरल से बातचीत की जो कि अभी जीवित हैं, जिनमें ब्राइस भी शामिल हैं। ब्राइस को लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा नियुक्त किया गया था और वे 2008 से 2014 तक इस पद पर रहीं।

